भोपाल
सोमवार, 27 अक्टूबर 2025
डाला छठ -06
वर्ष : 12, अंक : 206
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 22
न्यून. 21

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

जल जीवन मिशन से बदली तस्वीर

## 15.72 करोड़ घरों तक पहुंचा नल का पानी



**नई दिल्ली।** देश में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की दिशा में जल जीवन मिशन ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। 22 अक्टूबर तक इस मिशन के तहत 15.72 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल की सुविधा मिल चुकी है, जो ग्रामीण भारत के 81 प्रतिशत से अधिक घरों को कवर करता है। गौरतलब है कि पीएम मोदी ने 15 अगस्त 2019 को इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत की ▸▸शेष पेज 6 पर




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### औरंगाबाद नहीं 'छत्रपति संभाजीनगर' कहिए

**मुंबई।** दक्षिण मध्य रेलवे ने एक ऐतिहासिक घोषणा करते हुए 'औरंगाबाद रेलवे स्टेशन' का नाम



बदलकर 'छत्रपति संभाजीनगर रेलवे स्टेशन' कर दिया है। रेलवे ने बताया कि यह नाम परिवर्तन औपचारिक रूप से लागू कर दिया गया है।

### संत प्रेमानंद के दर्शन को उमड़ा आस्था का सैलाब

**मथुरा।** वृंदावन में शनिवार की रात वृंदावन में श्रद्धा और आस्था का ऐसा दृश्य देखने को मिला



जैसा पहले कभी नहीं देखा गया था। प्रेमानंद महाराज के दर्शन के लिए एक से डेढ़ लाख भक्त वृंदावन पहुंचे। दो किलोमीटर लंबी सड़क पर पैर रखने तक की जगह नहीं थी।

### एसबीआई 3500 ऑफिसर पदों पर करेगा नियुक्तियां

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक अपने परिचालन को मजबूत करने और देश भर में सेवा वितरण को



बेहतर बनाने के लिए लगभग 3,500 अधिकारियों की नियुक्ति करने जा रहा है। एसबीआई के उप प्रबंध निदेशक ने एक साक्षात्कार में ये जानकारी दी।

### दिल्ली में छात्रा पर एसिड अटैक, दोनों हाथ जले

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुकुंदपुर इलाके में रविवार को दिल्ली विवि की एक 20 वर्षीय छात्रा पर एसिड



अटैक का मामला सामने आया है। पीड़िता को गंभीर रूप से जलने के कारण भर्ती किया गया। पीड़िता द्वितीय वर्ष की छात्रा है। कॉलेज जाते समय हमला हुआ।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदान किए एमपी एक्सीलेंस अवार्ड-2025

# बहनें अब जॉब सीकर नहीं, जॉब क्रिएटर बन रहीं

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बहनें अब जॉब सीकर नहीं, जॉब क्रिएटर बन रही हैं। उद्योग और निवेश के क्षेत्र में महिलाएं वह आत्मविश्वास लेकर आई हैं, जो आने वाले वर्षों में मप्र को आत्मनिर्भर भारत का ग्रोथ इंजन बनाएगा।

प्रदेश के 47 प्रतिशत से अधिक स्टार्टअप में महिलाओं की हिस्सेदारी है। लखपति दीदी योजना से प्रदेश की एक लाख से अधिक महिलाएं प्रतिवर्ष एक लाख से अधिक की ▸▸शेष पेज 6 पर

*कृषि-उद्योग, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण के साथ बायोटेक और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में भी अब पहचान बना रही हैं महिलाएं*

*मुख्यमंत्री ने सभी को छठ पूजा की शुभकामनाएं भी दी*



### 5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों से लगभग 62 लाख बहनें जुड़ी

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों से लगभग 62 लाख बहनें जुड़कर न सिर्फ अपने घर की आर्थिक स्थिति सुधार रही हैं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुधारने में भी अपना योगदान दे रही हैं। ग्रामीण अंचलों में स्व-सहायता समूह अब उत्पादन, पैकेजिंग, मार्केटिंग और डिजाइनिंग के क्षेत्र में कदम रख चुके हैं। प्रदेश की महिलाएं कृषि-उद्योग, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र निर्माण, बायोटेक और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में भी अपनी पहचान बना रही हैं।

22 वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में बोले पीएम मोदी, एक्ट ईस्ट नीति का किया जिक्र

# 21वीं सदी हमारी...भारत आसियान के साथ हर मुश्किल में मजबूती से खड़ा

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22वें आसियान (एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट एशिया नेशंस) -भारत शिखर सम्मेलन 2025 में वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने थाईलैंड की क्वीन मदर के निधन पर संवेदना प्रकट की और आसियान देशों के साथ भारत के सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि अनिश्चितता के इस दौर में भारत-आसियान व्यापक रणनीतिक साझेदारी निरंतर मजबूत हुई है।

हमारी मज़बूत साझेदारी वैश्विक स्थिरता और विकास का आधार बनकर उभर रही है। पीएम मोदी ने 2026 को आसियान-भारत समुद्री सहयोग का वर्ष भी घोषित किया। पीएम मोदी ने कहा कि इस वर्ष आसियान शिखर सम्मेलन का विषय 'समावेशीपन और स्थिरता' है। यह विषय हमारे साझा प्रयासों में स्पष्ट रूप से दिखती है, चाहे वह डिजिटल समावेशन हो या वर्तमान चुनौतियों के बीच खाद्य सुरक्षा और लचीली आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित ▸▸शेष पेज 6 पर

*मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आसियान समिट की शुरुआत हो गई, यह समिट दक्षिण-पूर्व एशिया के 10 देशों का बड़ा मंच है, जहां व्यापार, सुरक्षा, शिक्षा और संस्कृति जैसे मुद्दों पर बात होगी। लेकिन, अब इसके सदस्य देशों की संख्या 10 से बढ़कर 11 हो गई है। ईस्ट तिमोर को आधिकारिक रूप से 11वें सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।*

**2026** आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष घोषित




**थाईलैंड** की क्वीन मदर के निधन पर संवेदना प्रकट की

### सांस्कृतिक संबंधों का किया जिक्र

पीएम मोदी ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत और आसियान मिलकर विश्व की लगभग एक-चौथाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं। हम न केवल भूगोल साझा करते हैं, बल्कि गहरे ऐतिहासिक संबंधों और साझे मूल्य के जोड़ से जुड़े हुए हैं। हम वैश्विक दक्षिण का हिस्सा हैं। हमारे बीच न केवल व ▸▸शेष पेज 6 पर

### मलयेशियाई प्रधानमंत्री को बधाई दी

पीएम मोदी ने कहा कि मलयेशियाई प्रधानमंत्री और मेरे मित्र अनवर इब्राहिम आपने मुझे आसियान परिवार में शामिल होने का अवसर दिया, इसके लिए मैं बहुत खुश हूं। मैं आपको इस सफल शिखर ▸▸शेष पेज 6 पर

पीएम मोदी ने 'मन की बात' में ग्वालियर के बीएसएफ डॉग ट्रेनिंग सेंटर का किया जिक्र

### भारतीय नस्ल के श्वानों के बढ़ते उपयोग पर संतोष जताया

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात की 127वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित करते हुए भारतीय नस्ल के श्वानों (डॉग्स) के बढ़ते उपयोग पर संतोष जताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि करीब 5 वर्ष पहले उन्होंने भारतीय नस्ल के डॉग्स को अपनाने की अपील की थी और अब इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारतीय नस्ल के श्वान हमारे परिवेश ▸▸शेष पेज 6 पर

गाली और धमकी देकर हमलावर फरार

# अनूपपुर में जज के सरकारी घर पर देर रात की गई 'पत्थरबाजी'

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ अनूपपुर**

अनूपपुर जिले के कोतमा न्यायालय में पदस्थ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड अमनदीप सिंह छाबड़ा के सरकारी आवास



पर देर रात कुछ अज्ञात हमलावरों ने जमकर उपद्रव मचाया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते ▸▸शेष पेज 6 पर

### दतिया में पुलिस टीम को लाठी डंडों से पीटा छीने पर्स-मोबाइल

**दतिया।** डीपार थाना पुलिस की टीम पर ग्राम जरा में उस वक्त हमला कर दिया गया, जब टीम एक मारपीट प्रकरण की विवेचना के लिए मौके पर पहुंची थी। आरोपियों ने लाठी-डंडों से पुलिस पर हमला कर दिया, जिसमें ▸▸शेष पेज 6 पर

गैंगरेप के आरोपी का ये दुस्साहस

# मऊगंज में रेप पीड़िता के पिता का बंदूक की नोक पर अपहरण

*आरोपी 3 महीने से दे रहा था धमकी*

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रीवा/मऊगंज**

मऊगंज में नाबालिग गैंगरेप पीड़िता के पिता का फिल्मी अंदाज में बंदूक की नोक पर अपहरण कर लिया गया। रेप के आरोपी ने ही इस वारदात को अंजाम दिया।

घटना से गुस्साए लोगों ने हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। घटना



शनिवार रात 9 बजे की है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही पंकज सोनी ने स्कॉर्पियो से नाबालिग के पिता का अपहरण किया है। हाईवे पर जाम की सूचना मिलते ही मऊगंज ▸▸शेष पेज 6 पर

पूर्व विधायक चतुर्वेदी की बिगड़ी तबीयत

## एयरलिफ्ट कर दिल्ली के मेदांता भेजा, इलाज जारी



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल**

भिंड विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व उपाध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी की तबीयत भिंड में शनिवार देर रात अचानक गंभीर रूप से बिगड़ गई। उनको भिंड से ग्वालियर के बिरला अस्पताल ▸▸शेष पेज 6 पर

भिंड में दलित युवक की हत्या

## परिजनों ने आरोपी के घर में की तोड़फोड़, लगाई आग



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिंड**

जिले में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने शनिवार देर रात हिंसक रूप ले लिया। दबोह थाना क्षेत्र के रायपुरा-रिनियां गांव के पास लाठी-डंडों से की गई बर्बर पिटाई में एक दलित युवक की मौत ▸▸शेष पेज 6 पर

फंदे पर लटका मिला शव

## जुजित्सु खिलाड़ी रोहिणी कलम ने की आत्महत्या



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ देवास**

अंतरराष्ट्रीय जुजित्सु खिलाड़ी और मार्शल आर्ट कोच रोहिणी कलम (35), निवासी अर्जुन नगर राधागंज ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रोहिणी आष्टा में एक निजी स्कूल में मार्शल आर्ट कोच के ▸▸शेष पेज 6 पर

## आज घाटों पर होगी छठ पूजा, बड़े तालाब में छोड़े जाएंगे 2100 दीप



पटना में गंगा नदी किनारे जुटी भीड़

### नौका विहार करेंगी छठी मैया

*भोपाल। दर्शन देहू न अपार हे छठी मैया, उग हे सूरजदेव अरघ के बेरिया, सुन ले अरजिया हमार हे छठी मैया... जैसे अनेक भोजपुरी गीतों की गूंज सोमवार शाम शहर के तालाबों, सरोवर आदि के घाटों समेत 60 से अधिक स्थानों पर सुनाई देगी।* ▸▸शेष पेज 6 पर

जबलपुर में खुला छोड़ा टैंक, निगल गया दो मासूमों की जिंदगी

# क्रिकेट खेलते वक्त गेंद ढूंढने गए दो सगे भाई सेप्टिक टैंक में गिरे

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर**

मनमोहन नगर स्थित सरकारी अस्पताल में रविवार शाम एक



दर्दनाक हादसे में दो मासूम भाइयों की मौत हो गई। दोनों क्रिकेट खेलते समय गेंद लेने के लिए अस्पताल के परिसर में कूद गए थे, जहां खुले सेप्टिक टैंक ▸▸शेष पेज 6 पर

*झाड़ियों के बीच खुले टैंक को नहीं देख पाए और उसमें गिर गए, सीएम ने दिए जांच के आदेश*



### सीएम ने 4-4 लाख रुपए मुआवजे की घोषणा की

जबलपुर पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दोनों बच्चों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है। साथ ही कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और एसपी संपत उपाध्याय को मामले को लेकर जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसमें जो भी दोषी उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

आज से कल तक 8 जिलों में भारी और 25 जिलों में मध्यम बारिश का यलो अलर्ट

8 जिलों में 8 डिग्री तक गिरा पारा

# भोपाल में फिलहाल ऐसी ही बारिश, दिन-रात के पारे में 3 डिग्री का अंतर, कोहरे जैसी छाई धुंध

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल**

राजधानी सहित प्रदेश के मध्य और दक्षिणी हिस्से में बारिश का दौर चला। पिछले दो दिन से अधिकांश जिलों में पड़ी बौछारों से दिन के तापमान में तेजी से कमी आई।

रविवार को भोपाल में दिन और रात के तापमान में केवल 3 डिग्री का अंतर रह गया। दिन के पारे में सीजन में सर्वाधिक 6.5 डिग्री की गिरावट के साथ पारा 24.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 7.9 डिग्री कम है, जबकि रात का पारा 20.8 डिग्री रहा है। यह सामान्य से 3.4 डिग्री अधिक है। बारिश के असर से 8 जिलों में दिन के तापमान में 5 से 8 डिग्री तक की कमी आई है, जिससे उमस से राहत रही। भोपाल में मध्यम से हल्की बारिश के बीच शाम को कोहरे जैसी दिखने वाली ▸▸शेष पेज 6 पर

**भोपाल में** 24 घंटे में 2 और सुबह 8:30 से शाम 5:30 बजे तक 8 मिमी बारिश



राजधानी के जेल रोड का दृश्य, शाम 4:30 बजे

### कहां सबसे ज्यादा गिरा पारा

रविवार को सर्वाधिक दिन के पारे में कमी रतलाम में 8 डिग्री की रही। यहां अधिकतम पारा 24.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 8.7 डिग्री कम है। भोपाल, धार, इंदौर, उज्जैन, दमोह, जबलपुर और सागर में पारा 5 से 7 डिग्री तक गिरकर औसतन 24 डिग्री तक आ गया। इन जिलों में रात का औसत पारा 21 डिग्री रहा। पश्चिमी मप्र के शेष जिलों के दिन के पारे में औसत डेढ़ डिग्री तक कमी रही।



टिकट चेकिंग स्टाफ, आरपीएफ सहित अन्य संबंधित स्टाफ ट्रेनों एवं स्टेशनों पर अलर्ट

# छठ महापर्व की भीड़ के चलते कंट्रोल रूम से लेकर प्लेटफॉर्म तक आरपीएफ की निगरानी में यात्री कर रहे सुरक्षित सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए डीआरएम पंकज त्यागी के मार्गदर्शन व आरपीएफ कमाडेंट डॉ अभिषेक के नेतृत्व में भोपाल रेल मंडल द्वारा सतर्क निगरानी की जा रही है।

मंडल में ट्रेन ऑन डिमांड रेलगाड़ियाँ संचालित की जा रही हैं, साथ ही आवश्यकतानुसार ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी बढ़ाये गये है। जिससे यात्रियों को गंतव्य तक सुगम एवं सुरक्षित यात्रा सुविधा मिल सके। भोपाल सहित मंडल के भीड़ वाले ट्रेनों में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के



जवान सतत गश्त कर यात्रियों की सहायता कर रहे हैं।

साथ ही टिकट चेकिंग स्टाफ, आरपीएफ, होम गार्ड एवं जीआरपी टीमें मिलकर निरंतर मॉनिटरिंग कर रही हैं इससे यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। स्टेशन पर तथा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के कंट्रोल रूम से वरिष्ठ अधिकारी 24 घंटे मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

छठ महापर्व पर भोपाल मंडल के यात्रियों को मिलेगी यात्रा राहत

## रानी कमलापति- दानापुर द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के तीन-तीन फेरे बढ़ाए गए

**भोपाल।** रेलवे ने यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रानी कमलापति-दानापुर के मध्य संचालित द्विसाप्ताहिक चल रही स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति-दानापुर की संचालन अवधि को 1 से 11 नवंबर तक बढ़ा दिया है। यह पूजा स्पेशल ट्रेन अब दोनों दिशाओं में अतिरिक्त 03-03 ट्रिप चलेगी। जानकारी के अनुसार स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति से दानापुर स्पेशल ट्रेन शनिवार एवं मंगलवार को रानी कमलापति स्टेशन से दो. 14:25 बजे प्रस्थान कर, नर्मदापुरम 15:25 बजे, इटारसी 15:55 बजे, पीपरिया 17:10 बजे, गाडरवारा 17:45 बजे, नरसिंहपुर 18:25 बजे, जबलपुर रात 19:25 बजे, सिहोरा रोड 20:10 बजे, कटनी 21:20 बजे, मैहर 22:10 बजे, सतना 22:45 बजे पहुंचकर और अगले रविवार एवं बुधवार को सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01668 दानापुर से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन रविवार एवं बुधवार को दानापुर स्टेशन से सु. 11:00 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज छिवकी रात 20:30 बजे, पहुंचकर अगले दिन सतना मध्य रात्रि 00:55 बजे, मैहर 01:28 बजे, कटनी 02:30 बजे, सिहोरा रोड 03:13 बजे, जबलपुर 03:50 बजे, नरसिंहपुर 05:00 बजे, गाडरवारा 05:30 बजे, पिपरिया 06:00 बजे, इटारसी 0710 बजे, नर्मदापुरम 07:48 बजे पहुंचकर और सोमवार एवं गुरुवार को सुबह में 08:55 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी।

छठ महापर्व

भोजपुरी समाज के लोग आज डूबते सूर्य को देंगे अर्घ्य, छठी माता की होगी पूजा

# खरना व्रत रखकर महिलाओं ने की पूजा-अर्चना, भोपाल के घाट तैयार



शीतलदास की बगिया के घाट परं पूजा करतीं महिलाएं।



खटलापुरा घाट पर बारिश में रंगोलियां धुल गईं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छठ महापर्व के दूसरे दिन रविवार पंचमी तिथि पर खरना व्रत किया गया। इस दौरान निर्जल उपवास रखने के बाद शाम को खीर रोटी प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होगा।

राजधानी में छठ महापर्व का मुख्य आयोजन सोमवार को कमला पार्क के पास शीतलदास की बगिया में आयोजित होगा। भोजपुरी एकता मंच द्वारा यहां पर दो दिनों तक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को डूबते हुए सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर आराधना करना, सूर्य भगवान को नौका विहार कराना तथा 2100 दीपों का दीपदान करना आकर्षण का केंद्र होगा। तो वहीं भोजपुरी लोक गायक अपनी प्रस्तुति देंगे।

### बारिश में धुली रंगोलियां

सोमवार और मंगलवार को छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर काम पूरा हो गया है। रविवार को भोजपुरी समाज के लोगों ने पूरे दिन व्रत रखकर संध्या को प्रसाद ग्रहण किया गया। इसे खरना या लोहण्डा कहा जाता है। वहीं रविवार को दिनभर हुई बारिश ने भोजपुरी समाज के द्वारा घाटों पर रंग-रोगन व रंगोली आदि बनाई थी। वह सब धुल गई। देर रात समाज के लोगों ने घाटों का निरीक्षण किया। साथ ही नए तरीके से तैयारियां पर घाटों पर तिरपाल व टेंट आदि सोमवार को लगाए जाने का निर्णय लिया है। सभी घाट लाइटों से जगमागा रहे है।

### ऐसे करें सूर्य भगवान की आराधना

मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि षष्ठी के दिन से सोमवार को भोजपुरी समाज के लोग घरों में सभी प्रकार के प्रसाद बनाते है। सायंकाल सूर्यास्त से पहले व्रत करने वाले नदी या तालाब में प्रवेश करते हैं और सूर्य को दूध तथा जल से अर्घ्य देते हैं। वह तब तक जल में रहते हैं। जब तक सूर्यास्त न हो जाए। सूर्यास्त के बाद सभी लोग घर जाते हैं और रात्रि जागरण करते हैं। इसके बाद दूसरे दिन सूर्योदय से पहले नदी पर जाकर जल में प्रवेश करते हैं और सूर्य के उदित होने की प्रतीक्षा करते हैं। जैसे ही सूर्य उदित होता है उन्हें अर्घ्य दिया जाता है। विधिवत पूजा अर्चना के बाद थोड़ा कच्चा दूध,जल और प्रसाद लेकर व्रत समापन किया जाता है।



शीतलदास की बगिया का घाट ।

### इन 60 जगहों पर होगी पूजा

राजधानी में सोमवार को छठ पूजा के सामूहिक आयोजन 60 जगहों पर किए जाएंगे। इस दौरान श्रद्धालु निर्जला व्रत रखेंगे और शाम को घाटों पर पूजा अर्चना करेंगे। व्रतधारी घाटों पर पहुंचकर गन्ना सहित अन्य ऋतुफल, पकवान बांस के सूप एवं डलियों में रखकर भगवान सूर्य को अर्घ्य देगे। इस मौके पर मुख्य कार्यक्रम शीतलदास की बगिया, खटलापुरा घाट, काली मंदिर घाट, अशोका गार्डन, करोद, बागसेवनिया विश्वकर्मा मंदिर, सरस्वती मंदिर, बरखेड़ा व शिव मंदिर, कलिया सोत, जाटखेड़ी। द्वारका नगर, राजेंद्र नगर, ओल्ड सुभाष नगर, अशोका गार्डन, अयोध्या नगर आदि स्थानों के मंदिरों में पूजा कुंड बनाए गए हैं, जिससे सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जा सके।

## राधावल्लभ मंदिर में दिव्य श्रृंगार व अन्नकूट महोत्सव संपन्न हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री रूपा बाई ट्रस्ट मंदिर राधावल्लभ लालजी इब्राहिमपुरा में कार्तिक पंचमी एवं गोवर्धन पूजन के अवसर पर रविवार को मंदिर के मुखिया भूपेश वल्लभ आचार्य के सानिध्य में राधावल्लभ लाल जी का दिव्य श्रृंगार एवं अन्नकूट महोत्सव संपन्न हुआ। मंदिर समिति के प्रमोद नेमा ने बताया सायंकाल 56 भोग एवं महाआरती के बाद रात्रि 10:30 बजे तक महासादी का वितरण किया गया।

## बिहार सांस्कृतिक परिषद की ओर से आयोजित छठ पूजा के खरना का विशेष महत्व

सरस्वती मंदिर

आज छठ घाटों पर अस्ताचलगामी सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित कर उपवास करेंगे छठव्रती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महापर्व छठ पूजा का पावन उत्सव बिहार सांस्कृतिक परिषद द्वारा सरस्वती देवी मंदिर छठ घाट, बरखेडा, भोपाल में भव्यता एवं पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया जा रहा है। महापर्व छठ का दूसरा दिन खरना अथवा लोहंडा नाम से जाना जाता है, जो पूरी महापर्व छठ पूजा प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इस दिन छठव्रती महिलाएं सूर्योदय से सूर्यास्त तक निर्जला उपवास रखते हुए दिनभर पूजा-अर्चना करती हैं। संध्या समय वे गुड़-चावल की खीर, रोटी और फल से ईश्वर को प्रसाद चढ़ाकर व्रत का पारायण करती हैं, जिसे परिवार और सामूहिकता का प्रतीक माना जाता है।

बिहार सांस्कृतिक परिषद ने महापर्व छठ पूजा के शुभ अवसर पर कार्यक्रम के स्थल पूजा कुंडों को अत्यंत ही आकर्षक सजावट, रंग-बिरंगी विद्युत रोशनी, छठी मइया की आकर्षक प्रतिमाओं से सुसज्जित किया है। परिषद ने व्रती महिलाओं के लिये विशेष स्नान, प्राचीन कुआं के पवित्र जल से सावर एवं चेंजिंग रूम की व्यवस्था की है, जिससे श्रद्धालुओं को पूर्ण सुविधा एवं निजता मिले।



## पूर्व पीसीसीएफ एसआर रावत लिखित पुस्तक एक फॉरेस्ट आफिसर की डायरी का विमोचन आज

*अध्यक्षता मप्र के प्रधान मुख्य वन संरक्षण (पीसीसीएफ) वन बलप्रमुख वीएन अम्बाड़े करेंगे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के सेवानिवृत्त पीसीसीएफ एसआर रावत के 37 वर्ष की सेवा काल की जंगलों के खट्टे मीठे संस्मरण पर आधारित पुस्तक- एक फॉरेस्ट आफिसर की डायरी का विमोचन उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल आज 27 अक्टूबर को शाम 4 बजे चार इमली स्थित फॉरेस्ट रेस्ट हाउस के बहुउद्देशीय हॉल में करेंगे।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वन व पर्यावरण मंत्री दिलीप अहिरवार होंगे। अध्यक्षता मप्र के प्रधान मुख्य वन संरक्षण (पीसीसीएफ) वन बलप्रमुख वीएन अम्बाड़े करेंगे।

रावत ने 91 वर्ष की आयु में लगभग चार साल की कड़ी मेहनत के बाद इस पुस्तक को लिखा है। यह पुस्तक उन समस्त वन कर्मियों की स्मृति में समर्पित की गई है, जिन्होंने वनों के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। यह पुस्तक फॉरेस्ट आफिसर की पुरानी पीढ़ी के साथ आज के युग के युवा अधिकारियों को पढ़ने के लिए प्रेरित करती है कि क्या छूट गया और क्या करना चाहिए दोनों के लिए समान रूप से शिक्षा देती है।

### इस पुस्तक में क्या है अनोखा

भारतीय वन सेवा के मप्र के सेवानिवृत्त पीसीसीएफ रावत के 37 वर्षों के सेवाकाल का यह संस्मरण एक जीवंत दस्तावेज है। 15 अध्याय की यह पुस्तक फॉरेस्ट कॉलेज की प्रशिक्षण अवधि से लेकर सेवानिवृत्ति तक की लगभग चार दशकों की यात्रा का प्रामाणिक वर्णन प्रस्तुत करती है। इस पुस्तक में, प्रकृति के सान्निध्य में बिताए गए अविस्मरणीय क्षणों, वन्यजीवों, विविध मैदानी चुनौतियां के प्रत्यक्ष अनुभवों का व्यापक चित्रण, छोटी-छोटी सच्ची कहानियों के माध्यम से किया गया है।

## मेपकास्ट: ड्रोनटेक वर्कशॉप और एक्सपो-2025 का आयोजन 30 और 31 को

वर्कशॉप में शामिल होने ऑनलाइन पंजीयन 28 अक्टूबर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और आईआईटी इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में ड्रोनटेक वर्कशॉप और एक्सपो-2025 का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय कार्यक्रम 30 और 31 अक्टूबर को एमपीसीएसटी परिसर, नेहरू नगर, भोपाल में आयोजित होगा। वर्कशॉप के लिए ऑनलाइन पंजीयन 28 अक्टूबर तक किया जाएगा।

पंजीकरण के लिए प्रतिभागी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक प्रतिभागी डॉ. सुनील गर्ग से सीधे संपर्ककर सकते हैं। सीटें सीमित हैं, इस लिए चयन फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व के आधार पर किया जाएगा। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

## शाहपुरा सी-सेक्टर में 42 लाख रु. से बनेंगी सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के शाहपुरा सी-सेक्टर में 42 लाख रुपए की लागत से सड़क और नालियों का निर्माण होगा। निगम द्वारा करवाए जाने वाले उक्त कार्य का भूमिपूजन रविवार को महापौर मालती राय ने किया।

साथ ही इस अवसर पर पूर्व सांसद आलोक संजर के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी मौजूद थे।

राज्यपाल 'मन की बात' कार्यक्रम के सामूहिक श्रवण आयोजन में हुए सम्मिलित

## पुस्तकीय ज्ञान के साथ समसामयिक ज्ञान जरूरी

देश के नवाचारों की मिलती है जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि छात्र-छात्राओं को पुस्तकीय ज्ञान के साथ ही देश में हो रही प्रगति और विकास के बारे में समसामयिक जानकारी होना भी जरूरी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम ऐसी अद्भुत पहल है, जिसमें देश में हो रहे नवाचारों और प्रगति की जानकारी मिलती है। उन्होंने विश्वविद्यालयों के छात्रावासों में मन की बात कार्यक्रम के सामूहिक श्रवण की व्यवस्था करने के लिए भी कहा है। राज्यपाल पटेल रविवार को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में मन की बात के सामूहिक श्रवण कार्यक्रम के छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे।

सामूहिक श्रवण कार्यक्रम का आयोजन ज्ञान विज्ञान भवन में किया गया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय आगमन पर ज्ञान विज्ञान भवन परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विश्वविद्यालय की छात्राओं जैनस्वी शर्मा, खुशी सेन ने हम उठे जग उठे, लक्ष्य गीत का गायन किया।



'मन की बात' और 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम अभूतपूर्व पहल

राज्यपाल पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' और 'परीक्षा पे चर्चा' जैसे कार्यक्रम राष्ट्र जागरण की अभूतपूर्व पहल है। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री की ओर से गरीब, वंचित और पिछड़े व्यक्तियों और क्षेत्रों के जरिए देश-समाज के निर्माण में दिए जा रहे योगदान की जानकारी दी जाती है। इन प्रेरक प्रसंगों से आत्मबल से विकास और परिवर्तन के लिए समाज को आत्मविश्वास, प्रेरणा और उत्साह प्राप्त होती है।

# कार्यक्रम की सकल आय का 10 फीसदी टैक्स आयोजक से वसूलेगा नगर निगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में शनिवार को जाने-माने सिंगर जावेद अली के कॉन्सर्ट कार्यक्रम में 5500 रुपए से लेकर 1200 रुपए तक के टिकट बेचे गए। अव्यवस्थाओं के बीच हुए कार्यक्रम के आयोजन के लिए नगर निगम ने 30 हजार रुपए अनुमानित राशि लेकर अनुमति जारी की थी।

अब निगम कार्यक्रम से होने वाली सकल आय का 10 फीसदी टैक्स आयोजकों से वसूलेगा। निगम के अधिकारियों के अनुसार एक-दो दिन में टैक्स की राशि तय हो जाएगी। टैक्स की राशि का निर्धारण कार्यक्रम समाप्त होने के एक-दो दिन के बाद होता है। उक्त कार्यक्रम के लिए 5500, 3600, 2800 और 1200 रुपए तक के टिकट की बिक्री की गई। निगम के जोन-21 के जोनल अधिकारी मोहन जाट ने 'हरिभूमि' को बताया कि कार्यक्रम के पूर्व अनुमानित राशि 20 से 30 हजार रुपए तक जमा करवाकर अनुमति जारी की जाती है। कार्यक्रम के बाद आयोजकों से सकल आय का 10 फीसदी टैक्स लिया जाता है।

## 30 हजार रुपए तक अनुमानित राशि जमा करवाकर जारी होती है अनुमति

फॉलोअप

'ड्राइव इन सिनेमा' में सिंगर जावेद अली का कॉन्सर्ट



### जीएम एमपीटी ने कहा- हमारा काम सिर्फ वैन्यू देना, सारी जिम्मेदारी आयोजकों की

जीएम एमपीटी (ड्राइव इन सिनेमा) विवेक जूट ने 'हरिभूमि' से कहा कि हमारा काम सिर्फ वैन्यू देना है, इसमें वो पास या टिकट किसे दे रहे हैं किसे नहीं, ये हमारे क्षेत्र में नहीं आता। यदि हमारे वैन्यू देने में टोकन ऑफ लीडरशिप कितने आ सकते हैं या हमारी टीम आ सकती है, यह भी आयोजक पर ही निर्भर है। हम तो शादियों के लिए भी ड्राइव इन सिनेमा रेंट पर देते हैं। तो आगे की जिम्मेदारी आयोजकों की ही बनती है।

### आयोजक ने मौखिक जानकारी देने से किया इनकार

आयोजक गीतिका प्रेमचंदानी ने 'हरिभूमि' से कहा कि हम किसी को भी नहीं बताएंगे कि हमारे द्वारा कितनी राशि अलॉटमेंट में दी गई है और कितनी राशि नगर निगम के टैक्स के रूप में जमा की गई है। हम लिखित सवाल के लिखित में ही जवाब देंगे। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि कुल कितने टिकटों की बिक्री की गई? और सौजन्य पास कितने बांटे गए? इसके अलावा आय और किन माध्यमों से हुई?

---

## एम्स में नई मिसाल: एक साथ तीन ऑपरेशन थिएटरों में सक्रिय थीं डॉक्टरों की टीमें

# ब्रेन डेड युवक के अंगदान से 5 लोगों को मिला नया जीवन, दिल और किडनी किए प्रत्यारोपित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रविवार की सुबह भोपाल एम्स के ऑपरेशन थिएटरों में 'जीवनदान' का एक ऐसा अध्याय लिखा गया, जिसने चिकित्सा जगत में समन्वय और मानवीयता की नई मिसाल पेश की। 37 वर्षीय ब्रेन डेड युवक गणेश के अंगदान ने पांच लोगों के जीवन में नई उम्मीदें भर दीं।

एक साथ तीन ऑपरेशन थिएटरों में डॉक्टरों की टीमें सक्रिय थीं, जहां एक ओर युवक के अंग निकाले जा रहे थे, वहीं दूसरी ओर निकाले गए दिल और किडनी जरूरतमंद मरीजों में प्रत्यारोपित किए जा रहे थे।

प्रेरक खबर

*दीवाली की रात बेड से गिरने से युवक हो गया था ब्रेन डेड*

*परिजनों ने मानवीय आधार पर अंगदान की सहमति दी*

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन के समर्थन से यह सब हो सका संभव



**अंगों को सुरक्षित और समय पर पहुंचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया**

*दान किया गया दिल 40 वर्षीय महिला के सीने में प्रत्यारोपित किया गया। दोनों किडनियों में से एक एम्स भोपाल के मरीज को मिली, जबकि दूसरी किडनी भोपाल के बंसल अस्पताल के एक मरीज में प्रत्यारोपित की गई। अंग को सुरक्षित और समय पर निजी अस्पताल तक पहुंचाने के लिए शहर में ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया, जिससे ट्रैफिक को रोके बिना यह जटिल प्रक्रिया समय पर पूरी हो सकी।*

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समर्थन, एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) माधवानन्द कर एवं उपनिदेशक संदेश जैन के नेतृत्व में एम्स भोपाल प्रशासन ने 37 वर्षीय मरीज के अंगों का सफलतापूर्वक निष्कर्षण किया। इसके अतिरिक्त, डीन (अकादमिक्स) डॉ. रजनीश जोशी और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विकास गुप्ता का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा। मरीज सिर में गंभीर चोट लगने के बाद एम्स भोपाल में भर्ती किया गया था। मरीज की स्थिति अत्यंत गंभीर थी, जिसके बाद चिकित्सकों की टीम ने विस्तृत परीक्षण किया। चार चिकित्सकों की टीम ने दो बार छह घंटे के अंतराल पर जांच की। इसके बाद मरीज को ब्रेन डेड घोषित किया गया। परिजनों ने मानवीय आधार पर अंगदान की सहमति दी, जिसके पश्चात अंग निष्कर्षण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। रविवार सुबह 6:30 बजे अंगों की निकासी (हार्वेस्टिंग) शुरू की गई, जिसके बाद प्रत्यारोपण की प्रक्रिया की गई। इस प्रत्यारोपण के लिए आर्थिक सहायता मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और एम्स द्वारा प्रदान की गई। हार्ट ट्रांसप्लांट प्राप्तकर्ता वर्तमान में आईसीयू में हैं और अगले 48 घंटे महत्वपूर्ण हैं, जिनमें उनकी स्थिति पर चिकित्सक निरंतर निगरानी रख रहे हैं।

**भाई ने कहा-**

### बेड से गिरा था युवक सिर में चोट से हुई मौत

अंगदाता के भाई, भारत पाटिल का कहना था कि इलाज के दौरान डॉक्टरों ने गहन परीक्षणों के बाद गणेश को ब्रेन डेड घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने नियमानुसार छह घंटे के अंतराल पर पुतली, कॉर्नियल, कफ, गग, ऑकुलो वेस्टिब्युलर और एपनिया टेस्ट किए। सभी रिफ्लेक्स अनुपस्थित पाए जाने के बाद शनिवार देर रात उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। परिजनों की सहमति मिलते ही अंगदान की प्रक्रिया शुरू हुई। भारत पाटिल ने कहा कि भाई तो चला गया, लेकिन उसने अंग दान कर किसी और को नई जिंदगी दी। मृतक के पीछे उनकी पत्नी और दो नन्ही बेटियां हैं।

### ऑटो चलता था युवक

पुलिस के अनुसार गणेश पाटिल पिता फकीरा पाटिल (37) अन्ना नगर में रहता था और ऑटो चलाता था। दीवाली की रात वह घर पहुंचा था। इसके बाद सोते समय बेड से फर्श पर गिर गया। फर्श पर गिरने के कारण उसे सिर में गंभीर चोट थी। परिजन गणेश को लेकर अस्पताल पहुंचे। वहां इलाज के दौरान शनिवार को गणेश की मौत हो गई। परिजन का कहना था कि गणेश की मौत हो चुकी थी, लेकिन वह किसी के काम आ जाए। लिहाजा निर्णय लिया गया कि गणेश के अंगदान कर दिए जाए। परिजन ने डॉक्टर्स से चर्चा की। डॉक्टर्स ने हामी भरी और रविवार को अंगदान कराया गया।

### गार्ड ऑफ ऑनर के साथ गणेश को दी सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई

युवक गणेश के अंगदान से पांच मरीजों को नया जीवन मिला। इसमें हार्ट (दिल), दोनों किडनी और दो कॉर्निया शामिल थे। यह एम्स भोपाल के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था, क्योंकि यह अस्पताल का तीसरा सफल हार्ट ट्रांसप्लांट और 16वां किडनी प्रत्यारोपण था। अंगदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, अंगदाता को अस्पताल परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी गई।



**ओटी में ही हुआ पोस्टमार्टम**

*यह मामला मेडिकोलीगल प्रकृति का होने के कारण, मृत्यु के कारण की पुष्टि के लिए पोस्टमार्टम आवश्यक था। एम्स भोपाल के इतिहास में यह दूसरा मौका था, जब पोस्टमार्टम की प्रक्रिया सीधे ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में ही संपन्न की गई। इस असाधारण कदम ने अंग निष्कर्षण की प्रक्रिया को समय पर और विधिसम्मत ढंग से पूरा करने में मदद की, जो एम्स की तकनीकी क्षमता और आपसी समन्वय की एक बड़ी उपलब्धि को दर्शाता है।*

---

## कॉर्निया में डैमेज की आशंका

# कार्बाइड गन हादसे के गंभीर तीन मरीजों का जल्द होगा ऑपरेशन इंदौर से मंगाया एमनियोटिक मेंब्रेन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कैल्शियम कार्बाइड बारूद गन ने 35 बच्चों और युवाओं की आंखों को डैमेज किया, जिनका इलाज हमीदिया अस्पताल में चल रहा है।

31 मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है, जबकि चार गंभीर रूप से घायल मरीजों को फिलहाल निगरानी में रखा गया है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि सभी मरीजों को नियमित फॉलोअप में रखा जाएगा, ताकि किसी भी तरह की परेशानी होने पर उनका इलाज किया जा सके।

हमीदिया की नेत्र विशेषज्ञ डॉ. भारती आहूजा ने बताया कि जिन मरीजों की आंखों में गंभीर क्षति हुई है, उनके कॉर्निया और सीबीआई (कॉर्नियल बेसल इंटरफेस) में डैमेज की संभावना है। इन मरीजों के उपचार में समय लगेगा। अब तक दो से तीन मरीजों की आंखों में एमनियोटिक मेंब्रेन लगाया गया है और तीन दिन बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई है। फिलहाल ये सभी मरीज फॉलोअप में रहेंगे, ताकि कॉर्निया की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा सके। डॉ. आहूजा ने बताया कि गंभीर हालत वाले तीन मरीजों का ऑपरेशन जल्द किया जाएगा, जिसके लिए इंदौर के आई बैंक से एमनियोटिक मंगाया गया है। जिन मरीजों के पास आयुष्मान कार्ड थे, उनका पूरा इलाज निःशुल्क किया गया। जिनके पास कार्ड नहीं था, उनसे केवल एमनियोटिक मेंब्रेन की लागत के पैसे लिए गए, क्योंकि ये महंगी होती है।

### झिल्ली में जैविक गुण

एमनियोटिक झिल्ली एक पतली, लेकिन मजबूत झिल्ली होती है, जो गर्भावस्था के दौरान भ्रूण को घेरे रहती है। यह एमनियोटिक थैली की आंतरिक परत है, जिसमें एमनियोटिक द्रव और भ्रूण होता है। यह झिल्ली जन्म के बाद भी कई चिकित्सा अनुप्रयोगों के लिए उपयोगी है, क्योंकि इसमें उपचार को बढ़ावा देने वाले जैविक गुण होते हैं।

डॉ. भारती आहूजा, नेत्र विशेषज्ञ

---

## मैनेजर सहित तीन गिरफ्तार

# गोयनका के फार्म हाउस में मिले तेंदुआ और जंगली सुअर के शव



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जबलपुर वन मंडल के वन परिक्षेत्र सिहोरा के अंतर्गत गंभीर वन्यजीवों के शिकार और उनके शव को दफनाने का का मामला प्रकाश में आया है। सिहोरा औद्योगिक क्षेत्र हरगढ़ के ग्राम घुघरा स्थित महेंद्र गोयनका के निसर्ग इस्पात प्राइवेट लिमिटेड परिसर (फार्म हाउस) में जेसीबी की खुदाई में तीन जंगली सुअर और तेंदुए का शव मिले हैं।

यह कार्रवाई जबलपुर डीएफओ ऋषि मिश्रा और उनकी टीम ने की है। इस मामले में निसर्ग इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर अनुराग द्विवेदी, जेसीबी ऑपरेटर बृजेश विश्वकर्मा और कर्मचारी मोहित दहिया को गिरफ्तार किया है। तीनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। फार्म हाउस के मालिक भी संदेह के घेरे में हैं। जानकारी के अनुसार, निसर्ग इस्पात प्राइवेट लिमिटेड परिसर (फार्म हाउस) में जंगली सुअर और तेंदुए का शिकार कर दफन जाने की सूचना वन विभाग को मिली थी।

### गोयनका ने विधायक पाठक पर लगाए आरोप

सूचना मिलने पर हरकत में आए वन विभाग के अमले ने जेसीबी से खुदाई कर तीन सुअरों के अवशेष बरामद किए। शनिवार को डॉग स्क्वॉड की खोजबीन में एक तेंदुए का शव भी बरामद हुआ है। यह पूरा घटनाक्रम सामने आने के बाद विभागीय गलियारों में हड़कंप मच गया है। डीएफओ ऋषि मिश्रा का कहना है कि वे मामले की तह तक जाने की कोशिश कर रहे हैं। जांच में देरी और लापरवाही पाए जाने पर डिप्टी रेंजर यादवेंद्र यादव और बीट गार्ड जितेंद्र अग्रवाल को निलंबित कर दिया गया है। दोनों को अन्य परिक्षेत्र में भेजा गया है। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग रखने वाला डीवीआर घटना के बाद रहस्यमय तरीके से जल गया। वहीं, तेंदुए के शव के मामले में उद्योगपति महेंद्र गोयनका ने वीडियो जारी करते हुए विधायक संजय पाठक गंभीर आरोप लगाए हैं। गोयनका ने कहा कि पाठक ने उनकी इंडस्ट्रियल एरिया क्षेत्र में तेंदुए का शव रखवाया है। पाठक नहीं चाहते हैं कि सिहोरा में कोई और उद्योगपति स्थापित हो।

---

## रेलवे स्टेशन पर कार खड़ी की और जनरल कोच में सवार हुआ आरोपी

# फायरिंग करने वाले दीपेंद्र की तलाश में ग्वालियर मुरैना और राजस्थान में पुलिस ने डाला डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अरेरा हिल्स थाने से करीब 400 मीटर दूर राजभवन के सामने हाई सिक्योरिटी जोन में एमपी ऑनलाइन संचालक पर फायरिंग करने वाले आरोपी दीपेन्द्र गुर्जर का अब तक सुराग नहीं लगा। पुलिस की तीन अलग-अलग टीम आरोपी की तलाश में ग्वालियर, मुरैना व राजस्थान में डेरा डाले हुए हैं। पुलिस को भोपाल स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों से अहम सुराग मिले थे। उसकी स्विफ्ट डिजायर कार भी स्टेशन के बाहर से लावारिस हालत में मिल गई। आरोपी दीपेन्द्र प्लेटफार्म क्रमांक-6 के पीछे की ओर से जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन के पीछे वाले जनरल कोच में सवार हुआ है।

- एमपी ऑनलाइन संचालक पर आरोपी ने चलाई थी गोलियां

हालांकि इसके बाद वह कहां पहुंचा किसी को जानकारी नहीं है। आरोपी दीपेन्द्र गुर्जर के फरार होने के बाद पुलिस की अलग-अलग टीमें मुरैना, ग्वालियर और शिवपुरी में उसकी तलाश में डेरा डाले हुए हैं। हर संभव ठिकानों पर पुलिस दबिश दे चुकी है, लेकिन उसका सुराग नहीं लग सका है। दूसरी ओर जयपुर ट्रेन में सवार होने की जानकार मिलते ही पुलिस की टीम राजस्थान के लिए भी रवाना हुई है। उज्जैन में छिपे होने की आशंका के चलते पुलिस की टीम उसे उज्जैन में भी तलाश कर चुकी है। पुलिस का अनुमान था कि ट्रेन में सवार होने के बाद संभवतः महाकाल दर्शन के लिए वह उज्जैन में उतर गया होगा।

---

# इमरजेंसी एग्जिट ब्लॉक, परमिट उल्लंघन पर दस वाहनों पर कार्रवाई, तीन बसों की फिटनेस निरस्त

## बारिश में बसों की जांच करने उतरा अमला, 1.88 लाख जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) भोपाल ने राजधानी में चेकिंग अभियान चलाया। रविवार को छुट्टी के दिन बारिश के बीच आरटीओ अमला वाहनों की चेकिंग के लिए सड़कों पर उतरा। इस दौरान टीम ने यात्री बसों के इमरजेंसी एग्जिट, फायर फाइटिंग उपकरण (एक्सटिंग्यूशर) और परमिट शर्तों की विस्तृत जांच की।

चेकिंग के दौरान कई वाहनों में गंभीर लापरवाहियां पाई गईं। आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि सभी वाहन स्वामियों को अपने वाहनों में सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच कराना चाहिए। नियमों की अनदेखी करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जाएगी। रविवार को आरटीओ टीम ने नियम तोड़ते मिले 10 वाहनों से कुल 1 लाख 88 हजार रुपए का शमन शुल्क वसूल किया। वहीं, तीन बसों में इमरजेंसी एग्जिट पूरी तरह ब्लॉक पाए जाने के कारण उनकी फिटनेस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इन बसों में आपातकालीन स्थिति में यात्रियों के बाहर निकलने का रास्ता बाधित था, जो सुरक्षा मानकों का गंभीर उल्लंघन है।

### यह कमियां मिली

चेकिंग के दौरान बसों में फायर एक्सटिंग्यूशर की अनुपस्थिति, एक्सपायर फर्स्ट एड किट और ओवरलोडिंग जैसी खामियां भी पाई गईं। विभाग ने स्पष्ट किया कि स्कूल, कॉलेज और लोक परिवहन बसों में यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस प्रकार के उल्लंघन पर अब कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।

---

## राजधानी के पॉश इलाकों में दमघोंटू हवा का एक्यूआई अब 77 के नीचे, यह संतोषजनक

# बारिश ने धोया शहर का पॉल्यूशन, अब ग्रीन लेवल पर फिजां की हवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में शनिवार रात से शुरू हुई बारिश का असर सबसे ज्यादा शहर के पॉल्यूशन पर दिखाई दिया है। बारिश ने हवा में तैर रहे धूल और धुएं को धोकर अब राजधानी की फिजा को एक्यूआई की नजर से ग्रीन लेवल पर ला दिया है।

रविवार शाम शहर के पर्यावरण परिसर अरेरा कॉलोनी में एक्यूआई 63, कलेक्टोरेट क्षेत्र में 70 और सबसे अधिक धुंए की जद में रहने वाले टीटी नगर का एक्यूआई तेजी से घटकर 58 पर पहुंच गया है। इसके अलावा पूरे शहर की हवा में पॉल्यूशन की मात्रा तेजी से कम होने से एक्यूआई ग्रीन लेवल पर आ गया है। यह संतोषनजर की क्षेणी में दर्ज हुआ है।

मप्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी ब्रजेश शर्मा के अनुसार दीपावली पर तेजी से बढ़े प्रदूषण में उससे अधिक तेजी से कमी आई है। बारिश इसका प्रमुख कारण रहा है।

**खास बातें**

- बारिश का असर सबसे ज्यादा शहर के पॉल्यूशन पर दिखाई दिया
- कलेक्टोरेट क्षेत्र में 70 और टीटी नगर का एक्यूआई घटकर 58 पर पहुंचा

### राजधानी के सभी इलाकों में वायु प्रदूषण पूरी तरह गायब



बोट क्लब पर रविवार को भीड़-भाड़ रही।

*शहर के पर्यावरण परिसर अरेरा कॉलोनी में एक्यूआई 63 के साथ ही वायु प्रदूषण के कारक (पॉल्यूटेंट) पीएम-10 की मात्रा 52.46 और पीएम-2.5 की क्वांटिटी 38.08 रही। कलेक्टोरेट क्षेत्र में पीएम-10 की मात्रा 70 और पीएम-2.5 की 37.79 है। टीटी नगर में पीएम-10 की मात्रा 58.43 और पीएम-2.5 34.18 पर रहा है। इससे रविवार को राजधानी के सभी इलाकों में वायु प्रदूषण पूरी तरह गायब हो गया है। अभी अगले चार से पांच दिन शहर की हवा ऐसी ही सांस लेने लायक बनी रहने की उम्मीद है।*

## खबर संक्षेप



### घर की तरह मन की भी सफाई हों: सबधाणी

**संतनगर।** सिंधी समाज उत्थान पंचायत, भोपाल ने दीपावली मिलन एवं स्वल्पाहार कार्यक्रम श्री हरि सेवा गंगा दरबार, विजय नगर, लालघाटी में आयोजित किया। संस्था के अध्यक्ष आनन्द सबधाणी ने कहा कि इस दीपावली जैसे हमने अपने घर की सफाई की है, वैसे ही हमें मन की भी सफाई करनी चाहिए। इस अवसर पर बीडी चांदवानी ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी तादाद में परिवार शामिल हुए। पूजा-अर्चना के बाद सभी ने एक दूसरे को दीपावली की बधाई दी। वासु जेठानी ने गुरु नानक जयंती के आगामी आयोजन पर प्रकाश डाला और अंत में इंदरदास मेंघानीं ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राधेश्याम नाथानी, नन्दलाल मोतियानी आदि उपस्थित रहे।

### तन्मय को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा, मोना पटवा ने पुत्र तन्मय के जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने भगवान महाकाल से तन्मय के लिए सुख-समृद्धि, संस्कार, सेवा और सत्य के मार्ग पर सदैव दृढ़ रहने की कामना की। दादी फूल कुंवर पटवा ने तन्मय को आशीर्वाद दिया। मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी ने भी जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

### द्विवेदी को खगड़िया विस का बनाया प्रभारी

**मंडीदीप।** बिहार चुनाव को देखते हुए मध्यप्रदेश के वरिष्ठ नेता राममणि द्विवेदी को बिहार के खगड़िया विधानसभा में किसान कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया है।



द्विवेदी ने अपनी नियुक्ति पर संगठन प्रभारी अखिलेश शुक्ला एवं प्रदेश अध्यक्ष किसान धर्मेंद्र सिंह चौहान, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी समेत वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर खगड़िया समेत पूरे बिहार में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने का काम करेंगे।

### व्यापार महासंघ अध्यक्ष के लिए अरोरा का नाम

**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ के सचिव प्रदीप अरोरा को महासंघ का अध्यक्ष बनाने के लिए व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष कैलाश डब्बू नागर, कोषाध्यक्ष दीक्षित एवं हिंदू उत्सव समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक जायसवाल ने समर्थन किया है। प्रदीप अरोरा को अध्यक्ष बनने के लिए किराना व्यापार संघ विक्रम धाड़ी, नीरज चावला, विवेक मित्तल, अशोक सेठी, शंकर सेठी, अनिल धमीजा, अमित राय, हरिकिशन धमीजा, दिलीप मित्तल, श्याम मालवीय, बल्लू अरोरा, गिरीश चावला, संतोष गुप्ता आदि ने कहा कि प्रदीप अरोरा सहज-सरल एवं साफ-सुथरी छवि के हैं। नगर में धार्मिक कार्यों में उनका पूर्ण सहयोग है। ऐसे प्रदीप अरोरा को अध्यक्ष बनाने सभी उत्सुक है।

### विधायक पटवा को दी दिवाली की शुभकामनाएं



**औबेदुल्लागंज।** मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, वार्ड नंबर 13 के नेता मनोज चौरसिया, नरेश सेठी, पत्रकार नीटू अरोरा के नेतृत्व में औबेदुल्लागंज के युवाओं ने विधायक सुरेंद्र पटवा से भेंट की एवं विधायक सुरेंद्र पटवा को दीपावली की बधाई दी।

## गुंडा लिस्ट बदमाश समेत तीन लोगों ने रास्ता रोककर डाली अड़ी

# शराब के लिए 500 रुपए नहीं देने पर युवक की गर्दन में चाकू घोंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शंकर नगर इलाके में बिजली ऑफिस के पास देर रात गुंडालिस्ट बदमाश सहित तीन लोगों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी और फिर गर्दन में चाकू घोंप दिया। आरोपी शराब पीने के लिए 500 रुपए की अड़ी डाल रहे थे। पैसे देने से इनकार करने पर बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया।

युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद फरार तीनों बदमाशों को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। हत्या का प्रयास का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक शंकर नगर छोला निवासी बलवीर अहिरवार (26) मेहनत-



मजदूरी करता है। शुक्रवार 24 अक्टूबर की रात करीब साढ़े 11 बजे वह काम करके घर लौट रहा था। इस बीच शंकर नगर स्थित बिजली ऑफिस के पास गुंडालिस्ट बदमाश विजय और उसके दो साथियों आकाश व प्रदीप ने उसे रोक लिया और शराब पीने के लिए 500 रुपए मांगने लगे। बलवीर ने कहा कि वह मजदूर है। इतने पैसे नहीं है मेरे पास। इस पर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और उसी दौरान प्रदीप ने अपनी जेब से चाकू निकालकर प्राणघातक हमला कर दिया। सिर के नीचे गर्दन में चाकू का गहरा घाव लगने से बलवीर बुरी तरह जख्मी हो गया।

आरोपी मौके से फरार हो गए। आसपास के लोग शोर सुनकर मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देकर बलवीर को अस्पताल में भर्ती कराया। एएसआई प्रेमशंकर वर्मा ने बताया कि फरियादी उक्त तीनों आरोपियों को जानता है। सभी एक ही इलाके के रहने वाले हैं। आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया।

## ऐशबाग स्थित रोशनबाग बावड़ी में कूदकर युवक ने दी जान, पुलिस ने निकाला शव

*ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित रोशनबाग की बावड़ी में कूदकर युवक ने जान दे दी। पुलिस ने उसका शव रविवार सुबह बावड़ी से बरामद किया है। पुलिस को उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन से प्राथमिक पूछताछ में यह बात सामने आई कि उसने डिप्रेशन में आकर यह कदम उठाया है। हालांकि वह किस बात से परेशान था, यह परिजन नहीं बता सके हैं। पुलिस का कहना है कि परिजन के विस्तृत बयान होने के बाद ही आत्महत्या के सही कारण का पता चल सकेगा। पुलिस ने बताया कि भागचंद माली पिता स्वर्गीय भंवरलाल माली (35) पुष्पा नगर ऐशबाग में रहता था और फूल का व्यवसाय करता था। उसके परिजन ने बताया कि शनिवार रात भागचंद ने रोशनबाग की बावड़ी में छलांग लगा दी। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। रात होने के कारण पुलिस ने सर्चिंग नहीं की। सुबह पुलिस की टीम बावड़ी पहुंची थी। सर्चिंग के दौरान पुलिस को भागचंद की लाश बावड़ी में मिल गई।*

## खोई साइकिलें मिलते ही बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कान, बोले- थैंक्यू पुलिस आंटी

# साइकिल चोरी होने पर बच्चा जिद कर पिता के साथ थाने पहुंचा, पुलिस ने चोर को दबोचा, 10 साइकिलें बरामद

*बच्चे की गुजारिश पर पुलिस ने की कार्रवाई, घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले, नशे में साइकिल चुराता था आरोपी*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में साइकिल चोरी की घटनाएं आम है। अमूमन न तो फरियादी साइकिल चोरी की शिकायत दर्ज कराते हैं और न ही पुलिस चोर को गिरफ्तार करने में दिलचस्पी दिखाती हैं, लेकिन स्टेशन बजरिया इलाके में पुरानी साइकिल चोरी होने के बाद बच्चे ने माता-पिता व पुलिस से जिद कर चोरी हुई साइकिल हासिल कर ली।

जब बच्चे की साइकिल मिली तो अन्य बच्चे थाने पहुंचे। लिहाजा पुलिस ने चोर से चुराई दस साइकिलें बरामद की। साइकिल मिलने से बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आई। उन्होंने थाना प्रभारी शिल्पा कौरव को थैंक्स पुलिस आंटी कह दिया।



### खंडहर में छिपाकर रखी थी साइकिल

बच्चे की साइकिल मिलने के बाद अन्य बच्चे भी थाने पहुंचे और अपनी साइकिल चोरी होने की बात कही। पुलिस ने आरोपी दिनेश केवट से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने सभी साइकिलें चुराकर कोच फैक्ट्री के पास खंडहरनुमा मकान में छिपाकर रखी है। पुलिस आरोपी के बताए ठिकाने पर पहुंची और सभी दस साइकिलें बरामद कर ली।

### यह है मामला

कृष्णा नगर कोच फैक्ट्री के पास स्टेशन बजरिया में रहने वाले कहर सिंह पटेल ने बताया कि घर के पास से उनके बच्चे की साइकिल चोरी हो गई। वह शिकायत दर्ज नहीं कराना चाहते थे, लेकिन बेटा जिद कर उन्हें थाने ले आया है। पुलिस ने बेटे से बातचीत की तो उसने कहा कि मुझे मेरी साइकिल पसंद है और अभी चाहिए।

### तीन बच्चों का पिता है आरोपी

दिनेश केवट के खुद तीन बच्चे हैं। पत्नी लोगों के घर खाना बनाने जाती है। उसने बताया कि पति कोई काम नहीं करता है और शराब के नशे में उससे मारपीट कर जबरन शराब के लिए पैसे मांगता हैं।

### बच्चे की जिद पर हरकत में आई

बच्चे की जिद और गुजारिश के बाद पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले। फुटेज में एक संदिग्ध साइकिल चुराकर ले जाता हुआ नजर आया। पुलिस ने फुटेज में नजर आए संदिग्ध का हुलिया कुछ लोगों को दिखाया तो उन्होंने उसकी पहचान कर ली। लोगों ने बताया कि दिनेश केवट (30) हनुमान मंदिर के पास करारिया फार्म में रहता है और नशे का आदी है। पुलिस उसके घर पहुंची तो वह नशे में धुत मिला। पुलिस ने उसका मेडिकल कराया और नशा उतारने इलाज कराया। होश में आने के बाद पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसने साइकिल चोरी करने की बात स्वीकार ली।

## महिला समेत चार आरोपी गिरफ्तार

# 25 हजार लीटर अवैध शराब 232 पेटी और मशीनरी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्वालियर जिले में आबकारी विभाग ने रविवार शाम को घाटीगांव थाना क्षेत्र में स्थित एक अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है।

फोरलेन के समीप एक निजी आवास में यह कार्रवाई की गई। मौके से अंग्रेजी और देसी शराब के साथ ब्रांड के लेवल, बोतल सहित निर्माण सामग्री जब्त की गई हैं। आबकारी अधिकारी राकेश कुर्मी ने बताया कि फैक्ट्री से 25 हजार लीटर अवैध शराब ड्रमों में जब्त की गई, जिससे लगभग 5 हजार 500 पेटियां तैयार की जा सकती थीं।

### घाटीगांव में चल रही थी अवैध शराब फैक्ट्री




232 पेटी तैयार शराब भी बरामद हुई है, जिसमें रॉयल चैलेंज की 61 और पावर व्हिस्की की 171 पेटियां शामिल हैं। आबकारी विभाग ने मौके से एक महिला समेत चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है।

## प्रधान आरक्षक ने बचाई 45 यात्रियों की जान, डीजीपी ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस के प्रधान आरक्षक अरविंद रघुवंशी ने अदम्य साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए एक बड़ा हादसा टाल दिया। इंदौर जा रही एक बस में अशोकनगर जिले के बामनवर के पास अचानक आग लग गई। बस में लगभग 40 से 45 यात्री सवार थे। बस में आगे की पंक्ति में बैठे कदवाया थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक अरविंद रघुवंशी ने सबसे पहले बस के बोनट से धुआं उठते देखा और तुरंत ड्राइवर को इसकी सूचना दी। ड्राइवर ने बस को रोका, तभी आग फैलने लगी। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए प्रधान आरक्षक रघुवंशी और क्लीनर छोटा केवट ने बिना देर किए खिड़कियों के शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकालना शुरू किया। धुएं और लपटों के बीच उन्होंने अंतिम यात्री को सुरक्षित बाहर निकाला। मप्र पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने रघुवंशी और केवट के साहसिक कार्य की सराहना की है।

# 'मन की बात' में स्वदेशी का आह्वान

## बूथों पर सुना गया पीएम मोदी का कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मंडीदीप भाजपा मंडल ने रविवार को बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना।

मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव ने कहा कि पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम को संबोधित किया। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, जिला महामंत्री दीपेन्द्र पाल, अरविन्द जैन, जीवनसिंह पाल, जिला मंत्री प्रार्थना चौहान, प्रेमशंकर साहू, महामंत्री राजेश भवरे, पार्षद निर्मला राजपूत, विनोद चौकसे, पूर्व पार्षद तख्तसिंह मेहर, पंकज चौहान, मंडल महामंत्री अमित जैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपने बूथों कार्यक्रम को सुना।

एपिसोड में पीएम मोदी ने देशवासियों को छठ महापर्व का महत्व बताया। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमें अपने देश में बने उत्पादों का उपयोग करना चाहिए और उन्हें बढ़ावा देना चाहिए, ताकि हम आत्मनिर्भर और विकसित भारत की ओर बढ़ सकें। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष पुष्पा साहू, वीरेन्द्र मीना, मण्डल उपाध्यक्ष अमरसिंह पाल, संजय त्रिपाठी, नारायण साहू, सुधा राठौर, घनश्याम गोस्वामी, श्रीकांत मीना, दीपक सिंह, मनीषा पाल, राजू चौहान, प्रदीप मारण, दीपक शर्मा, आरपी मिश्रा, राजा सुनारे, कमल पिपलोधे सहित बूथ अध्यक्ष सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पटवा ने सुना मन की बात कार्यक्रम



**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने गौहरगंज तहसील के बूथ क्र. 187 स्थित शासकीय कन्या माध्यमिक शाला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' के 127वें संस्करण को कार्यकर्ताओं के साथ सुना। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, हरगोविंद वर्मा, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, जनपद सदस्य रूपेश चौहान, राधा कुशवाहा, माधव यादव, रामकिशोर चौहान, कांता पटेल, बच्चन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, सुरजीत चौहान, बीलखेड़ी मनोज चौरसिया, पुरुषोत्तम शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पटवा का गौहरगंज के सरपंच ने सम्मान किया।

## भाजपा नेता को थप्पड़ मारने वाला शख्स गिरफ्तार

**भोपाल।** विदिशा से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां स्कूटी पर बैठे भाजपा नेता और अधिवक्ता विमलप्रकाश तारण पर एक शख्स ने अचानक थप्पड़ बरसाने शुरू कर दिए। जिसका किसी व्यक्ति ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि, पुलिस ने शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। पूरा मामला शनिवार की दोपहर स्टेशन रोड स्थित सिटी सेंटर के सामने का बताया जा रहा है। रविवार को इसकी शिकायत शिवराज सिंह चौहान से पीड़ित तारण की थी। केंद्रीय कृषि मंत्री ने एसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संतोष नामदेव उर्फ गांधी मोहनगिरी निवासी को गिरफ्तार कर लिया और उसका जुलूस निकाला। बताया जा रहा है कि आरोपी के खिलाफ आठ मामले दर्ज हैं। वह अभी जमानत से बाहर आया है।

## सीएम से विधायक ने भेंट कर दिवाली की शुभकामनाएं दी

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मप्र कर रहा है निरंतर प्रगति: विधायक पटवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

रविवार को विधायक सुरेंद्र पटवा, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी ने मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचकर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी।

पटवा ने मुख्यमंत्री से कहा कि आपके दूरदर्शी नेतृत्व, जनसेवा के प्रति समर्पण एवं विकास के संकल्प से प्रदेश निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है व आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का स्वप्न साकार रूप ले रहा है।

### स्वदेशी अपनाओ-देश को मजबूत बनाओ का पटवा ने दिया संदेश



विधायक सुरेंद्र पटवा ने गौहरगंज के मुख्य बाजार में आम नागरिकों एवं दुकानदारों से चर्चा करते हुए 'स्वदेशी अपनाओ-देश को मजबूत बनाओ' संदेश के साथ घर-घर और दुकान-दुकान जाकर संवाद किया। मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, भाजपा नेत्री राधा कुशवाहा, बीलखेड़ी एवं रामकिशोर चौहान, हरगोविंद वर्मा, माधव यादव ने बताया कि पटवा ने लोगों को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के लिए प्रेरित किया और स्वयं भी स्थानीय दुकानों से स्वदेशी वस्तुएं खरीदकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त किया।

## नित्यानंद एनक्लेव कॉलोनाइजर बिना टीएंडसीपी बेच रहा प्लॉट

# बिल्डर ने नाले में बनाया अवैध सीवेज टैंक

नितेश पटेल ▶▶ मंडीदीप

मंडीदीप के नजदीक समरधा गांव में नित्यानंद एनक्लेव नाम का कॉलोनाइजर रामवदन वर्मा इन दिनों शासकीय नाले में अतिक्रमण कर रहा है, जहां उसने कॉलोनी के लिए सीवेज टैंक बना दिया, वहीं नाले में मिट्टी डाल कर अतिक्रमण भी तैयारी है। शासकीय राजस्व रिकॉर्ड में नाले की चौड़ाई 30 फीट है। बिल्डर नाले के करीब प्लॉटिंग कर रहा है। जिसकी जानकारी न तो भोपाल हुजूर एसडीएम को है और न ही नगर निगम अधिकारियों को।

बता दें बिल्डर पर फर्जी तरीके से प्लॉटिंग करने के कारण एसडीएम गौहरगंज चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने 4 माह पूर्व एफआईआर के आदेश दिए थे, परन्तु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी।

### समरधा गांव में नाले में मिट्टी डालकर अतिक्रमण की तैयारी



### बिल्डर वर्मा ने नहीं दिया सवाल का जवाब

नित्यानंद एनक्लेव के नाम से समरधा में स्थित प्रोजेक्ट में न तो रेरा है न टीएंडसीपी की अनुमति है। बिल्डर के नाले में निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम तक को शिकायत की, परन्तु अभी तक कार्रवाई नहीं की गई, वही बिल्डर के पास नगर निगम से कोई विकास अनुमति भी नहीं है। इस पूरे मामले को लेकर जब रामवदन वर्मा का पक्ष जानने की कोशिश की गई, परन्तु बिल्डर द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया।

### पता करता हूं...

अवैध बिल्डरों पर नगर पालिका मंडीदीप को नियमानुसार कार्रवाई के लिए आदेशित किया था। अभी क्या स्थिति है, पता कर बताता हूं।

**चंद्रशेखर श्रीवास्तव**
अनुविभागीय अधिकारी, गौहरगंज

### एक्शन लेंगे

जिन बिल्डरों की लिस्ट एफआईआर के लिए मुझे नगर पालिका से मिली है। उनकी जांच जारी है। जल्द ही उन बिल्डरों पर एक्शन लिया जाएगा।

**रंजीत सराठे**
थाना प्रभारी मंडीदीप

## हेल्थ अवेयरनेस के लिए फिटनेस सेंटर पर्याप्त साधन: रामेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा है कि हेल्थ अवेयरनेस के लिए फिटनेस सेंटर पर्याप्त साधन है। सभी को हेल्थ के प्रति सजग रहना चाहिए, साथ ही अपनी हेल्थ के लिए समय निकालने की नितांत आवश्यकता होती है। विधायक शर्मा यहां पर एमके फिट का शुभारंभ कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि बेटियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि असामाजिक तत्व प्रवेश न कर सके। इस अवसर पर एमके फिट की संचालिका मुस्कान ने बताया कि सेंटर अत्याधुनिक है। कार्यक्रम में अशोक चोटरानी, कुमार तोलानी, अर्जुन (पुनी) तोलानी, नरेश चोटरानी, दीपक चोटरानी, जीतेश तोलानी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



### विधायक शर्मा ने सुना पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम

भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रोहन केवट रामू ने बूथ क्रमांक 108 पर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात का आयोजन किया, जिसने विधायक रामेश्वर शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने मन की बात को सुना।

## छठ महा पर्व पर स्वर्गीय रमाशंकर को किया याद

**औबेदुल्लागंज।** नहाए-खाए के साथ छठ पर्व के दूसरे दिन रविवार को व्रतधारकों ने सूर्य उदय के पूर्व स्नान कर पूजा की। भोजपुरी समाज की उषा जायसवाल, सुनीता जायसवाल, उमा जयसवाल ने बताया कि खरना के साथ 36 घंटे का निर्जला उपवास प्रारंभ हो जाएगा। कल डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगे। गणेश जायसवाल, लालबाबू जायसवाल, अशोक जायसवाल, अनिल विश्वकर्मा, मनोज जायसवाल, एनके मिश्रा ने बताया कि स्वर्गीय रमाशंकर जायसवाल ने औबेदुल्लागंज में छठ पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया था। उनको भोजपुरी समाज ने श्रद्धांजलि देकर याद किया।



# प्रधानमंत्री ने अपने कार्यों और नवाचारों से देश में किया सकारात्मक ऊर्जा का संचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के प्रसारण का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कोटरा सुल्तानाबाद स्थित कमला नेहरु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्थानीय निवासियों के साथ श्रवण किया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को स्वदेशी की शपथ दिलाई। मन की बात कार्यक्रम के प्रसारण के बाद अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यों और नवाचारों के आधार पर देश में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया है। मन की बात कार्यक्रम भारत का लघु रूप प्रस्तुत करती है।

विविधता से भरे देश के विभिन्न राज्यों में क्या नया हो रहा है, यह इस कार्यक्रम से संक्षेप में ज्ञात होता है। राज्यों के कई नवाचार अनुकरणीय और प्रेरक होते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज के मन की बात कार्यक्रम के 127वें एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा संस्कृत भाषा के प्रति युवाओं की बढ़ती रूचि का विशेष रूप से उल्लेख किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर गुजरात में केवड़िया धाम पर्यटन के सुंदर और आकर्षण केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### मन की बात कार्यक्रम-विविधता से भरे भारत का प्रस्तुत करती है लघु रूप

### मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम 'मन की बात' का किया श्रवण




### सीएम ने दी छठ पूजा की बधाई

मुख्यमंत्री ने छठ पूजा की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व भारतीय परिवार परम्परा की सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि मप्र स्थापना दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों में सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित महानाट्य की प्रस्तुति भी होगी। कार्यक्रम पूर्ण भव्यता के साथ 5 मंचों पर किया जाएगा। यह भोपाल में उस युग को पुनः जीवंत करने का प्रयास है। सम्राट विक्रमादित्य के जन्म से लेकर उनके राज्यारोहण तक की सभी गाथाओं को एक सूत्र में पिरोया गया है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमुदाय से स्थापना दिवस के कार्यक्रमों में उत्साह के साथ सहभागिता करने का आहवान किया।

### वंदे मातरम की रचना के 150वें वर्ष में प्रवेश कर रहा कार्यक्रम

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम में देश राष्ट्रगीत वंदे मातरम की रचना के 150वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस अवसर पर देशभर में वृहद स्तर पर राष्ट्रभक्ति से प्रेरित आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का उल्लेख करते हुए कहा कि इसे जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने युवाओं से भारतीय जनजाति गौरव के प्रतीक रहे महापुरुषों के जीवन पर आधारित साहित्य और पुस्तकों का अध्ययन कर उनके संघर्षों को जानने समझने का आहवान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में संस्कृत को प्रोत्साहित करने वाले अनेक सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर का उल्लेख करते हुए उनके कार्यों की सराहना की।*

## मप्र के 82 प्रतिशत बूथों पर सुनी गई 'मन की बात'



भोपाल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि मेरे लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि आज मैं ऐसे गांव व क्षेत्र में आया हूं, जहां जनसंघ के जमाने से हमारी विचारधारा और पार्टी बहुत मजबूत स्थिति में रही है। आज भी भाजपा संगठन मप्र में बहुत मजबूत स्थिति में है। संगठन की मजबूती का पूरा श्रेय कार्यकर्ताओं को जाता है। भाजपा में हम किसी भी पद पर रहें, लेकिन हमारे अंदर कार्यकर्ता भाव हमेशा जाग्रत रहना चाहिए। भाजपा अध्यक्ष खंडेलवाल रविवार को रायसेन पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी में दायित्व बदलते रहते हैं, लेकिन कार्यकर्ता भाव रहता है, तो हम संगठन को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में ऐसे सभी विषयों पर बात करते हैं, जो आम लोगों से जुड़ी होती हैं।

### कांग्रेस ने देश-प्रदेश में 50 वर्षों तक शासन किया

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक खण्डेलवाल ने कहा कि देश की आजादी के बाद देश और मप्र में लगभग 50 वर्षों तक शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी ने कभी गरीबों के हक और भलाई के लिए कार्य नहीं किया। कांग्रेस पार्टी और उसके नेता सिर्फ वोटों की राजनीति करते रहे। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार गरीबों के साथ सभी समाज वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री गरीबों के कल्याण को ध्यान में रखकर जनहितैषी योजनाएं बनाकर लोगों की गरीबी दूर कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मप्र की भाजपा सरकार प्रदेश में औद्योगीकरण करके लोगों को रोजगार देने का कार्य कर रही है। उद्योगों की स्थापना से जहां मप्र में रोजगार के अवसर पैदा होंगे, वहीं लोगों की आय में वृद्धि होगी और मप्र आत्मनिर्भर बनेगा।

## शाहपुरा में रहवासियों के बीच महापौर ने सुनी ''मन की बात''



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ''मन की बात'' महापौर मालती राय ने रविवार को शाहपुरा में स्थानीय रहवासियों व जनप्रतिनिधियों के साथ सुनी। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष स्नेहलता रघुवंशी, पूर्व सांसद आलोक संजर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

---

### मुख्यमंत्री ने किया महाकौशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय के नए भवन का लोकार्पण

# जहां हर दिशा में कौशल की नर्मदा बहे, वही है महाकौशल

## जबलपुर को मिली 28.33 करोड़ रुपए के 4 बड़े विकास कार्यों की सौगात

### पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स शासकीय महाकौशल महाविद्यालय के नए भवन का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जबलपुर संस्कृति, संस्कार और शिक्षा की त्रिवेणी है। यह संस्कारधानी भी है और न्यायधानी भी। जहां हर दिशा में कौशल ही कौशल की नर्मदा बहती है, वही महाकौशल है। उन्होंने कहा कि महाकौशल को निसर्ग ने अप्रतिम सौंदर्य से नवाजा है। महाकौशल पर मां नर्मदा की अद्भुत कृपा है। हमारी सरकार ने पहली कैबिनेट जबलपुर में कर यहीं से विकास प्राथमिकताएं तय की थीं।

जबलपुर में प्रदेश का सबसे बड़ा एलीवेटेड कॉरीडोर बना कर लोकार्पित कर दिया गया है। इससे जबलपुर के व्यापार-व्यवसाय के विकास को नए पंख लग गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को जबलपुर के महाकौशल ऑटोनॉमस कॉलेज के सभागार में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन सहित मेधावी विद्यार्थियों एवं शिक्षाविदों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र और समाज के विकास के लिए प्रदेश के सभी शैक्षणिक केंद्र अध्ययन और अध्यापन का एक मजबूत आधार तैयार करें। स्कूल और कॉलेज केवल डिग्री देने वाले न बनकर शिक्षा के मंदिर और देवालय बनें। स्कूल-कॉलेजों में रोजगारपरक शिक्षा दी जाए। इससे हमारे विद्यार्थी अध्ययन करते हुए ही रोजगार के क्षेत्र में दक्षता हासिल कर सकेंगे।



### बहुमुखी प्रतिभाओं और समाजसेवियों का सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर के स्कूल और कॉलेजेस के 22 टॉपर्स बच्चों और बहुमुखी प्रतिभाओ को सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपनी शिक्षा को इस दिशा में लगाये, जो नए मध्यप्रदेश का निर्माण करें। मुख्यमंत्री ने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि पाने वाले 5 शिक्षकों और शिक्षाविदों, सामाजिक सेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाले 13 समाजसेवियों और संस्था श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 3 संस्थाओं को सम्मानित किया। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रेरणास्त्रोत बनी 5 महिलाओं, खेल जगत की 6 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आर्वार्ड के लिए चयनित 5 युवाओं को भी सम्मानित किया।

### युवा शक्ति और टेक्नोलॉजी का अनूठा संगम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज भारत के पास युवा शक्ति और टेक्नोलॉजी का अनूठा संगम है। दुनिया के बाकी देश यूथ पॉवर के लिए तरस रहे हैं। वर्ष 2047 में विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने का सबसे बड़ा दायित्व युवाओं के कंधों पर है। युवा साथी अपने परिश्रम, अपनी बुद्धि और अपने बल से भारत की काया पलटे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के समय में सिर्फ टेलेंटेड होना काफी नहीं है, अब आपको टेक फ्रेंडली और एआई इनेबल भी होना पड़ेगा। अपने आपको इंडस्ट्री और जॉब मार्केट के लिए रेडी रखिए। एआई, मशीन लर्निंग, क्लाइड कंप्यूटिंग, डेटा एनालिसिस, बिग डेटा सीखिए, यही भविष्य की स्किल्स हैं।

### 28 करोड़ 33 लाख रुपए की लागत वाले 4 विकास कार्यों का भूमि-पूजन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में जबलपुर में 28 करोड़ 33 लाख रुपए की लागत वाले 4 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने 23 करोड़ 28 लाख रुपए की लागत से 2 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें 13 करोड़ 38 लाख रुपए की लागत से पीएम एक्सीलेंस शासकीय महाकौशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय का नवीन भवन का लोकार्पण शामिल है। इस महाविद्यालय को नए 4 मंजिला भवन की सौगात मिली है, इसमें 19 अत्याधुनिक कक्षाएं, प्रयोगशालाएं, स्टाफ रूम, कॉमन रूम और दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं हैं। इस नए भवन में पर्यावरण अनुकूल निर्माण, जल संरक्षण और डिजिटल शिक्षण की संपूर्ण व्यवस्था की गई है।

---

### राजस्व वसूली को लेकर निगम ने तैयार किया प्लान

## 23 सप्ताह में 186 करोड़ रुपए टैक्स वसूली के लिए निगम ने हर सप्ताह का टारगेट किया तय

◆ *वित्तीय वर्ष समाप्ति के शेष 23 सप्ताह, 13 दिसंबर को लोक अदालत तक संपत्ति व जलकर की राशि 89 करोड़ की वसूली जोन व वार्ड स्तर पर करना होगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजस्व वसूली में पिछड़ रहे नगर निगम प्रशासन ने वित्तीय वर्ष समाप्ति होने में बाकी बचे 23 सप्ताह में 186 करोड़ रुपए से ज्यादा की टैक्स वसूली के लिए साप्ताहिक टारगेट तय कर दिया है। निगम के 21 जोन और 84 वार्डों को लक्ष्य वसूली के लिए टारगेट दे दिया गया है। जबकि आगामी 13 दिसंबर को होने वाली लोक अदालत तक 89 ड़ रुपए टैक्स वसूली के लिए सभी वार्डों को लक्ष्य दिया गया है। 31 मार्च 2026 तक 186 करोड़ रुपए से ज्यादा की वसूली राजस्व के रूप में निगम को करना है। शहर के बड़े बकायादारों को लेकर भी निगम सख्ती करेगा ताकि अधिक से अधिक राजस्व वसूली की जा सके।

### एक करोड़ से ज्यादा की वसूली का लक्ष्य

*किसी जोन में एक करोड़ तो कहीं 80 लाख से ज्यादा की होना है वसूली नगर निगम के 21 जोन में कई जोन ऐसे हैं जिन्हें एक सप्ताह में एक करोड़ से ज्यादा की वसूली का लक्ष्य दिया गया है जबकि अधिकांश वार्डों को 13 से 15 लाख तक का टारगेट दिया गया है।*

### सोमवार से वसूली में जुटेंगे वार्ड प्रभारी

*वार्ड स्तर पर बकायादारों को नोटिस देकर वसूली का काम तेजी से होगा। निगम में पंजीकृत भवन स्वामी के मोबाइल नंबर पर मैसेज भी भेजे जा रहे हैं।*

### निर्धारित लक्ष्य का आंकड़ा जारी

निगम ने शहर के सभी वार्डों और जोन को निर्धारित लक्ष्य का आंकड़ा जारी कर तेजी से वसूली करने को कहा गया है। वार्ड स्तर पर बकायादारों से टैक्स की वसूली के लिए मैदानी कर्मचारियों को किसी भी तरह की लापरवाही नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। यही नहीं राजस्व विभाग के अधिकारी इस काम पर रोजाना हो रही वसूली पर भी नजर रखेंगे और रोज मॉनिटरिंग की जाएगी।

**दो माह में 51 करोड़ 24 लाख संपत्ति कर की होना है बकायादारों से वसूली**

---




### पदाधिकारियों को ही असंतुष्टों को मनाने का जिम्मा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए बिहार चुनाव के बीच अपनी टीम घोषित कर दी। वर्चुअल मीटिंग में पदाधिकारियों को हिदायत दी गई कि वे अपना स्वागत, अभिनंदन कराने से बचें। उन नेताओं के घर जाएं, जो पदाधिकारी न बन पाने के कारण नाराज हैं। लोधी, गुर्जर, कायस्थ, रघुवंशी और सिंधी सहित कई समाजों ने प्रतिनिधित्व न मिलने पर नाराजगी जताई है। शैलेंद्र शर्मा ने सोशल मीडिया के जरिए अनुशासन के दायरे में अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। आदिवासी और दलित वर्ग में असंतोष के स्वर इसलिए उभर रहे हैं क्योंकि उन्हें प्रतिनिधित्व देने के नाम पर सांसदों, विधायकों को जगह दे दी गई। कुछ वरिष्ठ नेताओं में जूनियर नेताओं को बड़ा पद देने के कारण असंतोष है।

### कांग्रेस में कम नहीं हो पा रही खींचतान

पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार समन्वय बनाकर काम करते नहीं दिखाई पड़ते। दोनों में ही आपसी खींचतान के संकेत कई बार मिल जाते हैं। प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने ही कह दिया कि पार्टी के अंदर समन्वय की कमी है। पार्टी के कई नेता आपसी तालमेल और संवाद की जगह व्यक्तिगत एजेंडे पर काम कर रहे हैं। इससे संगठन की एकजुटता प्रभावित हो रही है। डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि कांग्रेस बड़ी पार्टी है और जहां चार बर्तन होते हैं तो खटकते ही हैं।

### भाजपा के 'गुजरात मॉडल' ने उड़ाई मंत्रियों की नींद

भाजपा के 'गुजरात मॉडल' ने मप्र में पार्टी नेताओं खास कर राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों की नींद उड़ा रखी है। गुजरात में मंत्रिमंडल विस्तार से पहले मुख्यमंत्री को छोड़ कर सभी 16 मंत्रियों का इस्तीफा ले लिया गया था। मोहन मंत्रिमंडल में 4 पद खाली हैं जबकि परफॉरमेंस के आधार पर कुछ मंत्रियों को हटाए जाने पर विचार चल रहा है। लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के जिन विधायकों को वादा कर भाजपा में शामिल किया गया था, वे मंत्री बनने के इंतजार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सभी प्रमुख नेताओं से बात कर चुके हैं, लेकिन अभी तक विस्तार आकार नहीं ले सका।

### उमा की इच्छा का सम्मान कर पाएगा भाजपा नेतृत्व?

वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव न लड़ने की घोषणा करने वालीं भाजपा की वरिष्ठ नेता साध्वी उमा भारती ने एक बार फिर लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। उन्होंने कहा है कि चूंकि उनका गांव झांसी के नजदीक है, इसलिए वे वहां से ही चुनाव लड़ना चाहेंगी। झांसी से वर्तमान में भाजपा के अनुराग शर्मा सांसद हैं। उमा ने यह भी कहा है कि मेरे चुनाव लड़ने के लिए जरूरी है कि भाजपा उन्हें टिकट दे और दूसरा, अनुराग मेरे लिए सीट छोड़ने के लिए तैयार हों। उमा पहले भी झांसी से सांसद रह चुकी हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भी उन्होंने चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी लेकिन बाद में वे चुनाव नहीं लड़ीं। उमा लंबे समय से पार्टी में साइडलाइन हैं लेकिन वे खुद यह स्वीकार नहीं करतीं। उनका कहना है कि मैं राजनीति में हाशिए पर नहीं हूं, गाय और गंगा के लिए दिल से कार्य कर कर रही हूं, इसके अलावा पॉलिटिक्स में मेरी और कोई रुचि नहीं है।

### किसानों के मुद्दे पर राजनीति तेज

सोयाबीन को लेकर सरकार की भावांतर योजना को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी किसान कांग्रेस के साथ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बंगले पहुंच गए थे। इसे लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने पटवारी को घेरा और कांग्रेस नेताओं पर बिना अनुमति प्रदर्शन करने पर एफआईआर दर्ज हो गई। खंडेलवाल की टिप्पणी प्रदेश भाजपा द्वारा सोशल मीडिया के फेसबुक अकाउंट पर डाली गई तो वहां विरोधी टिप्पणियां आने लगीं। वरिष्ठ मंत्री करन सिंह वर्मा योजना पर असहमति जता चुके हैं।

**दिनेश निगम 'त्यागी'**

---

### अपनी जमीन बचाने हड़ताल पर बैठा किसान

## डबल इंजन सरकार कर रही किसानों पर अत्याचार, बोले प्रदेशाध्यक्ष पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवार ने आज देवास जिले की कन्नौज तहसील के ग्राम कलवार में रेल परियोजना के लिए किए जा रहे उपजाऊ भूमि अधिग्रहण के खिलाफ अनशनरत किसानों से मुलाकात की।

ग्राम कलवार में दर्जनों किसान परिवार पिछले एक माह से लगातार अनशन पर बैठे हैं। वे अपनी पैतृक और उपजाऊ कृषि भूमि को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यह क्षेत्र केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का संसदीय क्षेत्र है, फिर भी किसानों की पीड़ा सुनने कोई सरकारी प्रतिनिधि तक नहीं पहुंचा। कृषि मंत्री के संसदीय क्षेत्र में ही किसान अपनी जमीन बचाने के लिए भूख हड़ताल पर बैठा है, इससे बड़ा अन्याय और क्या हो सकता है। यह डबल इंजन सरकार किसानों को लूट रही है और उनकी मेहनत की जमीनें छीनने पर तुली हुई है। भूमि अधिग्रहण अधिनियम देश में कांग्रेस पार्टी लेकर आई थी।

## बिहार चुनाव में स्टार प्रचारक बने दिग्विजय सिंह और जीतू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिहार में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। सभी राजनीतिक दलों ने ने अपनी कमर कस ली है। इसी कड़ी में कांग्रेस ने अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है, जो बिहार में हुंकार भरेंगे। पार्टी ने मध्य प्रदेश से पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह को चुनावी रण संभालने की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी बिहार में हुंकार भरेंगे। फेस -1 में दोनों नेता चुनाव प्रचार करते हुए नजर आएंगे। हालांकि मध्य प्रदेश से कई और भी नेताओं की ड्यूटी लगाई जाएगी। उन्होंने आगामी चरणों में ड्यूटी लगाने के लिए आदेश भी जल्द ही जारी होंगे।

## मंडियों में नहीं मिल रहा समर्थन मूल्य, किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



पूर्व केंद्रीय मंत्री और मध्यप्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव ने राजधानी में प्रेस कॉन्फ्रेंस में किसानों की समस्याओं और मंडी बोर्ड की वित्तीय स्थिति को लेकर सरकार पर जमकर हमला बोला। यादव ने बताया कि सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5300 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया, लेकिन मंडियों में किसानों को केवल 3500 रुपये में फसल बेचनी पड़ रही है। मक्का सहित अन्य फसलों का भी उचित दाम नहीं मिल रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मंडी बोर्ड को 1500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त लोन दिलाया जा रहा है, जबकि मंडी बोर्ड पहले से ही लगभग 1700 करोड़ रुपये के बकाया में है। कर्मचारियों को वेतन और पेंशन समय पर नहीं मिल पा रही हैं। सरकार किसानों को भुगतान करना चाहती है, तो खुद लोन ले यादव ने कहा कि मंडी बोर्ड एक स्वायत्त संस्था है। यदि सरकार किसानों को भुगतान करना चाहती है, तो खुद लोन ले और भुगतान करे।

---

### आर्थिक मदद करने वाले परिवारों से पार्टी नेताओं का होगा सीधा संपर्क

# 230 विधानसभा से कांग्रेस जुटाएगी 25 करोड़- पचमढ़ी ट्रेनिंग के बाद जारी होगा 60 दिनों का प्रोग्राम, बनेंगी वार्ड और पंचायत कमेटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस अब पार्टी को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र के 25 हजार घरों से 100-100 रुपए जुटाएगी। 230 विधानसभाओं से करीब 25 करोड़ रुपए इकट्ठा करने का टारगेट फिक्स किया गया है।

इसके पीछे संगठन की सोच यह है कि एक तरफ जहां पार्टी के पास फंड की व्यवस्था होगी। दूसरी तरफ आर्थिक रूप से मदद करने वाले परिवारों से पार्टी के नेताओं का सीधा संपर्क होगा। पचमढ़ी में 2 से 11 नवंबर तक एमपी कांग्रेस के जिलाध्यक्षों की ट्रेनिंग होगी। इस दौरान प्रदेश के करीब एक हजार ब्लॉक अध्यक्षों के नामों की घोषणा करने की तैयारी है। 20 जिलों के ब्लॉक अध्यक्षों के नाम फाइनल हो गए हैं। एक हफ्ते में सभी ब्लॉकों के अध्यक्षों के नाम तय हो जाएंगे। वहीं, ट्रेनिंग कैंप के तुरंत बाद 60 दिनों का प्रोग्राम घोषित किया जाएगा, जिसमें पूरे प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत कांग्रेस कमेटी और वार्ड कांग्रेस कमेटी का गठन किया जाएगा। इसके लिए सभी नेताओं, पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी जाएंगी।




### अगले चुनावों का रोडमैप होगा तैयार

ट्रेनिंग कैंप में कांग्रेस जिलाध्यक्षों को अपने जिले में ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर, वार्ड, ग्राम पंचायत और बूथ लेवल तक संगठन बनाने के बारे में बताया जाएगा। आगामी समय में होने वाले नगरीय निकाय, पंचायत चुनाव और 2028 के विधानसभा और 2029 के लोकसभा चुनाव को लेकर कैसे रणनीति बनाना है, इसका पूरा रोडमैप बताया जाएगा।

### गनमैन, ड्राइवर, पीए को एंट्री नहीं

*पचमढ़ी के ट्रेनिंग कैंप में जिलाध्यक्षों को पीसीसी की ओर से भेजे गए पत्र में लिखा है कि आपको समय से पहले इसलिए सूचना दे रहे हैं ताकि आप हर दृष्टि से तैयारी कर लें। 2 नवंबर को सुबह 10 बजे तक हर हाल में प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। जिलाध्यक्षों के गनमैन, ड्राइवर, पीए को एंट्री नहीं दी जाएगी।*

### जिलाध्यक्षों से वन-टू-वन चर्चा करेंगे राहुल गांधी

*शिविर में राहुल गांधी बिहार विस चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद शामिल होंगे। पीसीसी के मुताबिक राहुल और खड़गे का कार्यक्रम 8 से 10 नवंबर के बीच संभावित है। 6 नवंबर को बिहार में पहले चरण का मतदान होना है। राहुल ट्रेनिंग के दौरान जिलाध्यक्षों को न केवल संबोधित करेंगे, बल्कि उनसे वन-टू-वन भी करेंगे। जिसमें वे सामाजिक, राजनीतिक परिस्थितियों, चुनौतियों और भविष्य की रणनीति पर बात कर सकते हैं।*

## पेज एक का शेष....

### 15.72 करोड़ घरों ...

थी। उस समय केवल 3.23 करोड़ ग्रामीण घरों को नल से जल मिल रहा था, जबकि अब 12.48 करोड़ अतिरिक्त घर इस सुविधा से जुड़े हैं। 2.08 लाख करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता से चल रहे इस मिशन ने ग्रामीण बुनियादी ढांचे में सबसे तेज विस्तार का रिकॉर्ड बनाया है। इस योजना ने न केवल पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की है बल्कि ग्रामीण महिलाओं का सदियों पुराना बोझ भी कम किया है।

### बहनें अब जॉब ....

आय अर्जित कर रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित एमपी एक्सीलेंस अवार्ड-2025 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी को छठ पूजा की शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम में बालिकाओं की ओर से स्वागत स्वरूप कथक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर एमपी एक्सीलेंस अवार्ड समारोह के उद्देश्यों पर लघु फिल्म की प्रस्तुति दी गई। मुख्यमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में जारी महिला सशक्तिकरण, औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार, मप्र में संचालित विकास गतिविधियों और जनकल्याण कार्यक्रमों पर भी लघु फिल्म दिखाई गई।

**इन्हें मिला एमपी एक्सीलेंस अवार्डः** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मान समारोह में श्रेणी-1 में सुश्री गौरांशी शर्मा, सरगम कुशवाहा, भावना डेहरिया, सिद्धि मिश्रा, निशिता पाठरकर, शांति देवी, श्रुति अधिकारी, लता मुंशी, मुस्कान रघुवंशी, संगीता राजगीर, शिवि श्रीवास्तव, सोमित दुबे, कनिष्का शर्मा, शिखा शर्मा, मनन सिंह और अविराज सिंह ठाकुर को सम्मानित किया। श्रेणी-2 में नमन देशमुख, मयंक तिवारी, सिमरन बहल, विजय निहाल चंदानी, माही पवार, इशिका ककड़े, देवेंद्र गोरे, चिन्मय गोधा, आयुष गुप्ता, दैविका वघेला, वंशदीप, आरविका गुप्ता और सुषांत कौशल को सम्मानित किया।

### 21वीं सदी...

करना। भारत इसका समर्थन करता है और इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत हर आपदा में अपने आसियान भागीदारों के साथ हमेशा मजबूती से खड़ा रहा है। हम शिक्षा, पर्यटन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, हरित ऊर्जा और साइबर सुरक्षा में द्विपक्षीय सहयोग को मज़बूती से बढ़ावा दे रहे हैं। 21वीं सदी हमारी सदी है। यह भारत और आसियान की सदी है। मुझे विश्वास है कि आसियान सामुदायिक विज़न 2045 और विकसित भारत 2047 का उद्देश्य पूरी मानवता के लिए एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेगा।

### सांस्कृतिक संबंधों का ...

यापारिक संबंध हैं, बल्कि सांस्कृतिक संबंध भी हैं। आसियान भारत की एक्ट ईस्ट नीति का मुख्य स्तंभ है। भारत ने हमेशा आसियान की केंद्रीयता और हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर आसियान के दृष्टिकोण का समर्थन किया है।

### मलयेशियाई प्रधानमंत्री ....

सम्मेलन के लिए बधाई देता हूं। भारत के देश समन्वयक की भूमि का कुशलता से निभाने पर फिलीपींस के राष्ट्रपति मार्कोस का धन्यवाद करता हूं।

### भारतीय नस्ल के ....

और परिस्थितियों के अनुरूप आसानी से ढल जाते हैं। देश की सुरक्षा एजेंसियां जैसे बीएसएफ और सीआरपीएफ ने अपने दस्तों में भारतीय नस्ल के डॉग्स की संख्या बढ़ाई है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने ग्वालियर के टेकनपुर में स्थित बीएसएफ का नेशनल ट्रेनिंग सेंटर का जिक्र किया। जहां रामपुर हाउंड (उत्तर प्रदेश) और मुधोल हाउंड (कर्नाटक व महाराष्ट्र) नस्लों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। इन श्वानों की क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए उनके लिए ट्रेनिंग मैनुअल को भी नए सिरे से तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि बेंगलुरु में स्थित सीआरपीएफ के डॉग ब्रीडिंग एंड ट्रेनिंग स्कूल में मोंग्रेल्स, मुधोल हाउंड, कोम्बाई और पांडिकोना जैसी भारतीय नस्लों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### अनूपपुर में जज...

हुए मजिस्ट्रेट को जान से मारने की धमकी दी और पथराव किया। मामले की शिकायत पर भालूमाड़ा पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की पड़ताल में जुट गई है। घटना 24 अक्टूबर की देर रात करीब 12:30 बजे की है, जहां अनूपपुर जिले के भालूमाड़ा स्थित डी/3 ऑफिसर कॉलोनी में मजिस्ट्रेट अमनदीप सिंह छाबड़ा अपने परिवार के साथ सो रहे थे। हमलावरों ने गालियां दीं। कहा- कैसे मजिस्ट्रेटी करते हो, देख लेंगे, जान से मार देंगे। इतना ही नहीं, आरोपियों ने सरकारी संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया। पत्थरबाजी से न्यायाधीश के सरकारी आवास का गेट लैंप तोड़ा, दीवार में लगे लोहे के एंगल तोड़े और घर के आंगन में पथराव किया। इससे पूरा परिवार दहशत में आ गया, जब न्यायाधीश बाहर निकले तो हमलावर मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मजिस्ट्रेट ने तत्काल थाना भालूमाड़ा के प्रभारी को दी। मजिस्ट्रेट अमनदीप सिंह छाबड़ा की लिखित शिकायत पर थाना भालूमाड़ा पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 224, 296, 324, 331(6), 333, 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है। घटना की जानकारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनूपपुर और पुलिस अधीक्षक अनूपपुर को भी दे दी गई है।

### दतिया में पुलिस ....

एएसआई राकेश कुमार सहित तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। हमलावरों ने पुलिसकर्मियों के तीन मोबाइल फोन और एक पर्स लूट लिया। पुलिस ने फरियादी एएसआई की रिपोर्ट पर 18 नामजद और 10 से 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना डीपार में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक राकेश कुमार 25 अक्टूबर को ग्राम की शाम जरा में 23 अक्टूबर को हुई मारपीट की घटना की विवेचना के लिए पहुंचे थे। उनके साथ आरक्षक निजाम खान, शैलेंद्र गिरी और सुरेंद्र सिंह सेंगर थे। पुलिस टीम ने आरोपियों को नोटिस देने और लाठी-डंडे जब्त करने की कार्रवाई शुरू की थी। तभी शाम करीब सवा पांच से छह बजे के बीच अचानक बड़ी संख्या में लोग इकट्ठे हो गए और पुलिस पर हमला बोल दिया।

### मऊगंज में रेप...

एएसपी विक्रम सिंह और एसडीओपी सची पाठक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। रात करीब ढाई बजे लोगों की परेशानी को देखते हुए ग्रामीणों मे रास्ता खोल दिया। रीवा से अतिरिक्त पुलिसबल बुलाया गया है। 15 अगस्त 2025 को नाबालिग का अपहरण कर गैंगरेप हुआ था। करीब एक हफ्ते बाद आरोपियों के चंगुल से छूटकर घर आई नाबालिग ने गांव के ही दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हीं आरोपियों में से एक पंकज सोनी ने अब पीड़िता के पिता का अपहरण किया है। पुलिस ने आरोपी पंकज सोनी को गिरफ्तार कर लिया। मऊगंज एएसपी विक्रम सिंह ने बताया कि जांच में फायरिंग के सबूत भी मिले हैं। फिलहाल पीड़िता के पिता की तलाश जारी है। एसडीओपी मऊगंज ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में कबूल किया कि उसने गवाह को डराने के लिए वारदात की। पुलिस ने घटनास्थल से खाली कारतूस और मोबाइल लोकेशन डेटा जब्त किया है।

### एयरलिफ्ट कर दिल्ली...

लाया गया। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने रात करीब 1:30 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पूरी जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उन्हें दिल्ली मेदांता अस्पताल में एयरलिफ्ट करने को कहा। रविवार सुबह 8 बजे उन्हें मेदांता ले जाया गया। जहां, उनका इलाज चल रहा है।

### परिजनों ने आरोपी...

हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में तनाव फैल गया। वर्तमान में गांव में भारी पुलिस बल तैनात है और स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।

युवक की मौत से गुस्साए जाटव समाज के लोगों ने आरोपी पक्ष के घर पर धावा बोल दिया। भीड़ ने घर में तोड़फोड़ की, खिड़कियां चकनाचूर कर दीं और वहां खड़ी एक कार और बाइक में आग लगा दी। एसपी असित यादव और एएसपी संजीव पाठक भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने मामले में 5 नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही आगजनी और उपद्रव के आरोपों पर भी अलग मामला कायम किया गया है।

### जुजित्सु खिलाड़ी...

रूप में कार्यरत थीं और शनिवार को ही घर देवास लौटी थीं। परिजनों के मुताबिक रविवार सुबह वह पूरी तरह सामान्य थीं। नाश्ता करने के बाद उन्हें एक फोन आया, जिसके बाद वह अपने कमरे में चली गईं और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक बाहर न आने पर छोटी बहन ने सब्बल से दरवाजा तोड़ा तो रोहिणी फांसी पर लटकी मिलीं।

रोहिणी कलम ने पिछले वर्ष अबू धाबी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय जुजित्सु प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था। कुछ समय पहले उनका पेट में गठान का ऑपरेशन भी हुआ था। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हुआ है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### नौका विहार करेंगी ....

दरअसल यह अवसर होगा सूर्य आराधना के छठ महापर्व का। भोजपुरी समाज के लोग सुख-समृद्धि, अच्छी सेहत और संतान सुख की कामना के साथ छठ माता की पूजा करने के साथ ही अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देंगे। पूजा में ठेकुआ समेत घर में बने पकवान, ऋतु फल व सब्जी का उपयोग किया जाएगा। छठ महापर्व के दूसरे दिन रविवार पंचमी तिथि पर खरना व्रत किया गया।

इस दौरान निर्जल उपवास रखने के बाद शाम को खीर रोटी प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। राजधानी में करीब चार लाख से अधिक श्रद्धालु पूजा करेंगे। शीतलदास की बगिया घाट को भव्य तरीके से सजाया गया है। यहां 2100 दीए तालाब में छोड़े जाएंगे। वहीं छठ मैया को नौका विहार कराया जाएगा।

### क्रिकेट खेलते वक्त...

में गिरने से उनकी जान चली गई। घटना शाम करीब साढ़े पांच से 6 बजे के बीच की है। त्रिमूर्ति नगर निवासी विनायक विश्वकर्मा (10) और कान्हा विश्वकर्मा अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेल रहे थे। खेल के दौरान कान्हा ने बल्ला घुमाया तो गेंद अस्पताल के अंदर जा गिरी। छुट्टी का दिन होने के कारण अस्पताल में ताला था। बच्चे बाउंड्रीवाल फांदकर अंदर पहुंचे, लेकिन झाड़ियों के बीच खुले टैंक को नहीं देख पाए और उसमें गिर गए। काफी देर तक जब दोनों बाहर नहीं आए तो दोस्तों ने परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिवार और पड़ोसी मौके पर पहुंचे और पुलिस को खबर दी। गोहलपुर थाना पुलिस और नगर निगम टीम ने टैंक की सर्चिंग कराई। पहले चप्पल मिली, फिर कुछ देर बाद दोनों बच्चों के शव बरामद किए गए। स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इतने बड़े सरकारी अस्पताल में खुले टैंक का होना और उस पर कोई चेतावनी बोर्ड या सुरक्षा इंतजाम न होना प्रबंधन की जिम्मेदारी को दर्शाता है।

### भोपाल में फिलहाल ...

धुंध से विजिबिलिटी 1000 मीटर के करीब पहुंच गई। रविवार को प्रदेश के चार संभागों के जिलों में बारिश दर्ज की गई है। भोपाल में 24 घंटे में 2 और सुबह 8:30 से शाम 5:30 बजे तक 8 मिमी बारिश हुई है। सुबह से शाम तक प्रदेश में सर्वाधिक बारिश श्योपुर में 46 मिमी रही।

## रिलायंस का एआई में मेगा प्लान

# 1 लाख करोड़ निवेश से गुजरात में बनेगा 1 गीगावाट डेटा सेंटर

जामनगर में होगी 1 गीगावाट डेटा सेंटर की शुरुआत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सेक्टर में बड़ा दांव लगाने जा रही है।

मॉर्गन स्टैनली की रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी अगले कुछ वर्षों में 12-15 अरब डॉलर (लगभग 1 लाख करोड़) का निवेश कर सकती है। इसका मुख्य उद्देश्य भारत में गीगावॉट-स्केल एआई डेटा सेंटर तैयार करना और देश को डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में आत्मनिर्भर बनाना है। रिलायंस का पहला 1 गीगावाट डेटा सेंटर जामनगर, गुजरात में तैयार हो रहा है। पहले चरण में 100 मेगावाट की क्षमता का इस्तेमाल किया जाएगा,



जिसे अगले दो वर्षों में बढ़ाकर 1गीगावाट तक ले जाया जाएगा। इस डेटा सेंटर का एक हिस्सा एआई और लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स पर काम करने वाली कंपनियों लीज पर दिया जाएगा। रिलायंस गूगल के साथ मिलकर जामनगर में एक डेडिकेटेड क्लाउड रीजन भी स्थापित कर रही है, जो देश की डिजिटल जरूरतों को नई दिशा देगा।

## बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना निम्न दबाव का क्षेत्र

# 'मोंथा' तूफान फिर छग के दक्षिण को करेगा तरबतर, तीन राज्यों में अलर्ट

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर/रायपुर

बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना निम्न दबाव का क्षेत्र रविवार को और अधिक निम्न दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील हो गया। यह चक्रवात मोंथा धीरे-धीरे पूर्वी तट की ओर बढ़ रहा है। ओडिशा सरकार ने सभी 30 जिलों को अलर्ट पर रखा है। पश्चिम बंगाल में तूफान का असर देखने को मिलेगा। वहीं, आंध्र प्रदेश सरकार ने मोंथा चक्रवात के आने की संभावना के चलते राहत और आवश्यक आपूर्ति के लिए एक कार्य योजना तैयार की है। सेना की टीम भी अलर्ट मोड पर है। इधर, चक्रवात मोंथा का असर छत्तीसगढ़ पर दिखेगा।

छग के दक्षिणी इलाकों में 28 से 29 अक्टूबर तक भारी बारिश का अनुमान है। तूफान के आंध्र प्रदेश तट पर मछलीपट्टनम और कलिंगपट्टनम के बीच काकीनाडा के आसपास से मंगलवार की शाम या रात्रि के समय 110 किमी प्रति घंटे की गति गुजरने की अत्यधिक संभावना है। विभाग ने कहा कि ओडिशा में 28 और 29 अक्टूबर को बहुत भारी से अत्यधिक भारी बारिश होगी।



### अलर्ट जारी किया गया

आईएमडी ने ओडिशा के कई दक्षिणी और तटीय जिलों के लिए 'रेड', 'ऑरेंज' और 'येलो अलर्ट' जारी किए हैं। ओडिशा में कुछ स्थानों पर 20 सेंटीमीटर से अधिक बारिश हो सकती है। ओडिशा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने बताया कि राज्य के सभी 30 जिलों को अलर्ट पर रखा गया है और बचाव एवं राहत कार्यों के लिए कर्मी और मशीनरी तैयार हैं।

### भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना

मौसम विभाग ने कहा, इसके पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने तथा अगले 24 घंटे के दौरान दक्षिण पश्चिम एवं उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है। बाद में इसके उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने, बढ़ जाएगा।

### किस राज्य में कैसा असर

- **ओडिशाः** 27 से 30 अक्टूबर तक भारी से बहुत भारी बारिश।
- **छत्तीसगढ़ः** 28–29 अक्टूबर को तेज बारिश।
- **झारखंड और बिहारः** 29–31 अक्टूबर के बीच हल्की से मध्यम बारिश।
- **पश्चिम बंगाल और सिक्किमः** 28–30 अक्टूबर के दौरान गरज-चमक के साथ बारिश।
- **दक्षिण भारतः** चक्रवात से मचेगी बारिश की बौछारें
- तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक के तटीय इलाकों में अगले पांच दिनों तक भारी बारिश का दौर जारी रहेगा।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्प्लेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

हरिभूमि रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आम सूचना/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473
GUPTA DECOR & FURNISHING
Kurl-on | Sleepwell | Springwel | bonds | Foam & Mattress
Product Range Available
Sofa Cloth | Curtains | Wallpapers | Blinds
Pu Foam | Mattress | Carpets | Bed Sheet
WPC Doors | Door | Louvers | Glass Work
Wall Art | Wooden Flooring | Aluminium Work
Festive Offers Get Upto 20%* Off on All Product Range
CONTACT US 90009303994 | 8226043994 | 9981047959 | 9074270227
Shop No.222, Behind Sargam Talkies, Zone-II, M.P. Nagar, Bhopal
SUNDAY OPEN

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
– व्यावस्थापक

## शब्द पहेली - 6029



**बाएँ से दाए-**

1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -6028 का हल**



## सूडोकु नवताल- 6039

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6038 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## राशिफल

**मेष:** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष:** कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क:** अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या:** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक:** आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु:** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर:** वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ:** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

## कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने कहा फिर मिला छठ पूजा से अर्थव्यवस्था को बूस्टर

# भोपाल में 20 करोड़ से अधिक और देशभर में 38 हजार करोड़ रुपए का व्यापार




वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल/नई दिल्ली

राजधानी भोपाल, मध्यप्रदेश सहित देशभर सूर्य देव को समर्पित चार दिनों का छठ पूजा का भव्य त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। 25 अक्टूबर से शुरू इस त्योहार से जुड़े पारंपरिक रीति-रिवाजों में भोपाल के करीब ढाई लाख और मध्यप्रदेश के लगभग 15 करोड़ भक्त शामिल हो रहे हैं। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के अनुसार चार दिवसीय इस वर्ष छठ पूजा से मध्यप्रदेश सहित देश में लगभग 38,000 करोड़ रुपए का व्यापार होने की उम्मीद की जा रही है। बीते वर्ष छठ पूजा को लेकर यह आंकड़ा 31,000 करोड़ था, जो कि 7000 करोड़ रुपए की वृद्धि को दिखाता है। जबकि इससे पहले 2023 में यही आंकड़ा 27,000 करोड़ रुपए था, जो कि छठ से जुड़े व्यापार में समय के साथ हो रही बढ़ोतरी को दर्शाता है। संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार राजधानी भोपाल में इस पर्व पर कारोबार का आंकड़ा 20 करोड़ रुपए के पार जाने की उम्मीद है। गौरतलब है कि छठ पूजा का यह त्योहार मुख्य रूप से मध्यप्रदेश, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा, महाराष्ट्र और विदर्भ में रह रहे लोगों द्वारा मनाया जाता है। इसके अलावा देश के अलग-अलग राज्यों में रह रहे लाखों पूर्वांचली लोग भी इस पर्व को मनाते हैं। कैट के सेक्रेटरी जनरल प्रवीण खंडेलवाल और मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि छठ पूजा के त्योहार से जुड़े मुख्य सामान में सूप, दौरा, बांस की टोकरियां, मिट्टी के दीए, गन्ना, केला, नारियल, सेब, नींबू जैसे फल, गेहूं और चावल का आटा, पारंपरिक ठेकुआ जैसी मिठाइयां, खजूर, पूजा का सामान, साड़ियां, पारंपरिक कपड़े, सजावट का सामान, दूध, घी, बर्तन, टेंट और मेहमाननवाजी की सेवाएं शामिल हैं। उन्होंने आगे बताया कि साड़ियां, लहंगा-चुनरी, महिलाओं के लिए सलवार-कुर्ता और कुर्ता-पायजामा, पुरुषों के लिए धोती जैसे पारंपरिक कपड़े अधिक से अधिक मात्रा में खरीदे जा रहे हैं, जिससे स्थानीय व्यापारियों और छोटे उद्योगों को फायदा हो रहा है। इसके अलावा, हाथ से बनी स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री में भी उछाल देखा जा रहा है।

## छठ पूजा पर बाजारों में रौनक

### बाजारों में हुई केला, नींबू, गन्ना, सिंघाड़ा, मूली अदरक, सुथनी और हरी सब्जियों की अच्छी बिक्री



### 60 लाख रुपए से अधिक की नारियल बिक्री

*वाणिज्य प्रतिनिधि.भोपाल। छठ पूजा के चलते राजधानी के बाजारों में रौनक बढ़ी हुई है। बाजारों में सब्जी, फल और पूजन सामग्री की दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी हुई। रविवार को राजधानी सभी हाट बाजारों में पूरे दिन खरीदारी का माहौल रहा। श्रद्धालु छठ माता की पूजा के लिए आवश्यक सामग्री की खरीदी करते व्यस्त दिखे। बाजारों में नारियल, केला, नींबू, गन्ना, ईख, सिंघाड़ा, मूली, अदरक, सुथनी और हरी सब्जियों की अच्छी बिक्री हुई। इसके अतिरिक्त, सेब, अमरूद, नारंगी और अनार जैसे फलों की भी खूब खरीदारी की गई। लोगों की बढ़ती मांग को देखते हुए कई अस्थायी दुकानें और ठेले भी सड़कों पर लगाए गए हैं। दुकानदारों के चेहरों पर भी उत्साह साफ झलक रहा था। महिलाएं साड़ी, डलिया, दौरा और पूजन थालियां खरीदने में जुटी रहीं। बाजारों में रंग-बिरंगी साड़ियों और पूजा सामग्री से सजी दुकानों ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया है। विक्रेताओं के अनुसार छठ पर्व पर मांग बढ़ने के कारण फलों और सब्जियों के दामों में मामूली बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई है। सभी भगवान सूर्य और छठी मइया की आराधना में पूरी श्रद्धा के साथ जुटे हुए हैं। लेकिन शाम होते-होते बाजारों की रौनक और बढ़ जाती है। छठ पूजा की खरीदारी से बाजारों में नई ऊर्जा और उल्लास का माहौल दिया है। श्रद्धालुओं की आस्था, दुकानदारों की व्यस्तता और प्रशासन की तैयारियों के बीच पूरा क्षेत्र इस पर्व में डूबा नजर आया।*



### बांस की बत्तियों से बने सूप और दउरा की खूब हुई बिक्री

*बाजार में पीतल के सूप आने के बावजूद छठ पर्व पर बांस की पतली और चिपटी बत्तियों से बने सूप और दउरा की खूब खरीदी हुई। राजधानी के बाजारों में सूप के दाम 150 से 210 रुपए जोड़ा और दउरा के दाम डेढ से दो सौ रूपए जोड़ा तक बताए गए । भेल क्षेत्र के हाट बाजार बरखेड़ा, पिपलानी, आनंदनगर , बागसेवानिया सहित अन्य क्षेत्रों में पूजन सामग्रियों के साथ नारियल की भी खूब खरीदी जारी है। कारोबारियों ने बताया कि छठ पर्व पर औसतन 60 लाख रुपए से अधिक की नारियल बिक्री का अनुमान है। कारोबारी बताते है कि राजधानी भोपाल के अलावा आस-पास के ग्रामीण अंचलों में भी छठ पर्व के चलते नारियल की अच्छी मांग है।*

### बाजार में सामग्री के दाम

- सूप तथा सुपती – 150 से 200 रुपए जोड़ा
- डगरा – 120- 150 रुपए प्रति नग
- टोकरी – 150 से 300 रुपए प्रति नग
- नारियल – 60 से 70 रुपए जोड़ा
- हल्दी पौधा – 100 से 200 रुपए सैकड़ा
- अदरख पौधा – 200 से 250 रुपए किलो
- केला – 50 से 70 रुपए दर्जन
- गन्ना – 20 से 50 रुपए प्रति नग
- टाभा नींबू– 40 से 50 रुपए प्रति नग
- सेव – 80 से 150 रुपए प्रति किलो
- नारंगी – 100 से 150 रुपए प्रति किलो
- अनार – 100 से 150 रुपए प्रति किलो
- अमरुद – 60 से 90 रुपए प्रति किलो
- अनानास – 60 से 80 रुपए प्रति नग
- शकरकंद – 50 से 60 रुपए प्रति किलो
- गाजर – 60 से 80 रुपए प्रति किलो
- मूली – 20 से 30 रुपए गड्डी
- पानीफल सिंघाड़ा – 40 से 60 रु. प्रति किलो
- मिश्रीकंद – 60 से 80 रुपए प्रति किलो
- बोड़ा – 40 से 60 रुपए प्रति किलो
- पान – 2 रुपए प्रति नग
- सुपाड़ी – 2 रुपए प्रति नग
- नींबू- 10 रुपए के 4 से 5 नग

# रिलायंस इंश्योरेंस ने स्तन कैंसर जागरुकता अभियान पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶ मुंबई




रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने जागरूकता से तैयारी की ओर बढ़ने की आवश्यकता पर जोर दिया है और इस बात पर जोर दिया है कि सक्रिय स्वास्थ्य और वित्तीय योजना दीर्घकालिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के सीईओ राकेश जैन ने रोकथाम को वित्तीय सुरक्षा के साथ जोड़ने के महत्व पर ज़ोर देते हुए कहाकि स्तन कैंसर जागरूकता माह एक सशक्त अनुस्मारक है कि स्वास्थ्य संबंधी तैयारियाँ हमारे जीवन जीने, योजना बनाने और अपनी सुरक्षा का एक अभिन्न अंग बननी चाहिए। रिलायंस जनरल इंश्योरेंस स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने और सुरक्षा के एक अनिवार्य स्तर के रूप में बीमा के महत्व को बढ़ावा देने वाली पहलों को आगे बढ़ाता रहता है। कंपनी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को सक्षम बनाने और ग्राहकों को अपने स्वास्थ्य और वित्तीय दोनों की जिम्मेदारी लेने के लिए सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। रिलायंस जनरल इंश्योरेंस में, हम स्वास्थ्य बीमा को रोकथाम और सुरक्षा में एक भागीदार के रूप में देखते हैं। हमारा मिशन व्यक्तियों को सूचित स्वास्थ्य निर्णय लेने में मदद करना और यह सुनिश्चित करना है कि चिकित्सा देखभाल सबसे ज़रूरी समय पर सुलभ हो।

## आरबीआई ने जारी किया सर्कुलर

# भारतीय कंपनियों की बढ़ेगी अधिग्रहण की ताकत, बैंक ज्यादा देंगे कर्ज

- यह नया नियम एक अप्रैल, 2026 से लागू होगा
- अधिग्रहण मूल्य का अधिकतम 70 प्रतिशत रकम बैंक दे सकता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




भारतीय कंपनियों की अब घरेलू और विदेशी फर्मों में पूरा या बहुमत हिस्सेदारी खरीदने की ताकत बढ़ेगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को इस तरह के अधिग्रहण के लिए दिए जाने वाले कर्ज की सीमा बढ़ाने का सर्कुलर जारी किया है। यह नया नियम एक अप्रैल, 2026 से लागू होगा। यह ऋण कम अवधि के वित्तीय पुनर्गठन के बजाय लंबी अवधि में मूल्य बनाने वाले रणनीतिक निवेश का हिस्सा होगा। हालांकि आरबीआई ने अधिग्रहण करने वाली कंपनियों को लेकर यह भी स्पष्ट किया है कि यह कंपनियां शेयर बाजार में सूचीबद्ध होनी चाहिए।

इनकी नेटवर्थ भी अच्छी होनी चाहिए। ज्यादा कर्ज देने के लिए बैंक इन कंपनियों के पिछले तीन वर्ष का मुनाफे का रिकॉर्ड भी ध्यान में रखेंगे। रिजर्व बैंक के मसौदे के अनुसार, अधिग्रहण मूल्य का अधिकतम 70 प्रतिशत रकम बैंक दे सकता है। कम से कम 30 प्रतिशत हिस्सा अधिग्रहण करने वाली कंपनी को अपने धन का इस्तेमाल कर इक्विटी के रूप में फंड करना होगा। आरबीआई ने इस तरह के अधिग्रहण में किसी बैंक के कुल निवेश को उसके टियर-1 पूंजी के 10 प्रतिशत तक सीमित करने का प्रस्ताव दिया गया है। सर्कुलर में कहा गया है कि बैंक सीधे अधिग्रहण करने वाली कंपनी को ही लोन दे सकते हैं।

### नीतियों में सभी तरह की शर्तें होंगी मौजूद

*इस तरह की नीति में उधार लेने वालों की योग्यता, सिक्योरिटी, जोखिम प्रबंधन, मार्जिन और निगरानी नियमों की सीमा और शर्तों की जानकारी मौजूद होनी चाहिए। बैंकों को यह सुनिश्चित करने की जरूरत होगी कि अधिग्रहण करने वाली कंपनी और बनाई गई एसपीवी गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां या अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड जैसे वित्तीय बिचौलिये न हों। बैंकों को यह भी सत्यापित करने की जरूरत होगी कि अधिग्रहण करने वाली कंपनी और जिसका अधिग्रहण हो रहा हो, वह आपस में संबंधित न हों। खरीदी जाने वाली कंपनी का मूल्य बाजार नियामक सेबी के नियमों के तहत तय होगा।*

## इंजीनियरिंग अभ्यर्थियों के लिए सुनहरा अवसर

# वीआईटी द्वारा वीआईटीईईई 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ वेल्लोर

VIT
Vellore Institute of Technology
(Deemed to be University under section 3 of UGC Act, 1956)

वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) ने वीआईटीईईई 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक इंजीनियरों को अपने सपनों के करियर की ओर अगला कदम बढ़ाने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

छात्र अब वीआईटी के वेल्लोर, चेन्नई, अमरावती और भोपाल परिसरों में संचालित प्रमुख इंजीनियरिंग कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए www.viteee.vit.ac.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वीआईटीईईई 2026 एक ही चरण में, 28 अप्रैल 2026 से 3 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा। aयह परीक्षा भारत भर के 134 परीक्षा शहरों और 9 अंतर्राष्ट्रीय परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी, जिससे छात्रों को अपने अध्ययन स्थल या मूल क्षेत्र के आधार पर स्थान चुनने की सुविधा मिलेगी। विश्व स्तरीय बुनियादी ढाँचे, मज़बूत उद्योग संबंधों और उत्कृष्ट प्लेसमेंट अवसरों के साथ, वीआईटी इंजीनियरिंग शिक्षा के लिए भारत के सबसे पसंदीदा संस्थानों में से एक बना हुआ है। वीआईटी द्वारा आयोजित यह परीक्षा इसके चार प्रमुख परिसरों - वेल्लोर, चेन्नई, अमरावती और भोपाल - में संचालित इंजीनियरिंग कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। संस्थान ने जानकारी दी है कि वीआईटीईईई 2026 परीक्षा 28 अप्रैल से 3 मई 2026 तक एक ही चरण में संपन्न होगी। इस परीक्षा के लिए देश के 134 शहरों में केंद्र स्थापित किए गए हैं, साथ ही 9 अंतरराष्ट्रीय परीक्षा केंद्रों पर भी यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य देश-विदेश में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अपनी सुविधा अनुसार परीक्षा केंद्र चुनने का अवसर प्रदान करना है। वेल्लोर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी अपनी विश्वस्तरीय अधोसंरचना, अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक मानकों, और उद्योग जगत से गहरे जुड़ाव के लिए जाना जाता है।

## बिजनेस न्यूज

### बीपीसीएल बीना रिफाइनरी और एनजीओ को 'प्रोजेक्ट मुस्कान', 220 लोगों की निःशुल्क सर्जरी



**भोपाल।** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) बीना रिफाइनरी ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) इनिशिएटिव के तहत क्लेफ्ट केंद्रित एनजीओ स्माइल ट्रेन के साथ मध्य प्रदेश के भोपाल , सागर सहित सभी अन्य संभागों में 220 निःशुल्क क्लेफ्ट (कटे होंठ और/या तालु) सर्जरी के समर्थन के लिए साझेदारी की है। बीपीसीएल की 50वीं वर्षगांठ के उत्सव के तहत, यह सहयोग हेल्थकेयर इनिशिएटिव्स के माध्यम से सार्थक सामाजिक प्रभाव उत्पन्न करने के कंपनी के संकल्प को रेखांकित करता है। यह साझेदारी क्लेफ्ट (कटे होंठ और तालु) से संबंधित जागरूकता बढ़ाने और लक्षित क्षेत्रों में निःशुल्क सर्जरी का समर्थन करने पर केंद्रित होगी। स्माइल ट्रेन इंडिया द्वारा संचालित भारत की एकमात्र टोल फ्री क्लेफ्ट हेल्पलाइन 1800 103 8301 को भी इस पहल के माध्यम से सक्रिय रूप से प्रचारित किया जाएगा, ताकि प्रभावित परिवारों को समय पर सहायता और उपचार उपलब्ध हो सके। शिरीष आर. चांदेकर, महाप्रबंधक (एचआर), बीना रिफाइनरी ने कहाकि बीपीसीएल बीना रिफाइनरी हमेशा प्रभावशाली सीएसआर इनिशिएटिव्स के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाने में विश्वास रखती है।

### टाटा एआईए का नया प्लान शुभ फैमिली प्रोटेक्ट पेश

**मुंबई।** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने नया टाटा एआईए शुभ फैमिली प्रोटेक्ट प्रस्तुत किया है । यह टर्म प्लान पारंपरिक टर्म प्लान की तुलना में अनूठा और क्रांतिकारी है, जो तत्काल एकमुश्त पेआउट और 30 सालों तक लचीली मासिक आय दोनों देता है। परिवारों को व्यापक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया, यह इस तरह का पहला प्लान है और उन लोगों के लिए बनाया गया है जो अस्थिरता में मन की शांति को खोना नहीं चाहते। किसी प्रियजन की अचानक मृत्यु गहरा भावनिक आघात पहुंचाती है और ऐसे में अगर वित्तीय बोझ भी उठाना पड़े तो पूरा जीवन बुरी तरह से प्रभावित होता है। ऐसी स्थिति जब स्पष्टता और स्थिरता सबसे ज़यादा जरूरी होती है, तब अक्सर परिवारों पर एकमुश्त भुगतान का बहुत बड़ा दबाव आ पड़ता है और कुछ भी मैनेज कर पाना काफी ज़यादा कठिन होता है। कंपनी के कार्यकारी उपाध्यक्ष कमल भारद्वाज ने कहाकि टाटा एआईए में हम मानते हैं कि सिर्फ वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना काफी नहीं है, बल्कि परिवारों का ज़िन्दगी के हर पड़ाव पर समर्थन करना ज़रूरी है।

### किसानों को मिल रहे श्रीराम सुपर 5 एसआर गेहूं बीज से रिकॉर्ड उपज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में गेहूं की खेती में श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स द्वारा विकसित श्रीराम सुपर 5-एसआर-05 और श्रीराम सुपर 1-एसआर-14 गेहूं बीजों ने उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। इन उन्नत किस्मों ने किसानों के बीच उच्च उपज, रोग प्रतिरोधकता और विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में अनुकूलता के लिए ख्याति प्राप्त की है। श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स के विश्वविख्यात गेहूं वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई गेहूं की किस्में, श्रीराम सुपर 1-एसआर-14 और 5-एसआर-05, इनकी अनुकूलन क्षमता और बेहतरीन उत्पादकता के चलते किसानों में बहुत लोकप्रिय हैं। इनमें कल्ले ज़्यादा और बालियां लंबी है, और यह रोगों के प्रति सहनशील है। किसान विजेन्द्र सिंह बताते हैं कि इस साल उन्होंने अपने खेत में श्रीराम सुपर 5-एसआर-05 गेहूं की बुवाई की। उनका कहना है कि इस किस्म का तना बेहद मजबूत है, जिससे फसल गिरने की संभावना नहीं रहती। साथ ही, कल्लों की संख्या अधिक है और हर बाली में 85-90 दाने मिलने से उत्पादन अत्यधिक रहा।

### द वेल्थ कंपनी ने एनएफओ से जुटाए 1,951 करोड़ रुपए

**मुंबई ।** पैंटोमैथ ग्रुप की इकाई द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड ने अपने पहले एक्टिव न्यू फंड ऑफर के माध्यम से लगभग 1,951 करोड़ रुपए की राशि जुटाकर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। सैकड़ों शहरों और कस्बों से आए निवेश (9,000 पिन कोड्स)ने कंपनी के 'भारत-केंद्रित और समावेशी दृष्टिकोण' पर निवेशकों के गहरे विश्वास को दर्शाया है। संस्थापक, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सुश्री मधु लूनावत के नेतृत्व में द वेल्थ कंपनी भारत की पहली महिला-स्थापित एएमसी बन चुकी है। यह कंपनी ओएनडीसी प्लेटफार्म के जरिए एनएफओ लांच करने वाली भारत की पहली एएमसी भी है, जिसने विशेष रूप से टियर-2 और टियर-3 शहरों के निवेशकों को केंद्र में रखा है।

### कैलिफोर्निया है इम्युनिटी बढ़ाने का प्रभावी उपाय

**भोपाल।** मौसमी बदलावों के दौरान अपनी इम्युनिटी स्वस्थ और ऊर्जावान रहने की कुंजी है। भोजन में बादाम, हरी सब्जियां और फैटी फिश जैसे पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ शामिल करें, साथ ही हल्के व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। कैलिफोर्निया बादाम विटामिन ई और जिंक से भरपूर होते हैं, जो बदलते मौसम में आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए एक सुरक्षात्मक कवच की तरह कार्य करते हैं। इनमें कॉपर भी पाया जाता है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली के सामान्य कार्य को बनाए रखने में सहायक महत्वपूर्ण खनिज है।

## रिजर्व बैंक और स्टेट बैंक के अर्थशास्त्री सार्वजनिक रूप से भिड़े

# आर्थिक रिसर्च की एक रिपोर्ट में नकल के मुद्दे पर लगाए एक-दूसरे पर गंभीर आरोप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




एक अभूतपूर्व घटना के तहत देश के मौद्रिक प्राधिकरण रिजर्व बैंक और देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक के अर्थशास्त्री सार्वजनिक रूप से भिड़ गए। यह भिड़ंत आर्थिक रिसर्च की एक रिपोर्ट में नकल के मुद्दे पर हुई। हैरानी की बात ये है कि ये आरोप-प्रत्यारोप सार्वजनिक तौर पर सोशल मीडिया मंच लिंक्डइन पर लगाए गए। इस मामले ने देश के दो प्रमुख आर्थिक संस्थानों को थोड़ा असहज कर दिया है।

### रिजर्व बैंक के अर्थशास्त्री ने लगाए डेटा चोरी के आरोप

*दरअसल रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति विभाग के असिस्टेंट जनरल मैनेजर सार्थक गुलाटी ने लिंक्डइन पर साझा एक पोस्ट में आरोप लगाया कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रिसर्च टीम ने एसबीआई की इकोरैप पब्लिकेशन रिपोर्ट के लिए केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति रिपोर्ट (एमपीआर) के हालिया संस्करण से बिना पूछे डेटा चोरी करने का आरोप लगाया। सार्थक गुलाटी ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा, 'वित्तीय और आर्थिक पेशेवर होने के नाते हम मौलिकता पर निर्भर होते हैं, लेकिन ये बेहद चिंताजनक है कि स्टेट बैंक की हालिया इकोरैप रिपोर्ट का डेटा रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति रिपोर्ट से जैसा का तैसा नकल कर लिया गया और इसकी इजाजत भी नहीं ली गई।'*

### महंगाई की भविष्यवाणी को लेकर आरबीआई जारी करता है मौद्रिक नीति रिपोर्ट

*आरबीआई कानून के तहत मौद्रिक नीति रिपोर्ट हर छह महीने में प्रकाशित होती है। इस रिपोर्ट में महंगाई के कारण और महंगाई को लेकर अगले 6-18 महीनों की भविष्यवाणी की जाती है। सार्थक गुलाटी ने आरोप लगाया कि इस तरह से आर्थिक रिसर्च डेटा की चोरी न सिर्फ पाठकों को गुमराह करेगी बल्कि इससे आर्थिक रिसर्च के स्टैंडर्ड को भी धक्का लगेगा। स्टेट बैंक के अर्थशास्त्री तापस परीढ़ा द्वारा लिंक्डइन पर ही रिजर्व बैंक के अर्थशास्त्री सार्थक गुलाटी के आरोप को खारिज कर दिया गया है। हालांकि अभी तक रिजर्व बैंक और स्टेट बैंक की तरफ से इसे लेकर कोई स्पष्टीकरण या आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।*

### कलर्स पर पारिवारिक ड्रामा 'सेहर होने को है' प्रसारण

**मुंबई।** कलर्स ने अपना आगामी पारिवारिक ड्रामा 'सेहर होने को है' पेश करने घोषणा की है। जो लखनऊ की रूहानी पृष्ठभूमि पर आधारित एक दिल को छू लेने वाली गाथा है। इस शो में उभरती हुई कलाकार ऋषिता कोठारी मुख्य किरदार सेहर के रूप में नजर आएंगी, शानदार अभिनेत्री माही विज लंबे समय बाद फिक्शन में वापसी कर रही हैं कौसर के रूप में जो सेहर की मां हैं। वहीं टीवी के लोकप्रिय अभिनेता पार्थ समथान निभा रहे हैं माहिद का किरदार। यह शो मुस्लिम संस्कृति की खूबसूरती को बखूबी दर्शाते हुए दर्शकों को एक नई, भावनाओं से भरी और गहराईपूर्ण कहानी पेश करेगा।

**न्यायालय नजूल अधिकारी सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202412262000001 /अ-6/2024-25
पक्षकार कृष्णदत्त तिवारी प्रति भुवनेश्वर दत्त तिवारी वगै.
आगामी पेशी 13/11/25

बनाम :- 1. तुलेश्वरी देवी पुत्री स्व. अयोध्या प्रसाद तिवारी, 2. दुर्गा देवी पत्नी स्व. चरित्र दत्त तिवारी, 3. निरांजना पुत्री स्व. चरित्र दत्त तिवारी, 4. प्रज्ञा पुत्री स्व. चरित्र दत्त तिवारी, 5. प्रवित माता स्व. रश्मि सभी निवासी ग्राम नमदगिरी, तहसील सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

इस न्यायालय में लंबित प्रकरण 202412262000001/अ-6/2024-25 में आप लोगों को कई बार समन्स/ नोटिस जारी किया गया परन्तु आपको समंस/नोटिस की तामिली नहीं हो रही है। आप लोगों को इस ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप लोग इस न्यायालय में पेशी तारिख 13/11/2025 को दोपहर 03 .00 बजे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति मय सबुत व दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है। यदि नियत तिथि पर आप अनुपस्थित रहते है तो आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारणवश उक्त निर्धारित तिथि को न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर होगी।

आज दिनांक 10/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

दिनांक :- 10/10/2025
स्थान- सूरजपुर

**नजूल अधिकारी सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.)**

# घरेलू इक्विटी में सकारात्मक ट्रेंड के चलते रिलायंस और टीसीएस को सबसे ज्यादा फायदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



बीते हफ्ते में देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का बाजार मूल्यांकन 1.55 लाख करोड़ रुपए बढ़ा है। घरेलू इक्विटी में सकारात्मक ट्रेंड के चलते रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। पिछले हफ्ते बीएसई बेंचमार्क 259.69 अंक या 0.30 प्रतिशत चढ़ा। गुरुवार को, 30 शेयरों वाला बीएसईसेंसेक्स 85,290 पॉइंट के साथ अपने 52-हफ्ते के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गया। शीर्ष-10 कंपनियों में से, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम फायदे में रहीं, जबकि एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 46,687 करोड़ रुपए जोड़े, जिससे उसका बाजार मूल्यांकन बढ़कर 19 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया। टीसीएस का मार्केट कैपिटलाइजेशन 36,126 करोड़ रुपए बढ़कर 11,08,021 करोड़ रुपए हो गया। इंफोसिस का बाजार मूल्यांकन 34,938 करोड़ रुपए बढ़कर 6,33,712 करोड़ रुपए हो गया, और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 13,892 करोड़ रुपए बढ़कर 8,34,817 करोड़ रुपए हो गया।

## चिंतन

# एक बार फिर अमेरिका ने अवैध प्रवासी भारत भेजे

अमेरिका से भेजे गए अवैध भारतीय प्रवासियों को जंजीर लगाए जाने का मामला एक बार फिर तूल पकड़ सकता है। अमेरिका ने 50 युवकों को डिपोर्ट कर दिया है। इनमें से सबसे ज्यादा 16 युवक हरियाणा के करनाल और 14 कैथल जिले के हैं। इससे पहले जनवरी से जुलाई तक भी हरियाणा के 604 युवा डिपोर्ट हुए थे। ये सभी डंकी रूट से अमेरिका में घुसे थे। इनमें से कोई कई-कई साल से अमेरिका में रह रहा था, तो कोई कुछ महीने पहले ही गया। तब से ये युवा विदेश में ही रह रहे थे। इनमें से कुछेक को तो जेल में भी बंद किया हुआ था। डिपोर्ट किए गए सभी लोगों की उम्र 25 से 40 वर्ष के बीच है। इसी साल की जुलाई तक अमेरिका ने 7 महीने में अब तक कुल 1,703 भारतीय नागरिकों को देश से निर्वासित किया है, जिनमें 141 महिलाएं भी शामिल हैं। नागरिकों को अमेरिका से भारत डिपोर्ट किया जाना कोई नया नहीं है। यह लगातार चलता रहता है, लेकिन जिस तरह से ट्रंप प्रशासन बेड़ियों में जकड़कर भारतीयों को वापस भेज रहा है, वो चिंता का विषय है। ऐसे में सवाल ये है कि क्या अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ कोई मुहिम चल रही है, जिसे रोकने में सरकार नाकाम रही है? इसका जवाब है, नहीं, ट्रंप सरकार एक व्यापक नीति के तहत अमेरिका में रह रहे अवैध प्रवासियों को उनके देश भेज रही है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ भारतीयों को ही निशाना बनाया जा रहा है। अमेरिका दुनिया भर से अवैध रूप से अमेरिका आए नागरिकों को उनके देश वापस भेज रहा है। अमेरिका का कहना है कि अवैध प्रवासियों के कारण कानून व्यवस्था पर असर पड़ रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका में अवैध अप्रवासी वैसे विदेशियों को कहा जाता है कि जो बिना जरूरी दस्तावेज और अनुमति के वहां प्रवेश करते और रहते हैं। इनमें शामिल लोगों का इस प्रकार वर्गीकरण किया जा सकता है। वैसे लोग जो आव्रजन अधिकारी की स्वीकृति के बिना देश में प्रवेश करते हैं। वीजा अवधि या अस्थायी संरक्षित स्थिति की अवधि समाप्त होने के बाद भी जो लोग देश नहीं छोड़ते हैं। देश से निकाले जाने के बाद भी गलत तरीके से देश में प्रवेश करते हैं। अमेरिका की ट्रंप सरकार वीजा ओवर स्टे करने और अस्थायी संरक्षित स्थिति यानी काम करने के लिए अमेरिका में रहने का विशेष अधिकार की अवधि समाप्त होने के बाद भी वहां बने रहने वालों के प्रति सख्त रवैया अपना रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि उनकी सरकार देश में अमेरिका फर्स्ट की नीति लागू कर रही है, जिसमें ये अवैध प्रवासी सबसे बड़े बाधक हैं। इनकी वजह से अमेरिका की अर्थव्यवस्था पर खराब असर पड़ता है। इसके लिए डोनाल्ड ट्रंप एक नया कानून लेकर आए हैं, साथ ही उन्होंने जन्मजात नागरिकता को समाप्त करने का आदेश भी दिया है। अमेरिका में चिह्नित किए गए 18 हजार अवैध प्रवासी भारतीय हैं। इनमें से कुछ वीजा ओवर स्टे करके रह रहे हैं, तो कुछ काम करने की अनुमति अवधि समाप्त होने के बाद डंकी रूट से यहां घुसे हैं और रह रहे हैं। असल में हमारे युवाओं को डॉलर की चमक ने आकर्षित किया है। जो कम पढ़े-लिखे हैं, वो डंकी के रास्ते अमेरिका में प्रवेश कर रहे हैं। कुछ युवा ऐसे भी हैं, जिन्हें एजेंट ने लालच देकर विदेशों में पहुंचा दिया। अब अमेरिका सरकार उन्हें खदेड़ रही है। शनिवार को वापस आए अनेक युवा ऐसे हैं, जो अपनी जमीन बेचकर अमेरिका पहुंचे थे, लेकिन अब वापस आ गए। न घर के रहे, न घाट के। इससे अच्छा है कि जो धन अमेरिका जाने के लिए खर्च किया, अगर उसी से देश में कोई कारोबार करते तो बेहतर होता।



**विस चुनाव**
ओमकार चौधरी

बिहार विधानसभ चुनाव में मुख्यत: दो गठबंधनों के बीच मुकाबला है। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए और राजद–कांग्रेस–वामदलों–हम पार्टी का महागठबंधन। बहुत प्रतीक्षा, आपसी मतभेदों और रस्साकसी के उपरांत बिहार के मुख्यमंत्री और केन्द्रीय रेलमंत्री रह चुके लालू यादव के सुपुत्र तेजस्वी यादव को महागठबंधन ने मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया है। सत्तारूढ़ एनडीए नीतीश कुमार के नाम और चेहरे को ही आगे करके यह प्रतिष्ठित चुनाव लड़ रहा है। वैसे ख़ुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां भी प्रमुख चेहरे के तौर पर जनता के सामने हैं। बिहार का नतीजा दरअसल, दोनों गठबंधनों के आगे के प्रदर्शनों पर भी असर डालने वाला होगा।

# किसे जनादेश मिलेगा बिहार में

राजनीति में दिलचस्पी रखने वाले सभी लोगों की निगाहें बिहार पर टिकी हैं। पहले चरण का मतदान छह नवंबर को है और दूसरे-अंतिम चरण का 11 नवंबर को। चौदह को नतीजे आ जाएंगे। पता चल जाएगा कि जनादेश किसके पक्ष में है। सरकार किसकी बनेगी और विपक्षी बैंचों पर कौन विराजमान होगा। मुख्यतः दो गठबंधनों के बीच मुकाबला है। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए और राजद-कांग्रेस-वामदलों-हम पार्टी का महागठबंधन। बहुत प्रतीक्षा, आपसी मतभेदों और रस्साकसी के उपरांत बिहार के मुख्यमंत्री और केन्द्रीय रेलमंत्री रह चुके लालू यादव के सुपुत्र तेजस्वी यादव को महागठबंधन ने मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया है। राहुल गांधी को उनके नाम पर एतराज था। सोलह दिन की वोट अधिकार यात्रा के दौरान भी वह इस सवाल को लगातार टालते रहे कि सीएम चेहरा कौन होगा। सीटों की संख्या आदि को लेकर सहयोगी दलों के बीच अंतिम समय तक तीखे मतभेद बने रहे। सीएम चेहरे के इस नाजुक मुद्दे पर भी हालात कुछ ऐसे बन गए थे कि लालू-तेजस्वी को मनाने के लिए राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पटना जाना पड़ा। वह मसला तो सुलझ गया पर मुकेश सहनी को भी डिप्टी सीएम घोषित करना पड़ा।

सत्तारूढ़ एनडीए नीतीश कुमार के नाम और चेहरे को ही आगे करके यह प्रतिष्ठित चुनाव लड़ रहा है। वैसे ख़ुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां भी प्रमुख चेहरे के तौर पर जनता के सामने हैं। जिस समय बिहार का विधानसभा चुनाव हो रहा है, उसकी पृष्ठभूमि जानना जरूरी है। मई-जून 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए को जिन राज्यों में कम नुकसान हुआ, उनमें बिहार भी है। चालीस में से तीस सीटें सत्तारूढ़ गठबंधन जीतने में सफल रहा। भाजपा-जदयू को बारह-बारह, लोक जनशक्ति पार्टी (आर) को पांच और जीतन मांझी की 'हम' को एक सीट मिली। राजा चार पर, कांग्रेस तीन पर, वामदल दो सीटों पर सिमट गए। एक निर्दलीय के खाते में चली गई। ऐसे समय जबकि हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में सीटों का भारी नुकसान हुआ, बिहार में स्थिति इनके जैसी खराब न होना, बड़ी उपलब्धि थी। कई प्रमुख राज्यों में झटका लगने के कारण भाजपा को 2014 और 2019 की तरह अकेले दम पर पूर्ण बहुमत हासिल नहीं हो सका, जिसकी टीस रिजल्ट के दिन भाजपा मुख्यालय में प्रधानमंत्री के चेहरे और आंखों में भी दिखाई दी थी लेकिन लोकसभा चुनाव के बाद हुए पांच राज्यों के चुनाव में बाजी फिर से पलटती हुई दिखाई दी। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकारें बनीं जबकि हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में भाजपा की। कांग्रेस का करीब-करीब हर राज्य में बहुत खराब प्रदर्शन रहा। हरियाणा में सबको लग रहा था कि वह वापसी कर सकती है परंतु वहां भी लगातार तीसरी बार भाजपा ने जीत का परचम लहरा दिया। विशेष कर यहां और महाराष्ट्र में कांग्रेस को बहुत भारी निराशा का सामना करना पड़ा। सच तो यह है कि वह भीतर तक हिल गई। लोकसभा चुनाव से पहले भी कई राज्यों के चुनाव हुए, जिनमें कांग्रेस का प्रदर्शन उसके नेतृत्व की अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा। कहीं दो, कहीं तीन और कहीं कहीं चार दशक से वह देश के कई बड़े राज्यों की



सत्ता से बाहर है। इनमें तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, गुजरात और उड़ीसा जैसे महत्वपूर्ण राज्य शामिल हैं। एक धारणा यह भी बन रही है कि जब से राहुल गांधी ने पार्टी की कमान अपने हाथों में लेकर फैसले लेने शुरू किए हैं, तब से उसकी विफलता की दर और बढ़ी है। उनके द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों, अपनाई जा रही नीतियों, अप्रोच, दृष्टि आदि को लेकर भी प्रश्न उठते रहे हैं। जैसे, महाराष्ट्र की पराजय के उपरांत उन्होंने कहा कि लोकसभा के मुकाबले ऐसे बहुत से क्षेत्रों में बेतहाशा मतदाता बढ़ गए, जहां भाजपा ने जीत दर्ज की है। यह अलग बात है कि यह दावा ग़लत साबित हुआ क्योंकि जहां मतदाताओं के नाम जुड़े, ऐसे क्षेत्रों से कांग्रेस और एनसीपी के प्रत्याशियों ने भी जीत दर्ज की। देवेन्द्र फड़नवीस ने कहा कि दोनों चुनाव के बीच मतदाता हमेशा से बढ़ते रहे हैं। उनमें नए मतदाता भी पंजीकरण कराते हैं, जो नौकरीपेशा आते हैं, उनके भी वोट बनते हैं परंतु कांग्रेस और ईको सिस्टम ने इस पर खूब हल्ला किया। नतीजतन, चुनाव आयोग ने चुनाव से पहले मतदाता सूची को साफ़-सुथरा बनाने के लिए बिहार में एसआईआर का फैसला ले लिया तो इस पर कांग्रेस, राजा और दूसरे दलों ने यह कहकर हंगामा शुरू कर दिया कि भाजपा और चुनाव आयोग ने मिलकर उनके मतदाताओं के नाम हटाने की साज़िश रची है। बवाल के बावजूद प्रक्रिया पूरी हो गई। अब तो पश्चिम बंगाल सहित पूरे देश में एसआईआर कराने की तैयारी हो रही है। बिहार में सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन विजय को लेकर आश्वस्त दिखाई दे रहा है। पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सामाजिक कल्याण के जितने कार्य हुए हैं, उनका सर्वाधिक लाभ गरीबों को मिला है। विकास के कार्य भी दिखाई दे रहे हैं। उनका चुनावी अभियान हमेशा नियोजित ही होता है, जिसके सकारात्मक नतीजे भी मिलते रहे हैं। गठबंधन सहयोगियों के साथ संवाद और समन्वय का काम सीधे स्वयं अमित शाह करते हैं, इसलिए कांग्रेस-राजद जैसे तीखे मतभेदों की आशंका न्यूनतम हो जाती है। कांग्रेस-राजद महागठबंधन में इसके उलट सिर फुटौव्वल कुछ अधिक ही दिखती है। इस बार भी नामांकन की अंतिम तिथि तक साफ़ नहीं था कि कौन कितनी सीट पर लड़ेगा। इससे आश्चर्यजनक बात और क्या होगी कि प्रधानमंत्री, गृहमंत्री लेकर मुख्यमंत्री तक चुनावी अभियान पर निकल चुके हैं परंतु महागठबंधन के स्टार प्रचारक माने जा रहे राहुल गांधी का कोई अता-पता ही नहीं है। यह जानकारी भी नहीं है कि वो चुनाव प्रचार करेंगे अथवा नहीं। विशेष कर कांग्रेस के लिए यह परिस्थितियां और मुश्किलें खड़ी कर देती हैं। पहले ही राहुल की इसके लिए आलोचना हो रही है कि जब सीटों, प्रत्याशियों, समन्वय-संवाद करना था, चुनाव अभियान, रणनीति, और मुद्दों पर चर्चा होनी थी, तब वो विदेश यात्रा पर निकल गए। वह पार्टी के प्रदर्शन और राज्यों में जीत के प्रति कितने संजीदा या आश्वस्त हैं. इसे लेकर भी प्रश्न खड़े होते रहे हैं। वैसे, बिहार उन कुछ अहम राज्यों में से एक है, जहां कांग्रेस तीस-पैंतीस साल से सत्ता से बाहर है। यानी उसका अपना मुख्यमंत्री या सरकार जहां नहीं बने हैं। कहा जा रहा है कि जब से उन्होंने कांग्रेस के फैसले लेने शुरू किए हैं, पार्टी तीन लोकसभा सहित राज्य विधानसभाओं के नब्बे से अधिक चुनाव हार चुकी है। इन हारों में दो राष्ट्रपति चुनाव, तीन उप राष्ट्रपति चुनाव, तीन लोकसभा स्पीकर चुनाव भी जोड़ लें तो यह संख्या सौ तक पहुंच रही है। काफी समय से बिहार में कांग्रेस का प्रदर्शन कुछ विशेष नहीं रहा है परंतु लालू की पार्टी का वहां एक वोट बैंक है परंतु जिस तरह के हालात बनते हुए दिख रहे हैं, उनमें उसकी राह भी आसान नहीं दिख रही। बिहार का नतीजा दरअसल, दोनों गठबंधनों के आगे के प्रदर्शनों पर भी असर डालने वाला होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

**शताब्दी वर्ष**
राजेश कुमार




# आरएसएस की समाज बदलाव के कार्यों में अग्रणी भूमिका

कल्पना कीजिए-साल 1925। देश अंग्रेज़ी शासन की बेड़ियों में जकड़ा है, और एक व्यक्ति, नागपुर की भूमि पर 17 लोगों के साथ यह संकल्प लेते हैं- "मैं भारत की आजादी के साथ-साथ हिंदुओं का संगठन करूंगा।" जो संघ की प्रारंभ की प्रतिज्ञा से स्पष्ट है - 'मैं भारत को स्वतंत्र, समृद्ध और वैभवशाली राष्ट्र बनाने के लिए तन, मन, धन अर्पित करूंगा।' उस समय यह विचार न किसी राजनीतिक नारे के रूप में था, न किसी विरोध के आंदोलन के रूप में, बल्कि एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण का बीज था, जिसे डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने बोया। आज, सौ वर्ष बाद, वही बीज एक विराट वटवृक्ष का रूप ले चुका है-सेवा, संगठन, संस्कारों और समाज परिवर्तन के विस्तार के रूप में। डॉ. हेडगेवार ने केवल यह नहीं कहा कि समाज का संगठन होना चाहिए, बल्कि यह भी बताया कि यह कैसे संभव है। उन्होंने कोई भाषण या उपदेश मात्र नहीं दिया, बल्कि एक व्यवस्थित पद्धति तंत्र विकसित किया-"शाखा"। यह शाखा केवल शारीरिक व्यायाम का स्थान नहीं थी, बल्कि एक ऐसे राष्ट्रीय पुनर्जागरण का मंच थी, जहां व्यक्ति में अनुशासन, देशभक्ति और सेवा का संस्कार पैदा किया गया। तीसरे सरसंघचालक बाला साहब देवरस के शब्दों में 'जहां हिंदू वहां शाखा -जहां शाखा वहां विजय।' वह कहते थे 'शाखा महिलाओं की सुरक्षा और राष्ट्र की रक्षा की भावना की जीवंत अभिव्यक्ति है।" एक घंटे की यह शाखा समय के साथ व्यक्ति निर्माण से समाज निर्माण की प्रयोगशाला बन गई। आज, जब संगठन अपने शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है, तो यह देखना अत्यंत प्रेरणादायक है कि डॉ. हेडगेवार का स्वप्न केवल विचारों में सीमित नहीं रहा-वह व्यवहार में बदल चुका है। संघ ने अपने सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर स्पष्ट कहा है कि "सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी" बनना है। अर्थात संघ का विचार प्रत्येक गांव, बस्ती, व्यक्ति तक पहुंचे। इस लक्ष्य के लिए बनाई गई कार्ययोजना भी उतनी ही व्यावहारिक है। हरियाणा दिसंबर 2025 में प्रत्येक घर (50,000 अधिक) तक संपर्क करना और फरवरी 2026 में हर मंडल (8 से 10 गांवों का समूह) व हर बस्ती (8/10 हजार आबादी) में "हिंदू सम्मेलन" यह केवल आयोजन नहीं, बल्कि समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। केवल कहा नहीं तो उसकी योजना के परिणाम स्वरूप हरियाणा विजयादशमी पर सभी 257 नगरीय इकाइयों की 1443 में से 1398 बस्ती तथा ग्रामीण 882 में से 862 मंडल 6701 में से 4016 गांव के 84519 स्वयंसेवकों ने 2925 घोष वादक, स्वयंसेवक परिवारों से 57065 (9886 महिला) तथा 1062 विशेष व्यक्तित्व-दर्शकों की उपस्तिथि में 1111 कार्यक्रम सम्पन्न किए। हरियाणा जैसे प्रगतिशील राज्य में, जहां किसान, सैनिक, खिलाड़ी और युवक-युवती ऊर्जा का प्रतीक हैं, वहां इस विचार का विस्तार समाज में नई चेतना जगाने का माध्यम बन रहे हैं। यह केवल उत्सव नहीं, बल्कि संघ के सौ वर्ष की दिशा में आत्ममंथन और आत्मनिवेदन है। भविष्य की योजनाओं का आधार है। विजयदशमी का प्रतीक सदैव धर्म की अधर्म पर विजय का रहा है- आज यह विजय है, असंगठन पर संगठन की, उदासीनता पर जागरूकता की, और विघटन पर एकता-एकात्मता-समानता-समर सता की। डॉ. हेडगेवार का दृष्टिकोण देश को सशक्त बनाने के लिए केवल राजनीति नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग में संगठन की भावना आवश्यक है। उन्होंने कभी किसी पद या सत्ता की आकांक्षा नहीं की, उनका एक ही लक्ष्य था, संगठित समाज के माध्यम से सशक्त राष्ट्र।' पथ का अंतिम लक्ष्य नहीं है सिंहासन चढ़ते जाना। सब समाज को लिए साथ में आगे है बढ़ाते जाना।' यह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना सौ वर्ष पूर्व था। समाज तभी सशक्त होगा जब उसमें एकता, समरसता, अनुशासन और आत्मविश्वास होगा। शाखा की व्यवस्था ने यही गुण समाज के भीतर गहराई तक पहुंचाए हैं। यह व्यवस्था व्यक्ति को 'मैं' से 'हम' की ओर ले जाती है। जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने गांव, बस्ती, मोहल्ले की भलाई के लिए कुछ समय देगा, तब ही राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया सशक्त होगी। डॉ. हेडगेवार का स्वप्न केवल एक संगठन का नहीं था, बल्कि एक राष्ट्रीय चरित्र निर्माण की प्रक्रिया का था। आज जब युवा वर्ग "सेवा, संगठन और समर्पण" के सूत्र को जीवन का आधार बना रहा है, तब यह विश्वास दृढ़ होता है कि आने वाली शताब्दियां भारत की होगी, एक ऐसे भारत की, जो आधुनिकता के साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों में दृढ़ बना रहेगा। डॉ. हेडगेवार का कहा हुआ वाक्य आज इतिहास नहीं, वर्तमान का सजीव सत्य बन चुका है-"संगठित समाज ही सशक्त भारत का आधार है।"

(लेखक प्रांत प्रचार प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरियाणा हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## कर्मों से उपार्जित सुख



संकलित
**दर्शन**

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

## महिला के शुभ कदम



संकलित
**प्रेरणा**

एक आदमी ने दुकानदार से पूछा- केले और सेवफल क्या भाव लगाए है? दुकानदार- केले 20 रु. दर्जन और सेव 100 रु. किलो। उसी समय एक गरीब-सी औरत दुकान में आई और बोली मुझे एक किलो सेव और एक दर्जन केले चाहिए, क्या भाव है? भैया दुकानदार- केले 5 रु. दर्जन और सेब 25 रु. किलो। औरत ने कहा: जल्दी से दे दीजिए। दुकान में पहले से मौजूद ग्राहक ने खा जाने वाली निगाहों से घूरकर दुकानदार को देखा, इससे पहले कि वो कुछ कहता, दुकानदार ने ग्राहक को इशारा करते हुए थोड़ा सा इंतजार करने को कहा। औरत खुशी खुशी खरीदारी करके दुकान से निकलते हुए बड़बड़ाई हे भगवान तेरा लाख लाख शुक्र है, मेरे बच्चे फलों को खाकर बहुत खुश होंगे। औरत के जाने के बाद, दुकानदार ने पहले से मौजूद ग्राहक की तरफ देखते हुए कहा- ईश्वर गवाह है, भाई साहब मैंने आपको कोई धोखा देने की कोशिश नहीं की। यह विधवा महिला है, जो चार अनाथ बच्चों की मां है। किसी से भी किसी तरह की मदद लेने को तैयार नहीं है। मैंने कई बार कोशिश की है और हर बार नाकामी मिली है। तब मुझे यही तरीकीब सूझी है कि जब कभी ये आए तो, मै उसे कम से कम दाम लगाकर चीज़े दे दूँ। मैं यह चाहता हूँ कि उसका भरम बना रहे और उसे लगे कि वह किसी की मोहताज नहीं है। इस तरह भगवान के बन्दो की पूजा कर लेता हूँ। थोड़ा रूक कर दुकानदार बोला- यह औरत हफ्ते में एक बार आती है। भगवान गवाह है, जिस दिन यह आ जाती है उस दिन मेरी बिक्री बढ़ जाती है और उस दिन परमात्मा मुझपर मेहरबान हो जाता है।

## सटाका




## आज की पाती

### अनूठा लोक पर्व है छठ पूजा

भारत की सांस्कृतिक चेतना में कुछ पर्व ऐसे हैं, जिनमें लोक, धर्म, प्रकृति और तपस्या का अद्भुत संगम दिखाई देता है। छठ महापर्व उन्हीं में से एक है। यह एक ऐसा पर्व है जो अब किसी एक क्षेत्र की सीमाओं में नहीं बंधा बल्कि भारतीय आस्था के विशाल सागर में अपनी गहरी जड़ें जमा चुका है। वास्तव में यह आत्मशुद्धि, संयम और कृतज्ञता की वह साधना है, जिसमें मनुष्य सूर्य और प्रकृति के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट करता है। बिहार, झारखण्ड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के तराई क्षेत्रों से शुरू होकर अब यह पर्व देश और विदेश के असंख्य भारतीयों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। चार दिनों तक चलने वाला यह महापर्व कार्तिक शुक्ल चतुर्थी से आरंभ होकर षष्ठी और सप्तमी को चरम पर पहुंचता है। - *मनोज सिंह, रायगढ़*

## ट्रेंड

### संस्कृत को नई प्राणवायु



यह बहुत प्रसन्नता की बात है कि हमारी संस्कृति और सोशल मीडिया की दुनिया से आज संस्कृत को एक नई प्राणवायु मिल रही है। इस दिशा में हमारे कई युवा साथी जिस तरह के रोचक प्रयास कर रहे हैं, वो बेहद प्रेरणादायी हैं।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### अब डर नहीं, न्याय चाहिए




महाराष्ट्र के सतारा में बलात्कार और उत्पीड़न से तंग आकर डॉ. संपदा मुंडे की आत्महत्या किसी भी सभ्य समाज की अंतरात्मा को झकझोर देने वाली त्रासदी है। हम न्याय की इस लड़ाई में पीड़ित परिवार के साथ मज़बूती से खड़े हैं। भारत की हर बेटी के लिए - अब डर नहीं, न्याय चाहिए।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### बिहार की ज़मीन



तेजस्वी यादव के मुताबिक़ उनकी सरकार बनने पर हर एक घर से अगर एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाएगी, तब तो पूरे बिहार की सारी ज़मीन पर बैनामा उनके परिवार का हो जाएगा।
**-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

### राज्य प्रायोजित हत्या



चाईबासा सदर अस्पताल में थैलेसीमिया से पीड़ित 5 मासूम बच्चों को "संक्रमित खून" चढ़ाया गया और अब सभी बच्चे एचआईवी पॉज़िटिव पाए गए। अगर इनकी मृत्यु हो जाती है तो, यह सिर्फ लापरवाही नहीं, राज्य प्रायोजित हत्या कहलाएगी।
**- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

## करंट अफेयर

# भगवद्गीता आधुनिक विश्व के लिए 'ज्ञान का अमृत' है




भगवद्गीता 'ज्ञान का अमृत' और 'भारतीय सभ्यता का लघु इतिहास' है जो आधुनिक समय में लोगों के सामने आने वाली आध्यात्मिक और भौतिक दुविधाओं का समाधान करती है। यह बात प्रसिद्ध चीनी विद्वानों ने प्राचीन भारतीय ग्रंथ की सार्वजनिक तौर पर प्रशंसा में कही जो अपने आप में एक दुर्लभ मामला है। यहां शनिवार को भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित 'संगमम – भारतीय दार्शनिक परंपराओं का संगम' विषय पर एक संगोष्ठी में भगवद्गीता पर बोलते हुए चीनी विद्वानों ने गीता को भारत का दार्शनिक विश्वकोश बताया और भौतिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों के बीच सामंजस्य स्थापित करने की इसकी कालातीत अंतर्दृष्टि पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता 88 वर्षीय प्रोफेसर झांग बाओशेंग थे, जिन्होंने भगवद्गीता का चीनी भाषा में अनुवाद किया है। गीता को एक आध्यात्मिक महाकाव्य और भारत का दार्शनिक विश्वकोश बताते हुए, उन्होंने कहा कि इसका अनुवाद आवश्यक था क्योंकि यह भारत के आध्यात्मिक दृष्टिकोण – कर्तव्य, कर्म और वैराग्य के प्रति उसके विचारों – को प्रकट करता है, जो आज भी भारतीय जीवन को आकार देते हैं।

## ऑफ बीट

# मनुष्यों के पास होती है आंतरिक चंद्र घड़ी

मनुष्यों और ज्यादातर जानवरों में एक आंतरिक चंद्र घड़ी होती है, जो चंद्रमा की 29 .5–दिवसीय लय के अनुसार संचालित होती है। यह घड़ी कई प्रजातियों की



नींद, प्रजनन और प्रवासन की प्रक्रियाओं को नियंत्रित करती है। लेकिन कृत्रिम प्रकाश के युग में, यह प्राचीन संकेत लुप्त होता जा रहा है – शहरों की रोशनी, स्क्रीन और उपग्रहों की चमक में धुंधला पड़ता जा रहा है। जिस प्रकार सर्कैडियन लय पृथ्वी के 24 घंटे के घूर्णन के साथ समय का ध्यान रखती है, उसी प्रकार कई जीव चंद्रमा की धीमी लय का भी ध्यान रखते हैं। सर्कैडियन लय लगभग 24 घंटे की एक आंतरिक जैविक घड़ी है जो नींद और जागने के चक्र समेत शारीरिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित करती है। दोनों प्रणालियां प्रकाश के संकेतों पर निर्भर करती हैं और हाल में महिलाओं के मासिक चक्रों का विश्लेषण करने वाले एक अध्ययन से पता चला है कि जैसे–जैसे पृथ्वी कृत्रिम रोशनी से अधिक उजली होती जा रही है, वैसे–वैसे वे प्राकृतिक भिन्नताएं, जिन्होंने कभी जैविक समय की संरचना तय की थी, अब धुंधले पड़ते जा रहे हैं। कई शोध बताते हैं कि चंद्र चक्र (लूनर साइकिल) अब भी मानव नींद को प्रभावित करता है।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

# पहली बार मंच पर 500 कलाकार संगीत, नृत्य के माध्यम से बताएंगे श्रीकृष्ण की जीवन यात्रा



## 70वें मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह अभ्युदय मध्यप्रदेश के पहले दिन होगी विश्ववंद की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश शासन द्वारा 1 से 3 नवम्बर तक लाल परेड मैदान में आयोजित मध्यप्रदेश राज्य का 70वां स्थापना दिवस समारोह अभ्युदय में 1 नवम्बर को समवेत प्रस्तुति संयोजित की जा रही है। इस प्रस्तुति का नाम विश्ववंद है, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की जीवन यात्रा को संगीतमय प्रस्तुत किया जा रहा है। यह प्रस्तुति 40 मिनट की होगी।



### कृष्ण के लीला-छंद, गीता के श्लोक

मंच पर 350 से अधिक प्रतिभाशाली गायक-गायिकाओं का विशाल कोरस (समवेत गान) होगा, जो एक साथ कृष्ण के लीला-छंदों और गीता के श्लोकों को अपनी आवाज देंगे। इस कोरस को सहयोग देने के लिए एक भव्य ऑर्केस्ट्रा होगा, जो ध्वनि की एक ऐसी अद्भुत और नई दुनिया रचेगा जो श्रोताओं को सीधे दिव्य लोक में ले जाएगी।

### पहली बार भव्य एवं विशाल पैमाने पर किया जा रहा आयोजित

विश्ववन्द प्रस्तुति में युगों-युगों से प्रवाहित हो रही भगवान श्रीकृष्ण की करुणा, स्नेह और आत्मज्ञान की अमर गाथा का एक अभूतपूर्व और विराट मंचन होगा। भारतीय सांस्कृतिक पटल पर पहली बार, यह आयोजन ऐसे भव्य और विशाल पैमाने पर आयोजित किया जा रहा है।

### श्रीकृष्ण द्वारा उच्चारित आत्म—वचन

इस प्रस्तुति का केंद्रीय भाव श्रीकृष्ण का करुणाकर स्वरूप है - वह माधव जो गोकुल में बाल सखाओं के दुःख हरते हैं और कुरुक्षेत्र में अर्जुन को मोह से मुक्ति का मार्ग दिखाते हैं।

## रामाख्यानों के विविध चरित्रों पर देशभर के आज से वक्ता करेंगे संवाद

**भोपाल।** जनजातीय लोककला एवं बोली विकास अकादमी, द्वारा जनजातीय संग्रहालय में लिखन्दरा पुस्तकालय अंतर्गत 27 एवं 28 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे से त्रैमासिक परिसंवाद का आयोजन किया जा रहा है। अकादमी के निदेशक डॉ धर्मेंद्र पारे ने बताया कि परिसंवाद के पहले दिन 27 अक्टूबर को 'रामाख्यानों में शत्रुघ्न चरित' विषय पर पूर्व मंत्री उप्र सरकार डॉ. रवीन्द्र शुक्ल, झाँसी ( उत्तरप्रदेश) तथा 'रामाख्यानों में श्रीराम चरित' विषय पर मुंबई विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. करुणाशंकर उपाध्याय (मुंबई) वक्तव्य देंगे। वहीं 28 अक्टूबर को परिसंवाद के दूसरे दिन दोपहर 1 बजे से 'रामाख्यानों में हनुमान चरित' विषय पर प्रो. पूरनचंद टंडन (नई दिल्ली) तथा 'रामाख्यानों में केवट चरित' विषय पर प्रो. आनंदप्रकाश त्रिपाठी (सागर) संवाद करेंगे।

## मध्यावर्त स्टूडियो में वारली कला पर एक दिवसीय कार्यशाला



**भोपाल।** मध्यावर्त स्टूडियो में कला-कल्प श्रृंखला के अंतर्गत रविवार को वारली कला पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। सत्र का संचालन कलाकार अंकित ने किया जो एक्रेलिक, वॉटरकलर और पोर्ट्रेट स्केचिंग में निपुण हैं। उन्होंने बताया कि वारली कला का नाम महाराष्ट्र के वारली समुदाय के नाम पर पड़ा है। इसमें उपयोग किए जाने वाले त्रिकोण पेड़ और पहाड़ के चिन्ह हैं, वृत्त सूर्य और चंद्र का प्रतीक है, जबकि वर्ग भूमि का संकेत देता है, जो वारली समुदाय के प्रकृति-प्रेम की बेजोड़ मिसाल है। इस कार्यशाला के आयोजन का उद्देश्य प्रतिभागियों को भारतीय लोक कलाओं की जड़ों से जोड़ना, पारंपरिक कला रूपों के प्रति संवेदना जगाना और सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करना था।

▪ भारतीय लोक कलाओं की जड़ों से जोड़ने आयोजित की कार्यशाला

## रवीन्द्र भवन में हुआ स्व. अंजान के 95वें जन्मदिवस पर संगीत संध्या का आयोजन

# सुर, ताल और भावनाओं की सुगंध से महका सभागार, याद आए अंजान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



रवीन्द्र भवन स्थित अंजनी सभागार में रविवार की शाम सुर, ताल और भावनाओं की सुगंध से महक उठी। अवसर था प्रसिद्ध गीतकार स्व. अनजान के 95वें जन्मदिवस पर आयोजित संगीतमय संध्या का। आरके क्रिएशंस द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देश की लोकप्रिय गीत लेखन परंपरा को नई ऊर्जा के साथ याद किया गया। संध्या में स्व. अंजान के सुपुत्र और देश के ख्यात गीतकार समीर अंजान तथा लायन इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन हरिओम जटिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गीत-संगीत से सजी इस स्मरण संध्या में भोपाल और आसपास के फनकारों ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को रस की अनुभूति कराई।





### इन गीतों की दी प्रस्तुति

संगीत संध्या का आरंभ गायक विपिन शर्मा की प्रस्तुति 'सांसों की जरूरत है जैसे जीने के लिए' और 'सोचेंगे तुम्हें प्यार' से हुआ, जिसने सभागार में कोमल भावों का वातावरण रच दिया। इसके पश्चात राधिका मिश्रा ने 'ऐसा समा न होता', 'सलाम-ए-इश्क' और 'ऐसी दीवानगी' गीतों को सुरों की मधुरता के साथ प्रस्तुत कर बैठी श्रोताओं की तालियाँ बटोरीं। कार्यक्रम की मध्यम धारा में रूपा ने 'इंतेहां हो गई ' तथा 'नौलखा रूपा' गीतों से संध्या को गहराई और मिठास दी।





## जब दलेर मेहंदी मेरे पास आए और कहा कि ना ना ना रे... तो लिख लिया, आगे क्या लिखूं

रवींद्र भवन म्यूजिकल इवेंट में आए जाने-माने गीतकार समीर अंजान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गीत लिखने की अपनी एक कला होती है जिसमें आप एक लाइन से गीत की शुरुआत तो कर देते हो लेकिन आगे आपको बहुत सोचना समझना पड़ता है। जब दिलेर मेहंदी मेरे पास आए और उन्होंने कहा कि मेरे दिल में एक गीत है बस उसकी एक लाइन मैंने लिखी है ना ना ना ना रे...., अब इसके आगे क्या लिखूं। तब मुझे लगा कि तब मैं इसमें आगे की पंक्तियां लिख सकता हूं साडे नाल रहोगे तो ऐश करोगे.... यह कहना है जाने-माने संगीतकार समीर अंजान का, जो रवींद्र भवन में आयोजित संगीत संध्या में आए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े हुए पहलुओं पर चर्चा की।

### आईपीआरएस एक्ट से पहले ही भूखे ही मर गए संगीतकार

उन्होंने कहा कि इंडियन परफॉर्मिंग राइट्स सोसाइटी के आने से हम गीतकारों को अपना एक मुकाम मिला। जावेद अख्तर की अगुवाई में इस एक्ट से कई संगीतकारों को मंच मिला। नहीं तो कई बड़े-बड़े संगीतकार भूखे ही मर गए। मैंने भारत भूषण को बस की लाइन में खड़े देखा है, मुकरी को रोटी के लिए संघर्ष करते हुए देखा है तो अब समय बहुत बदल चुका है।

### पिता ने कहा संगीत की दुनिया में मत आयो...

उन्होंने कहा कि मेरे पिता ने इंडस्ट्री में 17 साल संघर्ष किया मैंने 10 साल, लेकिन पिता कभी नहीं चाहते थे कि मैं भी संगीत की इसी संघर्षशील दुनिया में आगे बढूं। वह चाहते थे कि मैं शिक्षित बनूं और अपने स्वयं की दिशा चुनूं, लेकिन मेरा पैशन ही मुझे इस संगीत की दुनिया में स्थापित कर पाया, जिसमें मेरी मेहनत रंग लाई। लेकिन मेरी सफलता पर उनसे ज्यादा खुश कोई नहीं था।

### आज के गीतों में रूहानियत नहीं है....

हाल के प्रचलित गीतों पर उन्होंने कहा कि आज के गीतों में वह दिल को छूने वाली आवाज नहीं है, वह रूहानियत नहीं है जो पहले के गीतों में होती थी, सिर्फ हाई बीट म्यूजिक से ही काम नहीं चलता, इस तरह के गीत सिर्फ कुछ दिन चलते हैं और फिर कहीं खो जाते हैं।

डॉ. मीना शुक्ला की सातवीं काव्य कृति 'मनोभव' का विमोचन

# मन की बात से ही होती है गीत की उत्पत्ति...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




प्रख्यात कवयित्री डॉ. मीना शुक्ला की सातवीं काव्य कृति 'मनोभव' का विमोचन कार्यक्रम रविवार को दुष्यंत संग्रहालय में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार नरेन्द्र दीपक ने करते हुए कहा मन की बात से ही गीत की उत्पत्ति होती है, धरती पर मनुष्य नहीं था तब भी गीत थे। उन्होंने कहा कि दिल की बात श्रोता तक पहुंचाना ही गीत की सफलता है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के पूर्व कुलाधिपति डॉ. प्रकाश बरतूनिया मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे। वहीं जनसम्पर्क विभाग के पूर्व संचालक लाजपत अहूजा विशिष्ट अतिथि थे।

### शोध विद्यार्थियों के लिए रहेगा काफी उपयोगी

मुख्य अतिथि डॉ. प्रकाश बरतुनिया ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गीतों की प्रेरणा संतों से मिली है। गीत की परंपरा भारतीय संस्कृति में बहुत पुरानी है, डॉ मीना शुक्ला का यह संग्रह शोध विद्यार्थियों के लिए काफी उपयोगी रहेगा।

## 31 अक्टूबर को रवींद्र भवन में होगा म्यूजिकल शो 'मारे गए गुलफाम'

**भोपाल ।** मशहूर अभिनेता, संगीतकार और थिएटर कलाकार रघुवीर यादव एक बार फिर रंगमंच के अपने पहले प्रेम की ओर लौट आए हैं। फणीश्वर नाथ रेणु की कालजयी कहानी पर आधारित उनका नया नाटक 'मारे गए गुलफाम' अब भोपाल में मंचित होने जा रहा है।



इस संगीतप्रधान नाटक का आयोजन 31 अक्टूबर को रवींद्र भवन के हंस ध्वनि सभागार में होगा। इसे मनोज कुकरेजा की संस्था कुक स्पीक्स पेश करने जा रही है। करीब दो घंटे की इस प्रस्तुति में 25 से अधिक कलाकार रघुवीर यादव के साथ मंच साझा करेंगे। निर्देशन, संगीत और अभिनय-तीनों भूमिकाएं रघुवीर यादव खुद निभा रहे हैं।

# मानव संग्रहालय में बिहार के महापर्व छठ पूजा पर प्रदर्शनी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संग्रहालय द्वारा भारतीय लोकजीवन और विविध सांस्कृतिक परंपराओं को प्रस्तुत करने की श्रृंखला में, बिहार की लोकआस्था और प्रकृति आराधना के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर छठ प्रदर्शनी में विशेष सांकेतिक पूजा अर्चना का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें छठ पर्व से जुड़े पारंपरिक अनुष्ठान, लोक सामग्री, पूजा-सामग्री, कलात्मक प्रतिकृतियां, चित्रण तथा धार्मिक प्रतीक प्रदर्शित किए गए हैं। वर्ष 2004 में इस दीर्घा को विकसित करने वाली पद्म पुरस्कार से सम्मानित सुविख्यात मधुबनी चित्रकार स्व. यशोदा देवी की प्रेरणा से छठ पूजा उत्सव की जीवंत प्रस्तुति दी गई थी। तब से आज तक यह प्रदर्शनी हर वर्ष की भाँति इस बार भी श्रद्धा और सांस्कृतिक गरिमा के साथ आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

**सात राज्यों और 100 से अधिक शहरों से गुजरते हुए लेगी एक लाख से अधिक पौधे लगाने का संकल्प**

# भोपाल की अंजना यादव 'पेडल टू प्लांट' मिशन में करेंगी मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पर्यावरण संरक्षण, फिटनेस और राष्ट्रीय एकता का संगम बनने जा रहे 'मिशन पेडल टू प्लांट', में भोपाल की अंजना यादव मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह मिशन लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर से अरुणाचल प्रदेश से शुरू होकर गुजरात के मुंद्रा पोर्ट तक पहुंचेगा। चेंज बिफोर क्लाइमेट चेंज की थीम पर आधारित यह 60 दिवसीय यात्रा देशभर के सात राज्यों और 100 से अधिक शहरों से गुजरते हुए एक लाख से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि "पेडल टू प्लांट" केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह भारत के हर नागरिक को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का जनआंदोलन है ।



### साइकिलिंग के माध्यम से देगा हरित संदेश

यह मिशन न केवल साइकिलिंग के माध्यम से हरित संदेश फैलाएगा, बल्कि आमजन को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा भी देगा। रविवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस प्रेरणादायक पहल के लिए अंजना यादव एवं उनके साथियों को शुभकामनाएं दीं और हरी झंडी दिखाकर मिशन की औपचारिक शुरुआत की।

### एडवेंचर फील्ड में पांच साल से हैं एक्टिव

अंजना ने बताया कि वे गांव सेमरी रायसेन जिला भोपाल से हैं और एंडवेंचर फील्ड में करीब 5 साल से एक्टिव हैं। उन्होंने मिशन के बारे में बताया कि पेडल टू प्लांट, नया भारत, हरा भारत। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं वर्षगांठ समर्पित है। उन्होंने अपनी उपलब्धियां भी साझा की जिनमें यूरोप की सबसे ऊँची चोटी माउंट एल्बोरस 15 अगस्त 2023 को फतेह की। वहीं 15 अगस्त 2024 को ऑस्ट्रेलिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट कोसियस्ज़को, मलेशिया की सबसे ऊँची चोटी माउंट किनाबालु समेत 2018 से 2019 तक कुल 20 पर्वतों पर चढ़ाई की। वहीं उन्होंने बताया कि मेरा नया लक्ष्य विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर 2026 में जाना है।



### सकारात्मक परिवर्तन का बनेगा प्रतीक

इस अवसर पर उपस्थित अंजना यादव के मेंटर हरिओम जटिया ने कहा कि पेडल टू प्लांट का यह सफर पूरे भारत में सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक बन रहा है।

### खेल उपलब्धि पुरस्कार

शारीरिक शिक्षा में स्वर्ण पदक विजेता।
आरजीपीवी विश्वविद्यालय, कबड्डी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार।
21 किमी एसबीआई मैराथान।
17 राष्ट्रीय,कबड्डी ,खो खो, हॉकी

मुख्यमंत्री नीतीश का लालू राबड़ी शासन पर तीखा हमला

# राजद सरकार ने भ्रष्टाचार, अपराध और अपहरण के अलावा कुछ नहीं किया

एजेंसी ▶▶ पटना

मुख्यमंत्री ने पटना जिले के फुलवारीशरीफ के रामकृष्ण नगर स्थित शिवाजी चौक मैदान में शनिवार को राजग प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। नीतीश ने एक्स पर पोस्ट कर लालू-राबड़ी शासन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने उस दौर को भ्रष्टाचार, अपराध और अपहरण के सिवाय कुछ नहीं किया। बिहार के विकास का मॉडल देशभर में मिसाल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने जो कहा, वो किया। 2005 से पहले बिहार में भय और अपराध का माहौल था। पहले शाम के बाद घरों से बाहर निकलना मुश्किल होता था। नीतीश ने अपने पोस्ट में कहा कि उनकी सरकार ने महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए कई काम किए हैं। उन्होंने महिला आरक्षण, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में उठाए गए कदमों का जिक्र किया। नीतीश ने लालू परिवार पर महिला विरोधी सोच रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी सरकार महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए लगातार काम कर रही है। नीतीश ने कहा कि बिहार में हर क्षेत्र में विकास हुआ है।

## नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी के बयान पर एनडीए ने किया चौतरफा प्रहार



### हमने राज्य का विकास किया

उन्होंने बताया कि हमारी सरकार ने दो लाख 58 हजार शिक्षकों की बहाली की है और वर्तमान में पांच लाख 20 हजार सरकारी शिक्षक कार्यरत हैं। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव करते हुए 2006 से सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दवा और उपचार की व्यवस्था शुरू की गई। पहले केवल 12 मेडिकल कालेज थे, अब राज्य के 27 जिलों में नए मेडिकल कालेज खोले जा चुके हैं।पटना मेडिकल कालेज में 5000 से अधिक बेड का नया अस्पताल बन रहा है, जबकि आइजीआइएमएस को 3000 बेड और नालंदा मेडिकल कॉलेज को 2500 बेड का विस्तार दिया जा रहा है।

### बागी रुख अपनाने वाले नेताओं को पार्टी से किया बाहर

जेडीयू ने संगठन के भीतर बगावत को लेकर सख्त कदम उठाया है। पार्टी ने निर्दलीय रूप से चुनाव लड़ रहे 11 बागी नेताओं को तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है। प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि इन नेताओं ने पार्टी की विचारधारा, अनुशासन और संगठनात्मक आचरण के खिलाफ कार्य किया है।

### संसद से पास, शीर्ष कोर्ट से अनुमोदित एक्ट को तेजस्वी फाड़ देंगे

तिवारी ने भी कसा तंज



भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने आरजेडी नेताओं की राजनीतिक समझ और क्षमता पर सीधा तंज कसा और तेजस्वी यादव पर निजी हमला भी किया। तिवारी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि ये लोग जनता को भ्रमित कर रहे हैं। वक्फ बोर्ड का बिल विधानसभा में नहीं, बल्कि संसद में पास होता है, इसलिए किसी को अपनी क्षमता के अनुसार ही बोलना चाहिए।

**एनडीएके पास 56 इंच का सीना विपक्ष के पास 56 इंच की जीभ**

तिवारी ने तेजस्वी पर तीखा हमला बोला। तिवारी ने तेजस्वी के चुनावी वादों को '56 इंच की जीभ' का जुमला करार दिया और कहा कि एनडीए के पास 56 इंच का सीना है, जो बिहार के विकास के लिए धड़कता है।

### शाहनवाज ने 'जंगलराज' की मानसिकता बताया



आरजेडी के लोग जंगलराज वाले हैं। उन्हें नहीं पता है कि केंद्र की संसद से जो कानून(वक्फ संशोधन एक्ट) बना है, उस पर सुप्रीम कोर्ट की भी मुहर लग गई है। जनता को गुमराह करने के लिए ऐसे बयान दिए जा रहे हैं। वे वक्फ संशोधन एक्ट को खत्म करने की बयानबाजी कर रहे हैं। हुसैन ने आरजेडी के बयानों को 'जंगल राज' की मानसिकता से जोड़ते हुए ख़ारिज कर दिया। हुसैन ने कहा कि आरजेडी के लोग अभी भी 'जंगल राज' के दौर में जी रहे हैं।

चिराग का तेजस्वी पर बड़ा हमला!

### लालू परिवार ने बिहार को बर्बाद किया



केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान ने राजद नेता तेजस्वी यादव पर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 सालों में तेजस्वी यादव, उनके परिवार और उनकी सरकार ने बिहार को पीछे धकेलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इस बार एनडीए पूरी तरह एकजुट है जबकि महागठबंधन बिखरा हुआ है, इसलिए इस चुनाव का नतीजा ऐतिहासिक होने वाला है।

तेजस्वी ने वक्फ कानून पर यह बयान दिया

## महागठबंधन की सरकार बनी तो इसे कूड़ेदान में फेंक देंगे



विपक्षी महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को कटिहार में वक़्फ़ कानून को लेकर बड़ा बयान दे दिया है। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी, तो केंद्र सरकार द्वारा पारित वक़्फ़ (संशोधन) अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा।मेरे पिता लालू प्रसाद यादव ने कभी भी सांप्रदायिक ताकतों से समझौता नहीं किया। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा ऐसी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं। आज आरएसएस और उसके सहयोगी बिहार में भी नफरत फैला रहे हैं। भाजपा का असली नाम 'भारत जलाओ पार्टी' होना चाहिए।

### मुख्यमंत्री अब होश में नहीं

तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि बिहार की जनता 20 साल पुराने नीतीश कुमार शासन से थक चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अब होश में नहीं हैं। राज्य के हर विभाग में भ्रष्टाचार फैला है और कानून-व्यवस्था की हालत बदतर हो चुकी है। तेजस्वी ने सीमांचल क्षेत्र के विकास का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने सीमांचल क्षेत्र के विकास के लिए कुछ नहीं किया।

### चुनाव जीते तो पंचायत प्रतिनिधियों को पेंशन देंगे

तेजस्वी ने दावा किया कि एनडीए उनकी चुनावी घोषणाओं की नकल कर रही है। मैं वादा करता हूं कि हमारी सरकार बनने पर पेंशन 2 हजार रुपए प्रति माह कर दी जाएगी। उन्होंने रविवार सुबह पोलो रोड स्थित आवास पर प्रेस वार्ता की। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हम कुछ घोषणाएं करने आए हैं। तेजस्वी ने किसी का नुकसान नहीं किया।

### चुनाव प्रचार के दौरान धड़ाम से गिरे अनंत



मोकामा विधानसभा सीट पर बाहुबली अनंत सिंह पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरे हैं। शनिवार को मोकामा के पूर्वी इलाके में आयोजित अनंत सिंह के जनसंपर्क अभियान के दौरान एक हादसा हो गया। अनंत के स्वागत के लिए एक छोटा मंच तैयार किया था। जैसे ही पूर्व विधायक अनंत सिंह मंच पर पहुंचे अचानक मंच भरभराकर टूट पड़ा।

### शेर कंगन का लालच दे रहा, पीके बोले



सीतामढ़ी के परिहार में जन सुराज प्रत्याशी अवधेश कुशवाहा का चुनाव प्रचार करने पहुंचे प्रशांत किशोर ने कहा कि 18 सालों तक सत्ता में रहकर तेजस्वी के माता पिता ने बिहार को बर्बाद कर दिया। तेजस्वी अगर आ गए तो बिहार का भला नहीं होने वाला है। ये लोग फिर से लूटपाट, अपहरण, रंगदारी का राज लाएंगे। शेर बुढ़ा भी हो जाएगा तो मांस ही खाएगा। उनका वादा शेर के कंगन वाला लालच जैसा है जो फंसाता था।

### पवन की पत्नी के समर्थन में आईं अक्षरा



भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार पवन सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह एक बार फिर सुर्खियों में हैं। अब अक्षरा पवन सिंह की पत्नी ज्योति के समर्थन में आ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि ज्योति जो कुछ भी कर रही है सब अपने बलबूते कर रही हैं। वह काफी संघर्ष कर रही हैं।

चुनाव आयोग बोला

### 6 नवंबर सुबह 7 से 11 नवंबर शाम 6:30 बजे तक एग्जिट पोल पर बैन



**नई दिल्ली।** चुनाव के एग्जिट पोल को लेकर निर्वाचन आयोग ने रविवार को बताया कि 6 नवंबर सुबह से 11 नवंबर शाम 6:30 बजे तक एग्जिट पोल पर रोक रहेगी।

## खबर संक्षेप

### उत्तर में खराब एक्यूआई पर कांग्रेस चिंतित



**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में वायु प्रदूषण की समस्या बढ़ती जा रही है। खासकर सर्दियों के आगमन के साथ ही दिल्ली-एनसीआर के हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। यहां एक्यूआई लगातार 300-400 के स्तर पर बना हुआ है। विपक्ष पार्टी कांग्रेस के मीडया प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को इस मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा।

### कोटा में नीट की तैयारी कर रहा रोशन नहीं रहा



**कोटा।** राजस्थान के कोटा में एक और छात्र की मौत हो गई है। 24 वर्षीय नीट अभ्यर्थी अपने हॉस्टल के कमरे में शनिवार को मृत पाया गया। वह कोटा के राजीव गांधी नगर में रहता था। छात्र की पहचान ओडिशा के गंजाम जिले के अभयपुर निवासी रोशन कुमार पात्रो (24) के रूप में हुई है। वह नीट की तैयारी कर रहा था।

### शाह आज करेंगे 'भारत समुद्री सप्ताह' का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** देश की समुद्री ताकत और ब्लू इकोनॉमी को मजबूत करने के लिए मुंबई में 'भारत समुद्री सप्ताह 2025' का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 27 अक्टूबर को नेस्को प्रदर्शनी केंद्र में करेंगे। बताया जा रहा यह आयोजन 5 दिन तक यानी 27 से 31 अक्टूबर तक चलेगा।

### आग में घिरा मकान 2 की मौके पर मौत



**बाड़मेर।** राजस्थान के सीमावर्ती बाड़मेर जिले में रविवार सुबह एक भीषण अग्निकांड ने पूरे इलाके को दहला दिया। जिले के जस्तानियों की ढाणी, भाड़खा गांव में एक घर में अचानक आग लग गई, जिसमें सो रहे तीन चचेरे भाई लपटों की चपेट में आ गए। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही जिंदा जलकर मौत हो गई।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' में देशवासियों को किया संबोधित

# चाय के साथ मेरा जुड़ाव तो जगजाहिर, 'ओडिशा के गौरव' को सराहा, भावनाओं को भी बताया

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के 127वें एपिसोड में देशवासियों से संवाद किया। उन्होंने त्योहारी सीजन, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, भारतीय संस्कृति और देश के युवा नेतृत्व पर विचार साझा किए।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के 127वें एपिसोड में देशवासियों से संवाद किया। उन्होंने त्योहारी सीजन, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, भारतीय संस्कृति और देश के युवा नेतृत्व पर विचार साझा किए। पीएम ने कहा कि इस समय देश में दीपावली और छठ पूजा के उत्साह का माहौल है। उन्होंने अपने पत्रों के जवाब में आए संदेशों का जिक्र करते हुए बताया कि देशवासियों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' और जीएसटी बचत उत्सव को लेकर उत्साह दिखाया। उन्होंने घरेलू उत्पादों की खरीद और खाद्य तेल की खपत में कमी के लिए लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया की सराहना की।

मोदी ने रविवार को कोरापुट की कॉफी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह गर्म पेय पदार्थ वास्तव में स्वादिष्ट है और ओडिशा का गौरव है। चाय के साथ मेरा जुड़ाव तो आप सभी जानते ही हैं, लेकिन, क्यों न कॉफी पर चर्चा की जाए। ओडिशा के कई लोगों ने उनसे कोरापुट कॉफी को लेकर भी अपनी भावनाएं साझा की थीं। कॉफी की खेती भी लोगों को फायदा पहुंचा रही है।

'मन की बात' में खास कॉफी पर भी बोले

कार्यक्रम के 127वें एपिसोड में देशवासियों से संवाद किया

### कई तथ्यों के साथ जनता से किया संवाद

### नौकरी छोड़, कॉफी की खेती में लग गए



उन्होंने कहा कि कोरापुट में कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो अपने जुनून की वजह से कॉफी की खेती कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि वे लोग अच्छी-खासी नौकरी करते थे, लेकिन वो कॉफी को इतना पसंद करते हैं कि इस क्षेत्र में लग गए और अब सफलता से इसमें काम कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि ऐसी कई महिलाएं भी हैं, जिनके जीवन में कॉफी से सुखद बदलाव हुआ है। कॉफी से उन्हें सम्मान और समृद्धि, दोनों हासिल हुई है। भारतीय कॉफी की विविधता वाकई अद्भुत है।

### छठ पूजा की शुभकामनाएं दी सराहना भी की

लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा देशभर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। शनिवार को नहाय-खाय के साथ इसकी शुरुआत हुई और रविवार को दूसरे दिन खरना का पर्व मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। 'एक्स' पर प्रसिद्ध गायक दिनेश लाल यादव का छठ गीत 'सुख लेके उगिह दुख लेके डुबिह' भी साझा किया। सभी व्रतियों को सादर नमन! मेरी कामना है कि इस अनुष्ठान पर छठी मइया हर किसी को अपना आशीर्वाद दें।

### स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रेरक उदाहरण साझा

पीएम ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रेरक उदाहरण साझा किए। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में प्लास्टिक कचरे के बदले भोजन देने वाले 'गार्बेज कैफे' शुरू किए गए हैं। वहीं, बेंगलुरु में इंजीनियर कपिल शर्मा और उनकी टीम ने 40 कुओं और 6 झीलों का जीर्णोद्धार किया और पौधरोपण अभियान में स्थानीय लोगों और कॉर्पोरेट्स को भी शामिल किया। गुजरात में धोलेरा और कच्छ में मैंग्रोव पौधरोपण अभियान पर पीएम ने बताया कि इन वृक्षों के कारण समुद्री पारिस्थितिकी में सुधार हुआ है, डॉल्फिन, क्रैब और प्रवासी पक्षियों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

### बीएसएफ और सीआरपीएफ को सराहा

पीएम ने भारतीय कुत्तों की नस्लों, उनके प्रशिक्षण और सुरक्षा बलों में उनकी भूमिका पर भी चर्चा की। उन्होंने बीएसएफ और सीआरपीएफ द्वारा देशी कुत्तों को प्रशिक्षित करने और उनके नामों में भारतीयता बनाए रखने की प्रशंसा की। उन्होंने 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' में भाग लेने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने भारत के राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150वें वर्ष और इसके महत्व पर जोर दिया।

### संस्कृत के रोचक कार्यों का उल्लेख किया

उन्होंने संस्कृत भाषा और युवा पीढ़ी द्वारा संस्कृत में किए जा रहे रोचक कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भाषा किसी सभ्यता के मूल्यों और परंपराओं का वाहक होती है और युवा इसे पुनर्जीवित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आदिवासी नायकों, कोमराम भीम और भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को याद करते हुए युवा पीढ़ी से उनसे सीख लेने और उनके जीवन और कार्यों को जानने का आग्रह किया।

सीएम हेमंत 2-2 लाख देंगे, सस्पेंड किया

## थैलेसीमिया पीड़ित सात बच्चों को चढ़ाया एचआईवी संक्रमित रक्त

एजेंसी ▶▶ सिंहभूम



झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा सरकारी अस्पताल में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाने के मामले में सीएम हेमंत सोरेन ने कड़ा रुख अपनाते हुए चाईबासा सदर अस्पताल के सिविल सर्जन और उनके साथ अन्य पदाधिकारियों को निलंबित करने का निर्देश दिया है। पीड़ित बच्चों के इलाज राज्य सरकार अपने खर्चे पर कराने का फैसला लिया है। परिजनों को 2-2 लाख की सहायता राशि राज्य सरकार की ओर से देने की बात कही है। लचर स्वास्थ्य व्यवस्था पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पर भी कड़ा निर्देश दिया है कि बदतर स्वास्थ्य व्यवस्था बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 13 सितंबर को 7 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाया था। 18 अक्टूबर को जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। शनिवार को जांच की तो 6 और बच्चों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव निकली।

बस हादसे पर हैदराबाद पीसी ने कहा

## शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले आतंकी, ये रहम के नाकाबिल

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद



पुलिस कमिश्नर वीसी सज्जनार ने कहा कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले आतंकवादी होते हैं। उन्होंने इसको लेकर एक्स पर एक लंबी पोस्ट लिखी है। इस पोस्ट में उन्होंने आंध्र प्रदेश के कुरनूल में हुए बस हादसे का भी जिक्र किया है। पुलिस कमिश्नर ने लिखा है कि इस तरह से मासूमों की जान लेने के लिए इन ड्राइवरों को किसी तरह की रियायत नहीं मिलनी चाहिए। बस हादसे के बाद आग लगने से 20 लोगों की मौत हो गई। वीसी ने लिखा है कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर आतंकी होते हैं। इनके काम आतंकवाद से बिल्कुल भी कम नहीं हैं। देखा जाए तो कुरनूल में हुआ बस एक्सीडेंट, वास्तव एक्सीडेंट है ही नहीं। यह एक तरह का नरसंहार था, जिसे रोका जा सकता था। अगर बाइक चलाने वाला शराबी थोड़ा समझदार और जिम्मेदार होता तो ऐसा कुछ नहीं होता।

बृजभूषण की बेटी ने पढ़ी शायरी

## पहलवान की बेटी हूं, लिख देते हैं इतिहास, पीठ पर वार नहीं...

एजेंसी ▶▶ नोएडा



बाहराइच की कैसरगंज सीट से भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह की बेटी शालिनी सिंह ने पहली बार सार्वजनिक मंच से शायरी पढ़ी। शनिवार को नोएडा सेक्टर-121 होम्स 121 सोसाइटी में आयोजित कवि सम्मेलन में मंच पर पहुंचते ही उन्होंने कहा- पहलवान की बेटी हूं, पहलवान के लिए पढ़ी कविता, बोली भेज देना उन्हें। पहली बार मंच पर शायरी पढ़ी- इतिहास लिखते हैं, पीठ पर वार नहीं करते...। पहली बार मंच पर कविता पाठ कर रही हूं। मैं बिल्कुल नई कवि हूं, यह मेरा पहला कवि-सम्मेलन है। मजाक-मजाक में दोनों भाइयों करण और प्रतीक भूषण को बाहुबली बताया। वहीं कुश्ती संघ के अध्यक्ष सतपाल यादव के लिए उन्होंने कविता पढ़ी हालांकि कहा उन्हें भेज दीजिएगा। जब पीठ सटा दी मेरी, तो अब मैं भी धक्का मारूंगा। बहुत हुआ सम्मान अब मैं भी मुक्का मारूंगा। जिंदाबाद तेरा भी जिसने यहां तक पहुंचा है,बड़ी हमदर्दी से छोड़ने आया है।

सूर्य की उपासना का लोकपर्व छठ महापर्व शुरू

## रविवार को मनाया खरना, आज देंगे अस्तगामी सूर्य को अर्घ्य

### निर्जला उपवास रख प्रसाद के रूप में खीर, रोटी, फल खाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

4 दिन तक चलने वाले सूर्य की उपासना के लोकपर्व छठ महापर्व की शुरुआत शनिवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गई। व्रती महिलाओं, पुरुषों ने सूर्योदय से पहले उठकर नदी, सरोवर में स्नान किया। अब रविवार को खरना में प्रसाद तैयार किया। अगले दिन सोमवार को डूबते सूर्य और मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत पूरे विधि विधान से पूरा होगा। स्नान के बाद पूजा स्थल और रसोई की अच्छी तरह से साफ सफाई की गई। घरों में चूल्हा बनाया। रविवार को पंचमी तिथि पर व्रती लोगों ने खरना मनाया। खरना के दिन निर्जला उपवास रखते हुए शाम को पूजा के साथ प्रसाद के रूप में खीर, रोटी, फल खाया। गुड़ की खीर बनाकर छठ मैया को भोग लगाया। पूरा परिवार व आसपास के लोगों ने प्रसाद को ग्रहण किया।



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिले केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान।



कोलकाता। महिलाएं सिंदूर लगाती हुईं।

### तीसरे दिन डूबते और चौथे दिन उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे

ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक छठ पूजा स्थल पर छठ माता और भगवान सूर्य की विशेष रूप से पूजा से पहले घी का दीपक जलाना चाहिए। दूसरे दिन खरना के बाद तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है,वहीं छठ पर्व के चौथे और आखिरी दिन (मंगल को) उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाएगा।

## अफगानिस्तान के बीच तुर्किये में 9 घंटे बैठक चली बाद में...

# पाकिस्तान ने दी धमकी-फिर छिड़ सकती है जंग

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के लिए एक संयुक्त मॉनिटरिंग सिस्टम बनाने के लिए तुर्किये के इस्तांबुल में दूसरे दौर की बातचीत की। हालांकि पाकिस्तान अभी भी गीदड़भभकी देने से बाज नहीं आ रहा है और उसने कहा है कि अगर बातचीत विफल रहती है तो अभी युद्ध का विकल्प खुला है। दोनों देशों के बीच इस महीने की शुरुआत में सीमा पर झड़पें हुईं थी, जिसमें दर्जनों सैनिक और आम नागरिक और कथित आतंकवादी मारे गए थे। 19 अक्टूबर को दोनों पक्षों के बीच कतर के दोहा में बैठक हुई, जिसमें अस्थायी शांति बहाली पर सहमति बनी। तुर्किये ने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता की।



### संयुक्त निगरानी तंत्र बनाने पर सहमति

दोहा में हुए समझौते के अनुसार, पाकिस्तान और अफगान तालिबान के बीच दूसरे दौर की बातचीत शनिवार को तुर्किये के इस्तांबुल में हुई। पाकिस्तान की तरफ से दिए गए आधिकारिक बयान के अनुसार, बातचीत में सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को रोकने और व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए एक संयुक्त निगरानी तंत्र स्थापित करने पर चर्चा हुई। साथ ही दोनों देशों के बीच लंबे समय तक राजनीतिक समझ बनाने पर भी विचार किया गया। पाकिस्तान की तरफ से अफगान तालिबान को एक व्यापक आतंकवाद रोधी योजना सौंपी गई है।

### अफगानिस्तान को गीधड़भभकी

*पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक बयान में धमकी दी है कि अगर अफगान तालिबान के साथ बातचीत विफल रहती है तो युद्ध का विकल्प खुला है। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पिछले चार-पांच दिनों से सीमा पर शांति है, और दोहा में पहले दौर की बातचीत के दौरान दोनों देशों के बीच जिन बिंदुओं पर सहमति जताई गई थी, उनमें से 80 प्रतिशत बिंदुओं को लागू किया जा रहा है। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि पाकिस्तान द्वारा चार दशकों से अधिक समय तक अफगानों की मेजबानी करने के बावजूद अफगानों ने पाकिस्तान में आतंकवाद का समर्थन किया।*

## दोनों देशों ने राष्ट्रपति ट्रंप को दिया धन्यवाद

# थाईलैंड-कंबोडिया ने सीजफायर समझौता किया

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

थाईलैंड और कंबोडिया के नेताओं ने रविवार को दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संघ (आसियान) शिखर सम्मेलन के दौरान एक विस्तारित सीजफायर समझौते पर हस्ताक्षर किए। ये समझौता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उपस्थिति में हुआ। जिन्होंने जुलाई में दोनों देशों के बीच पांच दिनों तक चले घातक सीमा संघर्ष को रोकने के लिए हस्तक्षेप किया था। ट्रंप के आगमन के तुरंत बाद हस्ताक्षरित इस समझौते ने क्षेत्रीय शांति की उम्मीदें जगाई हैं। शांति समझौते के बाद थाई पीएम और कंबोडियाई पीएम ने ट्रंप का आभार जताया। ये विस्तारित सीजफायर समझौता तीन महीने पहले हुई एक संधि पर आधारित है।



### जल्द रिहा होंगे युद्धबंदी

उन्होंने वादा किया कि हथियारों को तुरंत हटाने और युद्धबंदियों (पीओडब्ल्यू) को मुक्त करने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। फुमथम ने आगे कहा, यदि इस घोषणा का पूर्ण कार्यान्वयन हो गया तो ये स्थायी शांति के निर्माण खंड प्रदान करेगा। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेत ने भी ट्रंप, चीन सरकार और मलेशिया की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये समझौता भरोसे को पुनर्निर्माण करने और आगे बढ़ने का वक्त है।

### जुलाई में हुआ था संघर्ष

*दरअसल, जुलाई में थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर भड़के संघर्ष ने दर्जनों लोगों की जान चली गई थी और लाखों लोग बेघर हो गए थे। ये विवाद फ्रांसीसी उपनिवेशवाद काल से चली आ रही सीमा विवाद पर आधारित था, जिसमें प्रीहविहार मंदिर क्षेत्र शामिल है। संघर्ष के तीसरे दिन ट्रंप ने दोनों देशों के तत्कालीन नेताओं से फोन पर बातचीत की और संघर्ष खत्म करने की अपील की। चेतावनी दी कि यदि युद्ध नहीं रुका तो वाशिंगटन के साथ उनके ट्रेड वार्ताओं को रोक दिया जाएगा।*

### मैं हर महीने रुकवाता हूं युद्धः ट्रंप

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर को 'बेहतरीन लोग' बताया है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका जल्द ही पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष को सुलझा देगा। ट्रंप ने यह भी कहा कि उन्हें शांति समझौते कराने में खुशी मिलती है और उन्होंने अपने दूसरे कार्यकाल में कई संघर्षों को रोका है। मैं हर महीने जंग रुकवाता हूं,उन्होंने पाकिस्तान-अफगान संघर्ष को जल्द सुलझाने की बात कही।*

## खबर संक्षेप

### दो दिन की यात्रा पर सेशेल्स रवाना हुए उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन दो दिन की यात्रा पर



सेशेल्स रवाना हो गए हैं। वे सेशेल्स के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। इस दौरान वे डॉ. हर्मिनी को भारत की ओर से शुभकामनाएँ देंगे और दोनों देशों के बीच घनिष्ठ और दीर्घकालिक संबंधों की पुष्टि करेंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि सेशेल्स भारत के विज़न 'महासागर' के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण साझेदार है।

### बस्तर में 21 नक्सलियों ने हथियारों संग किया सरेंडर

**बस्तर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में आज 21 नक्सलियों ने लाल आतंक का



साथ छोड़ मुख्यधारा में लौट आए। हथियारों संग सरेंडर करने वाले नक्सलियों में 4 डीवीसीएम ,9 एसीएम और 8 पार्टी सदस्य शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वालों में 13 महिला कैडर और 8 पुरुष कैडर हैं। केशकाल डिवीजन (नॉर्थ सब जोनल ब्यूरो) की कुएमारी/किस्कोडो एरिया कमेटी के कुल 21 लोगों ने आज शासन के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

## मलेशिया में आसियान सम्मेलन का पहला दिन

# भारत की कई देशों ने जमकर की सराहना बताया- विशेष संबंधों वाला 'साझेदार' देश

**2026 को आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष घोषित किया**

### ◆ मलेशिया ने भारत को व्यापार निवेश, तकनीक में सहयोगी माना

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में चल रहे 47वें आसियान शिखर सम्मेलन में भारत को लेकर दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों ने सराहना की है। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने भारत को 'विशेष संबंध' वाला साझेदार बताया। उन्होंने कहा, मलेशिया का भारत के साथ हमेशा विशेष रिश्ता रहा है। प्रधानमंत्री मोदी आसियान और मेरे व्यक्तिगत मित्र हैं। इब्राहिम ने द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत बनाने और जन-से-जन संपर्क बढ़ाने पर बल दिया।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इब्राहिम से मुलाकात में मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं और द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की। मलेशिया ने भारत को व्यापार, निवेश, तकनीक, शिक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा में महत्वपूर्ण साझेदार माना। आसियान महासचिव डॉ. काओ किम हौरन ने व्यापक सामरिक साझेदारी (सीएसपी) की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी अर्थपूर्ण, ठोस और पारस्परिक लाभकारी है।




### आसियान में भारत को बताया पर्यटन का केंद्र

2025 को आसियान-भारत पर्यटन वर्ष घोषित करने के बाद, सतत पर्यटन पर संयुक्त नेताओं का बयान अपनाया गया। पर्यटन को आर्थिक विकास और लोगों के बीच संपर्क का महत्वपूर्ण माध्यम बताया गया। 2026 को 'आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष' घोषित किया गया, जिसमें समुद्री सुरक्षा, मानवीय सहायता और ब्लू इकोनॉमी पर काम होगा। यह संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (यूएनसीएलओएस) के अनुरूप होगा। सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, चीनी प्रीमियर ली कियांग, जापानी पीएम ताकाइची सनाए और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग जैसे नेता शामिल हैं।

### मलेशिया में रेड कार्पेट पर नाचे ट्रंप

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आसियान शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए मलेशिया के कुआलालंपुर पहुंच गए हैं। एयरपोर्ट पर पहुंचते ही उनका जोरदार स्वागत हुआ। विमान से उतरते ही ट्रंप ने जमकर ठुमका लगाया। ट्रंप के ठुमके को देख हर कोई हैरान रह गया। ट्रंप के मलेशिया दूर वाला यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिस पर यूजर तरह तरह की प्रतिक्रियां दे रहे हैं।*



### अमेरिका और वियतनाम में व्यापार समझौते पर सहमति

*अमेरिका और वियतनाम ने आपसी व्यापार को बढ़ावा देने के लिए एक समझौते पर सहमति जताई है। इस समझौते का मकसद दोनों देशों के व्यापार को न्यायसंगत और संतुलित बनाना है। समझौते के तहत दोनों देशों के निर्यातकों को एक-दूसरे के बाजार में आसानी से प्रवेश करने का अवसर मिलेगा। इससे व्यापार बढ़ने और आर्थिक संबंध मजबूत होने की उम्मीद है। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस व्यापार समझौते की और जानकारी जल्द ही साझा की जाएगी।*

### भारत-आसियान व्यापार 130 अरब डॉलर पर पहुंचा

भारत-आसियान व्यापार 2024 में 130 अरब डॉलर से अधिक पहुंचा है। सम्मेलन में डिजिटल इकोनॉमी, हरित ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला पर फोकस रहा। आसियान ने भारत को इंडो-पैसिफिक में संतुलनकारी शक्ति माना। अनवर इब्राहिम ने कहा, भारत-आसियान संवाद स्थिरता और समृद्धि का बल है। यह सम्मेलन 'समावेशिता और सततता' थीम पर आधारित है।

## एंटी-टैरिफ विज्ञापन पर भड़के राष्ट्रपति

# ट्रंप ने गुस्से में कनाडा पर लगाया 10 फीसदी टैरिफ




एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका और कनाडा के बीच ट्रेड वॉर तेज होता जा रहा है। इस घमासान को कनाडा के टैरिफ विज्ञापन ने और तूल दे दिया, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा के साथ सभी व्यापार वार्ताओं को खत्म करने की घोषणा की। वहीं अब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के बयान वाले विवादित टैरिफ विज्ञापन को नहीं हटाने पर आगबबूला हुए ट्रंप ने 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ की घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कनाडा के टैरिफ-विरोधी विज्ञापन को लेकर गुस्से में हैं। इस बीच ट्रंप ने कनाडा पर विवादित विज्ञापन जल्दी ना हटाने पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त आयात कर लगाने का एलान किया है।

■ आपत्ति के बाद पर चलता रहा विज्ञापन

### व्यापार वार्ता कर दी समाप्त

*कनाडा के विज्ञापन में पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के शब्दों का इस्तेमाल अमेरिकी टैरिफ की आलोचना करने के लिए किया गया था, जिससे ट्रंप नाराज हो गए और कनाडा के साथ व्यापार वार्ता समाप्त कर दी। कई कनाडाई उत्पादों पर पहले से ही 35% टैरिफ लागू है, जबकि स्टील और एल्युमीनियम पर 50% टैरिफ है, और ऊर्जा उत्पादों पर केवल 10% टैरिफ लागू है। ट्रंप ने यह स्पष्ट नहीं किया कि अतिरिक्त 10% टैरिफ किन उत्पादों या क्षेत्रों पर लागू होगा।*

### विज्ञापन के प्रसार से भड़के ट्रंप

हालांकि ओंटारियो के प्रीमियर डग फोर्ड ने कहा कि वह सप्ताहांत के बाद इस विज्ञापन को हटा देंगे। इस बीच यह विज्ञापन शुक्रवार रात वर्ल्ड सीरीज के पहले मैच के दौरान चलाया गया। ट्रंप ने एयर फोर्स वन से मलयेशिया जाते समय अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा, उनका विज्ञापन तुरंत हटाया जाना था, लेकिन उन्होंने इसे बीती रात वर्ल्ड सीरीज के दौरान चलने दिया, यह जानते हुए भी कि यह एक धोखाधड़ी है।

## सभी डंकी रूट से गए, किसी ने जमीन बेची, किसी ने लिया था कर्ज

# अमेरिका से 50 युवकों को डिपोर्ट कर भेजा भारत, हाथ में हथकड़ी और पैरों में थीं बेड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

यह सभी डंकी रूट से अमेरिका गए थे। इनमें सबसे ज्यादा कैथल जिले के 14 युवक हैं। इससे पहले फरवरी 2025 में कैथल के 12 युवक अमेरिका से डिपोर्ट होकर आए थे। तीन नवंबर को भी अमेरिका से एक जहाज आएगा। जो युवक डिपोर्ट होकर आए हैं उनके पास सामान का एक-एक बैग ही था। इनको अमेरिका के कैंपों में रखा गया था। ज्यादातर युवक पनामा के जंगलों, निकारो, ग्वाटेमाला से होते हुए अमेरिका पहुंचे थे। कुछ युवक ऐसे



थे जो पहले छोटे देशों में गए और वहां से डंकी के रास्ते अमेरिका गए थे। युवकों ने डंकी से अमेरिका जाने के लिए 50 से 70 लाख रुपए खर्च किए थे। किसी ने जमीन बेची तो किसी ने लोन पर पैसे लिए थे। कैथल लौटे नरेश कुमार ने बताया कि गांव की अपनी करीब एक एकड़ जमीन बेच कर 42 लाख रुपए पर और बकाया पैसे ब्याज पर उठाए थे।

### डेढ़ साल से अमेरिका में रह रहे थे

*पुलिस ने करीब एक बजे सभी लोगों से अपराधिक व अन्य रिकॉर्ड संबंधित जानकारी एकत्रित कर परिजनों को सौंप दिया। ये सभी युवा डंकी रूट से अमेरिका गए थे। इनमें से लगभग लोग डेढ़ साल से अमेरिका में रह रहे थे। इन युवाओं को वीजा नियमों के उल्लंघन और अवैध प्रवास के कारण जेल में भी बंद किया हुआ था।*

## अगले हफ्ते दिल्ली में होगी बैठक

# ब्रिटेन ने भारत की ई-कोर्ट्स परियोजना में दिखाई दिलचस्पी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की महत्वाकांक्षी ई-कोर्ट्स परियोजना अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ध्यान खींच रही है।

ब्रिटेन ने इस प्रोजेक्ट में खास रुचि दिखाई है और इसी को लेकर ब्रिटेन का एक प्रतिनिधिमंडल 6 नवंबर को नई दिल्ली पहुंचेगा। यह टीम केंद्रीय कानून मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और सुप्रीम कोर्ट की ई-कमेटी के सदस्यों से मुलाकात करेगी। ई-कोर्ट्स प्रोजेक्ट का मकसद देश की अदालतों को पूरी तरह डिजिटल बनाना है।

इसके तहत केस फाइलिंग, रिकॉर्ड मैनेजमेंट, सुनवाई, आदेश और फैसले-सब कुछ ऑनलाइन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह प्रोजेक्ट फिलहाल तीसरे चरण में चल रहा है।

ब्रिटेन प्रतिनिधिमंडल का यह दौरा न्यायिक क्षेत्र में तकनीकी सहयोग को बढ़ाने का एक अवसर माना जा रहा है।

## चीन ने बना ली दुनिया की सबसे फास्ट बुलेट ट्रेन

**2026 में आधिकारिक लॉन्चिंग की तैयारी**

# टूटे सारे रिकॉर्ड, 450 किमी प्रति घंटे की टॉप रफ्तार से चलेगी ट्रेन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाईस्पीड ट्रेनों के मामले में वैसे तो चीन का कोई जवाब नहीं है। लेकिन चीन है कि अपना ही रिकॉर्ड तोड़ने में लगा रहता है। चीन में जल्द ही सीआर 450 बुलेट ट्रेन लॉन्च होने वाली है। इस बुलेट ट्रेन की टॉप स्पीड 450 किमी प्रति घंटा है और यह दुनिया की सबसे तेज चलने वाली ट्रेन है।

सीआर 450 बुलेट ट्रेन का अभी प्री-सर्विस ट्रायल चल रहा है और जल्द ही इसे कॉमर्शियल इस्तेमाल के लिए चीन की पटरियों पर उतार दिया जाएगा। सीआर450 के प्रोटोटाइप को



नवंबर 2024 में पेश किया गया था। इसे 0 से 350 किमी प्रति घंटे की स्पीड तक पहुंचने में महज 4 मिनट 40 सेकंड लगते है, जो मौजूदा सीआर 400 ट्रेन से एक मिनट कम समय है। चीन के शंघाई-चोंगकिंग-चेंगदू रेल लाइन पर सीआर450 ने ट्रायल के दौरान 450 किमी प्रति घंटे की टॉप स्पीड हासिल की थी।

### 6 लाख किमी की टेस्टिंग हुई पूरी

जिसके बाद यह दुनिया की सबसे तेज रफ्तार वाली बुलेट ट्रेन बन गई है। सीआर450 ने अब तक 6 लाख किलोमीटर की ऑपरेशनल टेस्टिंग पूरी कर ली है। सीआर450 के डिजाइन में बंद बोगियां और लोअर स्कर्ट पैनल को शामिल किया गया है, जो एयर ड्रैग को 22 फीसदी कम करते हैं। इसका नोज कोन भी 15 मीटर लंबा है, जो पिछले मॉडलों के मुकाबले 2.5 मीटर अधिक है। इससे ट्रेन का एयरोडायनमिक पेनीट्रेशन बढ़ाता है।

## 90 प्रतिनिधि होंगे शामिल

# भारत करेगा एशिया-प्रशांत दुर्घटना जांच समूह की बैठक की मेजबानी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत पहली बार एशिया प्रशांत दुर्घटना जांच समूह की बैठक और कार्यशाला की मेजबानी करेगा। 28 अक्टूबर से शुरू होने वाली चार दिवसीय बैठक में लगभग 90 विमान दुर्घटना जांचकर्ताओं के भाग लेने की उम्मीद है। बैठक में विमान दुर्घटना जांच के विभिन्न पहलुओं, प्रक्रियाओं और रिपोर्टिंग पर चर्चा की जाएगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने रविवार को बताया कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो 31 अक्टूबर तक होने वाली एशिया प्रशांत दुर्घटना जांच समूह (एपीएसी-एआईजी) बैठक की अध्यक्षता करेगा।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। मंत्रालय के मुताबिक प्रतिवर्ष होने वाली एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीएसी-एआईजी) की बैठक में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के आईसीएओ सदस्य देश विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ भाग लेते हैं।

## ट्राई से अंतिम प्राइसिंग गाइडलाइंस मिलते गति पकड़ेगी प्रक्रिया

**भारत में बन रहे 10 सैटेलाइट गेटवे, लॉन्च से पहले मंजूरी का इंतजार**

# भारत में लॉन्च से पहले स्टारलिंक ने शुरू किए सिक्योरिटी ट्रायल,मिलेगी सैटेलाइट नेट सेवा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एलन मस्क की स्पेसएक्स के स्वामित्व वाली स्टारलिंक ने भारत में अपनी सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सर्विस लॉन्च से पहले सुरक्षा परीक्षण शुरू कर दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह प्रक्रिया भारत में विदेशी और घरेलू दोनों तरह के टेलीकॉम ऑपरेटरों के लिए आवश्यक सुरक्षा मंजूरी का हिस्सा है। हालांकि स्टारलिंक को अभी टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया से अंतिम प्राइसिंग गाइडलाइंस का इंतजार है।

> एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक ने भारत में अपनी सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस शुरू करने से पहले सिक्योरिटी ट्रायल्स शुरू कर दिए हैं। यह कदम कंपनी के भारत में वाणिज्यिक लॉन्च से पहले के अंतिम चरणों में से एक माना जा रहा है।




### ग्रामीण अंचलों में भी नेट की सुविधा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने के बाद भारत का सैटेलाइट कम्युनिकेशन सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है। सरकार चाहती है कि सैटेलाइट नेटवर्क उन इलाकों में इंटरनेट पहुंचाए, जहां फाइबर या मोबाइल नेटवर्क की पहुंच सीमित है। रिपोर्ट के मुताबिक, स्पेसएक्स भारत में कम से कम 10 सैटेलाइट गेटवे स्थापित कर रही है, जो इसके प्रतिद्वंद्वियों रिलायंस जियो स्पेस फाइबर और वनवेब से तीन गुना ज्यादा हैं।

### बढ़ जाएगी इंटरनेट की स्पीड

*कंपनी का मानना है कि उसकी लो-अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट तकनीक भारत के उन लाखों लोगों तक इंटरनेट पहुंचा सकती है, जिन्हें अब तक भरोसेमंद हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड नहीं मिल पाया है, खासकर ग्रामीण इलाकों में। स्टारलिंक को उम्मीद है कि एलन मस्क के नाम और तकनीकी प्रतिष्ठा का फायदा उठाकर वह भारत के शहरी और टेक-सेवी उपभोक्ताओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो जाएगी, जो बेहतर और तेज इंटरनेट के लिए प्रीमियम भुगतान करने को तैयार हैं।*

### निर्देशों के बाद अगले साल मिलेंगी सेवाएं

अगर ट्राई इस साल के अंत तक सैटेलाइट सर्विस की कीमतों को लेकर दिशा-निर्देश जारी कर देता है, तो कंपनी 2026 की शुरुआत तक भारतीय उपभोक्ताओं को इंटरनेट सेवा देना शुरू कर सकती है। मुंबई में कंपनी पहले ही तीन ग्राउंड स्टेशन बना चुकी है, जो स्टारलिंक का भारत में प्रमुख संचालन केंद्र होगा। जल्द ही अधिकारियों द्वारा इन साइटों का निरीक्षण भी शुरू किया जाएगा। इस साल की शुरुआत में भारत के नियामकों ने स्टारलिंक को सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवा शुरू करने की मंजूरी दी थी और उसे विशेष फ्रीक्वेंसी बैंड्स भी आवंटित किए गए। यह अनुमति अमेरिकी कंपनी के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है, क्योंकि वह लंबे समय से भारत जैसे विशाल इंटरनेट मार्केट में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रही थी। स्टारलिंक की भारत में एंट्री से स्पेसएक्स को चीन से बाहर किए जाने की कमी पूरी करने में मदद मिलेगी, जहां विदेशी टेलीकॉम ऑपरेटरों को अब भी प्रवेश की अनुमति नहीं है।



# करण की फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे भुवन बाम

**मुंबई।** यूट्यूबर से अभिनेता बने भुवन बाम अब ओटीटी के बाद अब बॉलीवुड में अपने बड़े डेब्यू को तैयार हैं। पिछले कुछ वक्त से ऐसी खबरें आ रही थीं कि भुवन बाम करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। अब खुद भुवन बाम ने ये कंफर्म कर दिया है और अपने इस बिग डेब्यू पर खुशी भी जताई है। भुवन ने इसे अपने लिए सपना सच होने जैसा बताया है। भुवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर धर्मा के साथ साइन किए गए आर्टिस्ट एग्रीमेंट की एक तस्वीर शेयर की और अपने सपने के सच होने पर अपनी खुशी जाहिर की। अपने कैप्शन में उन्होंने सभी से बड़े सपने देखने का आग्रह किया।

लाइफ Style



# उर्वशी

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला नैनीताल और अल्मोड़ा में अपने होमस्टेट का आनंद लेती दिखीं। उन्होंने नैनी झील में बोटिंग की, पहाड़ी व्यंजन चखे और जागेश्वर धाम, गोल्ज्यू मंदिर व कैंची धाम आश्रम में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान फैंस ने उनके साथ सेल्फी और ऑटोग्राफ भी लिए. उर्वशी ने अपनी आने वाली फिल्मों और साउथ प्रोजेक्ट्स की अपडेट भी साझा की।

## जागेश्वर धाम मंदिर में रुद्राभिषेक कर लिया आशीर्वाद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

31 साल की बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला इन दिनों उत्तराखंड की खूबसूरती का आनंद ले रही हैं। रविवार को उर्वशी ने न सिर्फ नैनी झील में बोटिंग का लुत्फ उठाया, बल्कि पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन का स्वाद भी चखा। इससे पहले उर्वशी अल्मोड़ा के प्रसिद्ध जागेश्वर धाम मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए और रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद लिया। उर्वशी रौतेला अल्मोड़ा के चितई गोल्ज्यू मंदिर और कैंची धाम आश्रम भी गईं। यहां उर्वशी ने नीम करौरी बाबा के दर्शन किए। इस दौरान उर्वशी ने नैनीझील में वोटिंग का लुफ्त उठाया। उर्वशी को देखने के लिए नैनीझील पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने उर्वशी रौतेला के साथ फोटो भी खींचवाई. इतना ही नहीं, उर्वशी के फैंस उनका ऑटोग्राफ भी लिया। उर्वशी ने अपने फैंस से बातचीत की और बच्चों के साथ समय बिताया, जिससे माहौल और भी उत्साही बन गया। बता दें, उर्वशी का पहाड़ों से हमेशा लगाव रहा है इस लिए वो आकर यहां आती रहती है। उन्होंने कहा कि नैनीताल का शांत वातावरण और मौसम उन्हें बेहद पसंद है। उन्होंने इसे अपना 'नौनिहाल' बताते हुए बचपन की यादों से जोड़कर अपनी भावनाएं साझा कीं।

## हॉलीवुड मसाला



# शादी के बाद रिलीज किया पहला गाना

**लॉस एंजिल्स।** गायिका और अभिनेत्री सेलेना गोमेज ने एक बार फिर अपने फैंस के लिए एक नया वीडियो पेश किया है। गोमेज ने शादी के बाद इस हफ्ते की शुरुआत में 'इन द डार्क' नाम के नए गाने को रिलीज किया है। उन्होंने इसका वीडियो भी जारी किया है। यह गाना 'नोबडी वांट्स दिस सीजन 2: द साउंडट्रैक' का हिस्सा है, जिसमें क्रिस स्टेपलटन, केसी मुसग्रेव्स और फिननेस जैसे कलाकार भी शामिल हैं। ल्यूक ऑरलैंडो द्वारा निर्देशित इस वीडियो में, गोमेज पूरी तरह से काले रंग की पोशाक पहने हुए बड़ी, खुली जगहों से गुजरती हुई दिखाई दे रही हैं।



# भारत में चौथी बार कॉन्सर्ट करने आ रहे रैपर पिटबुल

**लॉस एंजिल्स।** अंतरराष्ट्रीय रैपर और सिंगर पिटबुल दिसंबर महीने में एक बार फिर भारतीय दर्शकों के सामने लाइव परफॉर्म करने आ रहे हैं। 'मिस्टर वर्ल्डवाइड' के नाम से मशहूर पिटबुल अपने नए टूर 'आई एम बैक' के तहत भारत के दो बड़े शहरों- गुरुग्राम और हैदराबाद में परफॉर्म करेंगे। इस म्यूजिकल टूर की शुरुआत 6 दिसंबर को गुरुग्राम के हुडा ग्राउंड से होगी, जिसके बाद 8 दिसंबर को पिटबुल हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में परफॉर्म करेंगे। पिटबुल का असली नाम आर्मांडो क्रिश्चियन पेरेज है। दुनिया भर में वह अपने हिट गानों 'टिंबर', 'होटल रूम सर्विस' और 'नो लो ट्राटेस' के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने भारत में इससे पहले 2011, 2017 और 2019 में परफॉर्म किया था और हर बार उनके कॉन्सर्ट्स में दर्शकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला था।



# पिंजर की रिलीज को पूरे हुए 22 साल

**नई दिल्ली।** उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी की साल 2003 में फिल्म पिंजर आई थी। रविवार को इस फिल्म की रिलीज को 22 साल पूरे हो चुके हैं। पिंजर बॉलीवुड की बेहतरीन और क्लासिक कल्ट फिल्मों में शामिल है। इसमें उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी ने अपने शानदार अभिनय से खूब वाहवाही लूटी थी। पिंजर को क्रिटिक्स ने खूब सराहा था। इसे काफी पसंद किया गया था। इसका निर्देशन चाणक्य जैसा कालजयी सीरियल बनाने वाले डायरेक्टर चंद्र प्रकाश द्विवेदी ने किया था। फिल्म 1947 में भारत-पाकिस्तान के बंटवारे पर आधारित थी। 22 साल पहले आई इस फिल्म में कलाकारों के अभिनय को काफी सराहा गया था. अगले साल इसने फिल्मफेयर अवॉर्ड भी जीता था। लेकिन, बॉक्स-ऑफिस पर ये मूवी औंधे मुंह गिरी थी।



# ये रोमांटिक गीत दिल को पहुंचाता है सुकून

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर हेमलता के गानों के करोड़ों लोग फैन हैं, उन्होंने भारतीय सिनेमा को कई बेहतरीन और यागदार गानों की सौगात दी है। 1978 में आए इस गाने को सिंगर हेमलता ने अपनी आवाज से सजाया था और रविंद्र जैन ने लिखा और इसे कंपोज किया था। यह गाना सचिन पिलगांवकर और रंजीता कौर पर फिल्माया गया था। गाने को उस वक्त जितना पसंद किया गया था यह आज भी उतना ही लोगों के दिलों पर राज करता है। हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है अंखियों के झरोखों से। जी हां अंखियों के झरोखों से एक ऐसा गाना है जिसे आज की जनरेशन भी उतना ही पसंद करती है। इस गाने को अब तक यूट्यूब पर 228 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह सॉन्ग आज भी कितना पॉपुलर है।

## टीवी मसाला



# सतीश को साराभाई वर्सेस साराभाई की टीम ने दी अंतिम विदाई...

**नई दिल्ली।** 25 अक्टूबर को सीनियर एक्टर सतीश शाह ने इस दुनिया को अलविदा कहा। उनके निधन की वजह किडनी फेलियर बताई गई। 26 अक्तूबर को उनका अंतिम संस्कार किया गया और उन्हें अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर उनके पॉपुलर शो 'साराभाई वर्सेस साराभाई' की लीड कास्ट भी उन्हें श्रद्धांजलि देने साथ आई और उन्हें आखिरी सैल्यूट देते हुए अपने शो का टाइटल ट्रैक 'साराभाई वर्सेज साराभाई' गाया। इस गाने को गाते हुए रुपाली गांगुली बुरी तरह इमोशनल दिखीं और गाना खत्म होने के बाद तो वो खुद को संभाल ही नहीं पाईं। वहां मौजूद हर एक शख्स की आंखें नम थीं। राजेश कुमार भी खुद को संभालने के हालात में नहीं थे। सतीश शाह के निधन के बाद जब उनसे बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे कि उन्होंने अपने पिता को खो दिया है। अनुपम खेर ने भी एक वीडियो शेयर कर सतीश के प्रति अपना प्यार और उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। अनुपम खेर ने बताया कि सतीश सेट पर हमेशा सभी को हंसाया करते थे और जनरल नॉलेज के मामले में तो कोई उनका सानी नहीं था। वह हर एक सवाल पर जवाब देते थे. शायद ही कभी ऐसा हुआ हो जब वो जवाब देने में नाकाम रहे हों। सतीश के दोस्त सचिन पिलगांवकर ने बताया कि उन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट केवल इसलिए करावाया था, क्योंकि वे अपनी जिंदगी बढ़ाना चाहते थे ताकि पत्नी मधु शाह की देखभाल कर सकें। क्योंकि, उनकी पत्नी अल्जाइमर से जूझ रही हैं।

## मृदुल की हरकत पर आगबबूला हुए सलमान

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते शनिवार-रविवार को बिग बॉस 19 में वीकएंड का वार होता है, जिसमें शो के होस्ट सलमान खान आते हैं और प्रतियोगियों की हफ्ते भर की रिपोर्ट पेश करते हैं। शनिवार को अभिनेता ने कंटेस्टेंट को जमकर फटकार लगाई, जिसमें एक्टर सबसे ज्यादा मृदुल तिवारी पर भड़के। इसके अलावा सलमान ने मृदुल की हरकतों पर कहा कि बिग बॉस के घर में किसी की जान जा सकती थी। सलमान खान ने वीकएंड का वार में मृदुल तिवारी से कहा, 'आपने जो किया वो मजाक नहीं था। आपने पहले खुद अशनूर को छेड़ा, कि वो आपको पूल में डाले। फिर आप माइक निकालकर खुद तैयार हो गए। जब अशनूर ने ये किया तो आपने बदला लेना चाहा। मैं आपके बचकाने गेम्स के बारे में बीच में नहीं बोलता। लेकिन, आपके गेम्स की वजह से ना ही सिर्फ माइक्स खराब हुए, बल्कि आपने अशनूर पर तब पानी डाला जब उनके हाथ में एक हेयर ड्रायर था।' सलमान खान ने आगे कहा, 'आपको पता नहीं है कि हेयर ड्रायर में पानी चला जाता, तो क्या हो सकता था।'



# कांतारा-2 बनी साल की सबसे कमाऊ फिल्म, 'छावा' का रिकॉर्ड तोड़ा

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी अभिनीत फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' ने अपने नाम एक और उपलब्धि दर्ज कर ली है। यह इस साल रिलीज होने वाली फिल्मों में नंबर वन की कुर्सी पर काबिज हो चुकी है। विक्की कौशल अभिनीत 'छावा' को धकेलकर 'कांतारा 2' ने यह स्थान कब्जाया है। अब तक 'छावा' इस साल की नंबर वन फिल्म थी। मगर, अब 'कांतारा चैप्टर 1' ने यह जगह छीन ली है।

***25 दिनों में किया करिश्मा :*** 'कांतारा चैप्टर 1' फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के मामले में यह फिल्म पहले नंबर पर आ गई है। प्राप्त आंकड़ों में इसने अब तक 867 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन जुटा लिया है। फिल्म ने यह कारनामा अपनी रिलीज के 25 दिन के भीतर कर दिखाया है।

***टॉप 10 की लिस्ट में चार हिंदी फिल्में***




***शामिल :*** इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 10 भारतीय फिल्मों में अब 'छावा' दूसरे नंबर पर हो गई है। वहीं, इस साल युवाओं के बीच लोकप्रियता बटोरने वाली 'सैयारा' 579.23 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के साथ तीसरे नंबर पर है। टॉप 10 की लिस्ट में सिर्फ चार हिंदी फिल्मों ने उपस्थिति दर्ज की है। इनमें- छावा, सैयारा, वॉर और सितारे जमीन पर का नाम शामिल है।

**भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जलवा कायम:** भारतीय बॉक्स ऑफिस पर भी 'कांतारा चैप्टर 1' धुआं उड़ा रही है। यह फिल्म 600 करोड़ क्लब में एंट्री लेने वाली है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक अब तक भारत में इसने 583.92 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर लिया है। यह फिल्म साल 2022 में आई ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा' का ही प्रीक्वल है।

# लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉड्‌र्स में रैपर बैड का दबदबा

**लॉस एंजिल्स।** मियामी के मंच पर इस साल लैटिन संगीत का सबसे बड़ा उत्सव देखने को मिला। साल 2025 के लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉड्‌र्स में जब विजेताओं की घोषणा हुई तो हर तरफ एक ही नाम सुनाई दे रहा था। वो नाम है- बैड बनी। जी हां, मशहूर रैपर बैड बनी ने एक ही रात में 11 अवॉड्‌र्स जीतकर यह साबित कर दिया कि लैटिन म्यूजिक की दुनिया में वो बहुत आगे निकल चुके हैं।

***बैड बनी को मिले कौन-कौन से अवॉड्‌र्स?*** : दुनियाभर में 'टीटी मे प्रेगुंतो' जैसे गानों के लिए पहचान बना चुके रैपर बैड बनी ने इस दौरान आर्टिस्ट ऑफ द ईयर, सॉन्गराइटर ऑफ द ईयर और टॉप लैटिन एल्बम जैसे बड़े खिताब अपने नाम किए। उनका हालिया एल्बम देबी तिरार मास फोटोज दर्शकों के बीच रिकॉर्ड तोड़ लोकप्रियता हासिल कर चुका है और अब अवॉड्‌र्स ने उसकी सफलता पर मुहर लगा दी है। केवल बैड बनी ही नहीं, बल्कि लैटिन म्यूजिक के दूसरे सितारे भी इस रात अपनी चमक बिखेरते नजर आए। राउ एलेजांद्रो को कई अहम श्रेणियों में फाइनलिस्ट घोषित किया गया, जिनमें आर्टिस्ट ऑफ द ईयर और टूर ऑफ द ईयर जैसी कैटेगरी शामिल थीं। वहीं, करोल जी ने भी अपने लोकप्रिय गीत 'सी आंतेस ते उबिएरा कोनोसीदो' के लिए पांच नामांकन हासिल किए और छह अवॉड्‌र्स जीतकर महिलाओं के वर्ग में इतिहास रच दिया।



## बैड ने जीत के बाद क्या कहा?

इस अवॉर्ड नाइट की खास बात यह रही कि लैटिन म्यूजिक ने न सिर्फ अपनी परंपरा बल्कि आधुनिकता का भी संगम पेश किया। मंच पर जब बैड बनी ने अपनी जीत का आभार व्यक्त किया, तो उन्होंने कहा, 'ये अवॉड्‌र्स सिर्फ मेरे नहीं हैं, ये उन सभी कलाकारों के हैं जो लैटिन संगीत को विश्व मंच पर ले जा रहे हैं।' वहीं इस दौरान करोल जी ने भी मंच से कहा कि लैटिन महिलाओं के लिए यह दौर नया इतिहास लिखने का है- जहां आवाजें सीमाओं से परे जा रही हैं।

## प्रमुख श्रेणियों के विजेताओं की सूची

| अवॉर्ड श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (न्यू) | नेटन वेगा |
| टूर ऑफ द ईयर | शकिरा |
| क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बेनी ब्लांको |
| ग्लोबल 200 लैटिन आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| ग्लोबल 200 लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | कारोल जी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (पुरुष) | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (महिला) | कारोल जी |

## शकिरा को 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड

शकिरा, जिनकी टूरिंग स्टाइल और मंच पर उपस्थिति आज भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है, उन्हें इस दौरान 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड मिला। वहीं बेनी ब्लांको को क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर का सम्मान मिला, जिन्होंने लैटिन और मुख्यधारा संगीत को आपस में जोड़ने में काफी अहम भूमिका निभाई है।

## लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक भोजपुरी इंडस्ट्री में भी छाई हुई है पूरी तरह

# साड़ी पहन अक्षरा ने किया नहाय खाय, पवन ने जोड़े हाथ

*मुंबई। भक्ति, आस्था और लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक इस बार भोजपुरी इंडस्ट्री में भी पूरी तरह छाई हुई है। जैसे ही घाटों पर छठी मैया के गीत गूंजे, वैसे ही सोशल मीडिया पर भोजपुरी सितारों के वीडियो और तस्वीरें वायरल होने लगे। पवन सिंह, अक्षरा सिंह, आम्रपाली दुबे, दिनेश लाल यादव निरहुआ और काजल राघवानी जैसे कलाकार इस बार भी अपने-अपने अंदाज में भक्ति की छटा बिखेरते दिखे।*

## गानों से बढ़ाई श्रद्धा की मिठास

भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह हर साल की तरह इस बार भी छठ महापर्व पर अपने नए गीतों के साथ हाजिर हुए। उन्होंने दो गाने रिलीज किए- 'घाट चले मोदी-नीतीश' और 'कौन कलमवां से लिखलवा करमवां'। गाने रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गए। पवन सिंह ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'जय छठी मइया, सब पर कृपा बनाकर रखना।' उनके गीतों की लोकप्रियता इतनी है कि हर घाट पर अब उनके सुर गूंज रहे हैं। भक्ति और लोकधुन का यह संगम उनके फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं।

## साझा किया नहाय खाय का वीडियो

भोजपुरी की लोकप्रिय अदाकारा अक्षरा सिंह ने एक बार फिर अपनी सादगी और श्रद्धा से लोगों का दिल जीत लिया। इस बार वह छठ पूजा में पारंपरिक साड़ी, मांग में सिंदूर और माथे पर बिंदी लगाए दुल्हन की तरह सजीं। अक्षरा ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए लिखा- नहाय-खाय छठ पूजा की आध्यात्मिक यात्रा की पहली सीढ़ी है। इस दिन व्रती मां छठी और सूर्य देव से आशीर्वाद मांगती हैं कि आने वाले चार दिनों तक वे नियम, भक्ति और शुद्धता बनाए रखें। यह आस्था का वह क्षण है जहाँ हर व्रती अपने जीवन की नकारात्मकता को पीछे छोड़, नवऊर्जा के साथ नई शुरुआत करती है।



## आम्रपाली और निरहुआ का इमोशनल वीडियो

इस बार छठ पर्व पर रिलीज हुआ आम्रपाली दुबे और दिनेश लाल यादव निरहुआ का म्यूजिक वीडियो सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है। रिलीज के कुछ ही घंटों में इसे 2 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। वीडियो में आम्रपाली एक गर्भवती महिला की भूमिका में नजर आती हैं, जो अपने बच्चे की सलामती के लिए छठी मैया से प्रार्थना करती है। गाने की कहानी, भावनाएं और लोकधुन दर्शकों को रुला देने वाली है। यही वजह है कि लोग इसे 'साल का सबसे भावनात्मक छठ गीत' कह रहे हैं।

## काजल राघवानी ने बताया छठ का अर्थ

भोजपुरी इंडस्ट्री की एक और चर्चित एक्ट्रेस काजल राघवानी ने इस बार अपने सोशल मीडिया वीडियो में छठ के महत्व को बड़ी खूबसूरती से समझाया। उन्होंने कहा कि, "छठ मेरे लिए सिर्फ त्योहार नहीं, बल्कि एक भावनात्मक रिश्ता है जो मुझे मेरी मिट्टी, मेरे बचपन और मेरी मां से जोड़ता है।" उनके इस वीडियो को फैंस ने दिल से अपनाया और खूब शेयर किया।

## भोजपुरी इंडस्ट्री में छठ का उत्सव

हर साल की तरह इस बार भी भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री छठ की भक्ति में रंगी हुई नजर आई। सितारों ने अपने-अपने अंदाज में छठी मइया के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कहीं घाटों पर लोकगीत गूंजे तो कहीं सोशल मीडिया पर गीतों और तस्वीरों का मेला लगा। भोजपुरी कलाकारों का यह जोश और भक्ति भाव बताता है कि ये त्योहार केवल धार्मिक नहीं, बल्कि भावनाओं और संस्कृति का उत्सव है।

# बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भारत की बेटियों का शानदार प्रदर्शन, शाइना और दीक्षा ने जीता गोल्ड

एजेंसी ⏭ चेंगदू

शाइना मणिमुथु और दीक्षा सुधाकर ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते, जिससे भारत बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप में अपना अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहा। अंडर-15 बालिका एकल फाइनल में शाइना ने जापान की चिहारू तोमिता को 21-14, 22-20 से हराया, जबकि दीक्षा ने हमवतन लक्ष्य राजेश को 21-16, 21-9 से हराकर अंडर-17 बालिका एकल का खिताब जीता। इस तरह से भारतीय दल ने दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदकों के साथ महाद्वीपीय स्पर्धा का समापन किया, जो चैंपियनशिप में उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

- अंडर-15 बालिका एकल फाइनल में शाइना ने जापान की तोमिता को से हराया



### शाइना अंडर-15 वर्ग का खिताब जीतने वाली चौथी भारतीय

भारत ने पिछली बार 2013 में दो स्वर्ण पदक जीते थे। तब सिरिल वर्मा ने अंडर-15 लड़कों का एकल खिताब और चिराग शेट्टी और एमआर अर्जुन ने अंडर-17 लड़कों का युगल खिताब जीता था। शाइना अंडर-15 वर्ग का खिताब जीतने वाली चौथी भारतीय महिला एकल खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने पहले गेम में तोमिता पर दबदबा बनाया और फिर दूसरे गेम में जापान की खिलाड़ी की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए मैच 44 मिनट में जीत लिया।




### अंडर-17 खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं दीक्षा

दीक्षा 27 मिनट तक चले फाइनल में अपना दबदबा कायम रखते हुए अंडर-17 खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला एकल खिलाड़ी बनीं। जगशेर सिंह खंगगुरा तथा जंगजीत सिंह काजला और जननिका रमेश की मिश्रित युगल जोड़ी ने शनिवार को कांस्य पदक जीता था।

## खबर संक्षेप



### पोलो कप में भारत का दबदबा, अर्जेन्टीना को हराया

**नई दिल्ली।** मेजबान भारत ने जयपुर पोलो ग्राउंड में कोग्नीवेरा अंतरराष्ट्रीय पोलो कप में अर्जेन्टीना को करीबी मुकाबले में 10-9 से हरा दिया। भारत के लिए जयपुर के सवाई पद्मनाभ सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया। इस करीबी मुकाबले में अंतरराष्ट्रीय पोलो मैच का जुनून, ताकत और साझेदारी सब कुछ देखने को मिला। भारतीय कप्तान सिमरन सिंह शेरगिल ने कहा, 'अर्जेन्टीना के खिलाफ जीतना हमारे लिए शानदार लम्हा है। सभी खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और प्रशंसकों की ऊर्जा ने हमें और अधिक उत्साहित किया। यह भारतीय पोलो के लिए गौरव का दिन है।'

### भुल्लर ने हासिल किया साल का पहला शीर्ष स्थान



**मनीला।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने 20 लाख अमेरिकी डॉलर पुरस्कार राशि के इंटरनेशनल सीरीज फिलीपींस टूर में अंतिम दिन तीन अंडर 69 का स्कोर बनाते हुए शीर्ष 10 में जगह बनाई। भुल्लर (67-69-67-69) इस पूरे हफ्ते शीर्ष 10 में बने रहे। उन्होंने सभी चार दौर में 70 से कम का स्कोर बनाया, जिससे उनका कुल स्कोर 16 अंडर रहा। वह संयुक्त सातवें स्थान पर रहे जो 2025 में इंटरनेशनल सीरीज में उनका पहला शीर्ष 10 स्थान रहा। यह इस साल भारत के बाहर उनका पहला शीर्ष 10 स्थान भी था। अन्य भारतीयों में करणदीप कोचर (72) नौ अंडर के साथ संयुक्त 36वें स्थान पर रहे जबकि अजितेश संधू (69) आठ अंडर के साथ संयुक्त 40वें स्थान पर रहे। एसएसपी चौरसिया और रेहान थॉमस कट से चूक गए थे। इस सत्र में छह इंटरनेशनल सीरीज में भुल्लर ने सभी छह टूर्नामेंट में कट हासिल किया।

### एशिया रग्बी एमिरेट्स के सेमीफाइनल में भारत



**मस्कट।** भारतीय पुरुष रग्बी टीम ने एशिया रग्बी एमिरेट्स सेवंस ट्रॉफी के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने तीनों मैच जीत कर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारत ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में लेबनान को 14-10 से हराया। इसके बाद उसने अफगानिस्तान पर 26-5 से जीत दर्ज करके अपनी लय बरकरार रखी और क्वार्टर फाइनल में ईरान पर 21-7 से शानदार जीत हासिल की। तीन मैचों में तीन जीत के साथ भारत आसानी से सेमीफाइनल में पहुंच गया, जहां उसका मुकाबला सऊदी अरब से होगा। भारत अगर सेमीफाइनल में सऊदी अरब को हरा देता है तो वह न केवल फाइनल में जगह बनाएगा बल्कि पहली बार एशिया रग्बी सेवंस सीरीज के डिवीजन एक में भी पहुंच जाएगा।

### करुण की सात साल बाद हुई थी वापसी, इंग्लैंड दौरे पर रहे फ्लॉप

# रणजी ट्रॉफी: टीम इंडिया से निकाले जाने के बाद नायर ने मचाया कोहराम, ठोका 25वां फर्स्ट क्लास शतक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय टेस्ट टीम से बाहर किए गए करुण नायर ने रणजी ट्रॉफी में कर्नाटक के लिए गोवा के खिलाफ शतक ठोक दिया है। यह उनके फर्स्ट क्लास करियर का 25वां शतक हैं। नायर ने उस समय टीम को संभाला, जब कर्नाटक ने 65 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में नायर क्रीज पर जम गए और टीम को मुश्किल परिस्थिति से बाहर निकाला। वह पहले दिन 86 रन पर नॉटआउट थे। दूसरे दिन पहले सेशन में उन्होंने अपना शतक पूरा किया। कर्नाटक के स्कोर को 8 विकेट पर 336 रन तक पहुंचा दिया। करुण नायर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा थे। करीब सात साल बाद उनकी भारतीय टीम में वापसी हुई थी, मगर इंग्लैंड दौरे पर वह फ्लॉप रहे। वह सिर्फ एक फिफ्टी लगा पाए, जिसका खामियाजा उन्हें उठाना पड़ा।

### असम और सर्विसेज का मैच सिर्फ 90 ओवरों में खत्म

तिनसुकिया में रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर का मैच असम और सर्विसेज के बीच खेला गया। इस मैच में केवल 90 ओवर, 32 विकेट, दो हैट-ट्रिक, और 359 रन देखने को मिले। यह रणजी ट्रॉफी के इतिहास का सबसे कम गेंदों (540 गेंद) में खत्म होने वाला मैच बन गया। इससे पहले 1961-62 सीजन में दिल्ली और रेलवे के बीच 547 गेंदों में मैच खत्म हुआ था, जिसमें 221 रन बने थे। हालांकि, समय के हिसाब से रणजी ट्रॉफी का सबसे छोटा मैच 4 नवंबर 1934 को मद्रास और मैसूर के बीच खेला गया था। वह मैच सिर्फ 100.5 ओवर में पहले ही दिन खत्म हो गया था।



### वत्स ने फिर चमक बिखेरी, हरियाणा को दिलाई जीत

*रोहतक में बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर पार्थ वत्स ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट चटकाए और हरियाणा को ग्रुप सी रणजी ट्रॉफी मैच में त्रिपुरा पर नौ विकेट से शानदार जीत दिलाई। इक्कीस साल के इस ऑलराउंडर ने लगातार दूसरी बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब जीता। इस बार उन्होंने आठ विकेट लिए, जिससे त्रिपुरा की टीम दूसरी पारी में महज 47 रन पर ढेर हो गई। इससे मेजबान टीम को जीत के लिए 16 रन का आसान लक्ष्य मिला। हरियाणा ने 4.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया और अब उसके दो मैचों में 12 अंक हैं। पहली पारी में 14 रन देकर तीन विकेट लेने वाले वत्स ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पहली बार पांच विकेट लिए। उन्होंने दूसरी पारी में 14 रन देकर पांच विकेट झटके।*

### तिनसुकिया मैदान पर 21वीं सदी का दूसरा रणजी ट्रॉफी

तिनसुकिया मैदान पर यह 21वीं सदी का दूसरा रणजी ट्रॉफी मैच था। पहले दिन 25 विकेट गिरे। असम की बल्लेबाजी पूरी तरह ढह गई। पहले दिन वो सिर्फ 17.2 ओवरों में 103 रन पर ढेर हो गए। इसके जवाब में सर्विसेज की टीम 108 रन पर ढेर हो गई। फिर दूसरी पारी में असम की टीम 29.3 ओवर में 75 रन पर सिमट गई। इसके बाद सर्विसेज ने 13.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर आठ विकेट से शानदार जीत दर्ज की।

### एक पारी में दो हैट्रिक बना इतिहास

पहले दिन सर्विसेज के गेंदबाजों ने असम के कप्तान रियान पराग के बल्लेबाजी के फैसले को गलत साबित कर दिया। सर्विसेज के बाएं हाथ के स्पिनर अर्जुन शर्मा ने रियान पराग, सुमित घडीगांवकर, और सिबसांकर रॉय को आउट कर सीजन की पहली हैट-ट्रिक ली। इसके बाद उनके साथी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहित जंग्रा ने दूसरी हैट्रिक ली। जंग्रा ने प्राद्युन सैकिया, मुक्तार हुसैन, और भार्गव लखर को आउट किया। अर्जुन ने भी 5 विकेट (5/46) लेकर अपनी छाप छोड़ी। यह रणजी ट्रॉफी के इतिहास में पहली बार हुआ कि एक ही पारी में दो गेंदबाजों ने हैट्रिक ली।

### क्लच शतरंज चैंपियंस

## ग्रैंड मास्टर गुकेश के सामने होगी कड़ी चुनौती



एजेंसी ⏭ सेंट लुई

विश्व चैंपियन डी. गुकेश को शुरू हो रहे 412000 डॉलर इनामी क्लच शतरंज चैंपियन मुकाबले में अब तक की सबसे कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। यूरोपियन क्लब कप में अपनी टीम सुपर चेस को शानदार जीत दिलाने के बाद इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए अमेरिका पहुंचने वाले गुकेश को अगर जीत हासिल करनी है तो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा क्योंकि विश्व रैंकिंग में पहले तीन स्थान पर काबिज खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में अपनी चुनौती पेश करेंगे। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन का ब्रेक हाल ही में पिता बनने के बाद समाप्त हो गया है और वह खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। उनके अलावा अमेरिका के हिकारु नाकामुरा और फैबियानो कारूआना जैसे दमदार खिलाड़ी भी 18 गेम तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में चैंपियन बनने के दावेदारों में शामिल हैं।

- कार्लसन, नाकामुरा और कारुआना प्रतियोगिता में चैंपियन बनने के प्रबल दावेदारों में शामिल

### विजेता को मिलेगी 1,20, 000 अमेरिकी डॉलर की धनराशि

एक पखवाड़े के भीतर क्लच शतरंज के दूसरे टूर्नामेंट में बड़ी पुरस्कार राशि दांव पर लगी है। इसके विजेता को 1,20,000 अमेरिकी डॉलर की धनराशि मिलेगी। दूसरा पुरस्कार 90,000 अमेरिकी डॉलर है, जबकि तीसरा और चौथा पुरस्कार क्रमशः 70,000 अमेरिकी डॉलर और 60,000 अमेरिकी डॉलर है। इसके अलावा प्रत्येक राउंड में प्रत्येक जीत पर 72,000 अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त राशि दांव पर लगी है।

## बेलिंडा बनीं पैन पैसिफिक ओपन की चैंपियन, जीता कॅरियर का 10वां खिताब

एजेंसी ⏭ टोकियो

स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनसिच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए डब्ल्यूटीए पैन पैसिफिक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में लिंडा नोस्कोवा को 6-2, 6-3 से हराकर अपने करियर का 10वां खिताब जीता।



बेनसिच ने इससे पहले इस टूर्नामेंट में 10 साल पहले भाग लिया था। उन्होंने फाइनल में चेक गणराज्य की अपनी प्रतिद्वंद्वी पर दबदबा बनाए रखा। बेनसिच ने नोस्कोवा की सर्विस को तीन बार तोड़ते हुए एक घंटे 22 मिनट में आसान जीत हासिल की। टोकियो से स्विस खिलाड़ी की सुखद यादें जुड़ी हैं। उन्होंने चार साल पहले टोकियो में ओलंपिक महिला एकल में स्वर्ण पदक और युगल में रजत पदक जीता था। मैच के बाद बेनसिच ने कहा, 'आप लोगों के सामने खेलना शानदार रहा। पिछली बार मैंने यहां जब टोकियो ओलंपिक में जीत हासिल की थी, तब स्टेडियम खाली था, इसलिए माहौल बिल्कुल अलग था, लेकिन आप लोगों के सामने खेलना बहुत अच्छा लगा। मुझे जापान में खेलना बहुत पसंद है, इसलिए मैं यह टूर्नामेंट जीतकर बहुत खुश हूं।'

**महिला विश्व कप**
न्यूजीलैंड की टीम 38.2 ओवर में 168 रन पर आउट

## न्यूजीलैंड की वर्ल्ड कप और सोफी की हार के साथ विदाई, 8 विकेट से जीता इंग्लैंड

एजेंसी ⏭ विशाखापत्तनम

इंग्लैंड ने स्पिनरों के कमाल और एमी जोन्स की शानदार पारी की मदद से महिला विश्व कप के मुकाबले में न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हराकर स्टार ऑलराउंडर सोफी डिवाइन की विदाई को यादगार नहीं बनने दिया। न्यूजीलैंड की कप्तान डिवाइन ने अपने अंतिम वनडे मैच में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उनके बल्लेबाज अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे और उसकी पूरी टीम 38.2 ओवर में 168 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड ने दो विकेट पर 172 रन बनाकर 124 गेंद शेष रहते हुए आसानी से जीत हासिल की। जोन्स ने 92 गेंद पर नाबाद 86 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और एक छक्का शामिल है। उन्होंने टैमी ब्यूमोंट (40) के साथ पहले विकेट के लिए 75 रन और हीथर नाइट (33) के साथ दूसरे विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी की।




**न्यूजीलैंड सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर:** इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुका था, जहां उसका सामना 29 अक्टूबर को गुवाहाटी में तीसरे नंबर की टीम दक्षिण अफ्रीका से होगा। दूसरा सेमीफाइनल इसके एक दिन बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच नवी मुंबई में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड की टीम पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी थी लेकिन उम्मीद की जा रही थी कि वह इस मैच में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी कप्तान डिवाइन को जीत के साथ विदाई देगी, जिन्होंने पहले ही घोषणा कर दी थी कि यह वनडे क्रिकेट में उनका आखिरी मैच होगा।

### न्यूजीलैंड की जॉर्जिया रोमांचक पारी में जड़े 7 चौके

पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत एक बार फिर अच्छी नहीं रही और अनुभवी सलामी बल्लेबाज सूजी बेट्स ने अपना खराब प्रदर्शन जारी रखा तथा फुलटॉस गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठीं। इसके बाद 20 वर्षीय जॉर्जिया प्लिमर ने 57 गेंदों पर 43 रन की रोमांचक पारी में सात चौके लगाए और दूसरे विकेट के लिए अमेलिया केर के साथ 82 गेंदों पर 68 रन जोड़े। लेकिन इंग्लैंड ने जोरदार वापसी की और एलिस कैप्सी ने अमेलिया केर को पवेलियन की राह दिखा दी, जिन्होंने 43 गेंद पर 35 रन बनाए, जिसमें पांच चौके शामिल हैं।

## लिवरपूल का निराशाजनक प्रदर्शन, लगातार चौथी हार



एजेंसी ⏭ मैनचेस्टर

मौजूदा चैंपियन लिवरपूल का इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन जारी है और लगातार चौथी हार से खिताब बचाने की उसकी उम्मीदों को करारा झटका लगा है। लिवरपूल के लिए कुछ भी अच्छा नहीं चल रहा है और ब्रेंटफोर्ड से 3-2 की हार से वह अंक तालिका में छठे स्थान पर खिसक गया है। मैनचेस्टर युनाइटेड ने इस सत्र में अभी तक बेहतर प्रदर्शन किया है। उसने ब्राइटन के खिलाफ 4-2 से जीत दर्ज की, जिससे वह चौथे स्थान पर पहुंच गया है।

### वनडे सीरीज में न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया

# ब्रुक ने लगाए 11 छक्के, खेली 135 रन की तूफानी पारी

एजेंसी ⏭ माउंट मानगानुई

हैरी ब्रुक ने 135 रन की अपनी असाधारण कप्तानी पारी में 11 छक्के लगाए, लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में रविवार को 4 विकेट से हार गई। इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 35.2 ओवर में 223 रन पर आउट हो गई। उसके केवल दो बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे। न्यूजीलैंड ने छह विकेट पर 224 रन बनाकर 80 गेंद शेष रहते हुए जीत हासिल की। ब्रुक ने अपनी शतकीय पारी में 11 छक्कों के अलावा नौ चौके भी लगाए।

- ब्रुक के शतक के बावजूद न्यूजीलैंड से हारा इंग्लैंड




### न्यूजीलैंड की शुरुआत रही खराब

न्यूजीलैंड की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसका स्कोर तीन विकेट पर 24 रन हो गया। आउट होने वाले बल्लेबाजों में केन विलियमसन भी शामिल थे, जो सात महीने में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे थे लेकिन खाता खोलने में भी नाकाम रहे। इसके बाद डेरिल मिचेल और माइकल ब्रेसवेल ने पांचवें विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की। ब्रेसवेल ने 51 रन बनाए। मिचेल ने 78 रन बनाकर नाबाद रहते हुए न्यूजीलैंड को जीत दिलाई।

### न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर हावी हुए हैरी

इससे पहले ब्रुक उस समय क्रीज पर आए जब इंग्लैंड का स्कोर दूसरे ओवर में दो विकेट पर चार रन था। इसके बाद जल्द ही उसका स्कोर छह विकेट पर 56 रन हो गया। इंग्लैंड के कप्तान ने हालांकि एक छोर संभाल कर रखा और वनडे में अपना दूसरा शतक लगाया। यह एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनका सर्वोच्च स्कोर भी है। ब्रुक ने 11 छक्कों के अलावा नौ चौके भी लगाए और धीरे-धीरे न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर हावी हो गए, जिन्होंने इंग्लैंड के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया था।

### ब्रुक के वनडे क्रिकेट में 1000 रन पूरे

ब्रुक ने जेमी ओवरटन (46) के साथ छठे विकेट के लिए 87 और ल्यूक वुड (नाबाद पांच) के साथ आखिरी विकेट के लिए 57 रन जोड़े। उन्होंने इंग्लैंड के कुल स्कोर में 60 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया और अपनी पारी के दौरान वनडे क्रिकेट में 1000 रन पूरे किए। न्यूजीलैंड की तरफ से जाकरी फाकस ने चार, जैकब टफी ने तीन और मैट हेनरी ने दो विकेट लिए।




चौथी साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# रांची में चमके मप्र के अर्जुन 1500 मीटर दौड़ में जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रांची में 24 से 26 अक्टूबर तक आयोजित चौथी साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी, भोपाल के प्रतिभाशाली धावक अर्जुन वास्कले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3:54.58 सेकंड के समय के साथ 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता।

अर्जुन ने शुरू से ही अपनी रफ्तार बनाए रखी और फिनिश लाइन पार करते हुए भारतीय दल के लिए गोल्ड मेडल सुनिश्चित किया। यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।




## प्रतियोगिता के परिणाम

1500 मीटर दौड़ में शुरुआत से ही जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। ट्रैक पर भारत, श्रीलंका, नेपाल और भूटान के धावकों के बीच कड़ी टक्कर रही। जैसे-जैसे दौड़ अपने अंतिम चरण में पहुंची, मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी, भोपाल के अर्जुन वास्कले ने अपनी गति बढ़ाई और शानदार अंदाज में 3 मिनट 54.58 सेकंड के समय के साथ सबसे पहले फिनिश लाइन पार की, भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। उनके पीछे श्रीलंका के गल्लागे रुसीरु चथ ने 3:55.12 सेकंड में रजत पदक हासिल किया, जबकि उनके ही साथी रोजिदीन मोहामथु ने 3:55.95 सेकंड में कांस्य पदक अपने नाम किया। इस रोमांचक मुकाबले में अर्जुन की रणनीतिक रफ्तार और अंतिम लैप में दिखाई गई दमदार स्प्रिंट ने दर्शकों और निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### इन खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**स्वर्ण पदक:** अर्जुन वास्कले (भारत) - 3:54.58 सेकंड
**रजत पदक:** गल्लागे रुसीरु चथ (श्रीलंका) - 3:55.12 सेकंड
**कांस्य पदक:** रोजिदीन मोहामथु (श्रीलंका) - 3:55.95 सेकंड

**खेल मंत्री सारंग ने दी बधाई**

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने अर्जुन वास्कले को स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि अर्जुन ने अपने समर्पण और मेहनत से यह साबित किया है कि मध्यप्रदेश की नई पीढ़ी के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। उनका यह प्रदर्शन प्रदेश के सभी युवा खिलाड़ियों के लिए

## समरदीप ने शॉट पुट में जीता स्वर्ण पदक



भोपाल। रांची में 24 से 26 अक्टूबर तक आयोजित चौथी साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी, भोपाल के स्टार शॉट पुटर समरदीप सिंह गिल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 19.59 मीटर के उत्कृष्ट थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। समरदीप ने इस प्रतियोगिता में भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए देश को स्वर्ण पदक दिलाकर न केवल भारत का, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया है। उनकी यह उपलब्धि उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

'स्वस्थ रहो, आगे बढ़ो'...केएससी वैलनेस सेंटर की 2वीं वर्षगांठ

# 7 साल से 80 साल तक के 400 लोगों ने लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फिटनेस को लेकर लोगों में जोश और जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक शानदार पहल देखने को मिली। नीलबड़ स्थित केएससी वैलनेस सेंटर ने अपने 2 वर्ष पूर्ण होने पर एक रोमांचक 5 किलोमीटर मैराथन का आयोजन किया, जिसमें 7 साल से लेकर 80 साल तक के 400 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

सुबह की ताजगी, जोश से भरी भीड़ और 'फिट रहने' का जज्बा इस आयोजन को खास बना गया। मैराथन की शुरुआत वैलनेस सेंटर, नीलबड़ से हुई और यह हरि नगर, मेंडोरी होते हुए वापस सेंटर पर समाप्त हुई। आयोजन के दौरान सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।



## फिट रहना ही आज की सबसे बड़ी जरूरत: चौहान



सेंटर के संचालक कौशलेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि इस मैराथन का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना और शरीर को स्वस्थ एवं मजबूत बनाए रखना है। आज के समय में लोगों के पास समय का बहुत अभाव है, जिससे उनकी दिनचर्या बिगड़ गई है। नई-नई बीमारियां जन्म ले चुकी हैं, इसलिए हर व्यक्ति को प्रतिदिन कुछ समय निकालकर व्यायाम, दौड़ना या थोड़ी दूर पैदल चलना चाहिए। इससे शरीर फिट रहेगा और बीमारियों से बचाव होगा।

## खेलो इंडिया-फिट इंडिया के संदेश को बढ़ाएं और हर युवा को खेलों से जोड़ें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेलो इंडिया-फिट इंडिया के संदेश को बढ़ाएं और हर युवा को खेलों से जोड़ें। यह बात नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने 69वें स्कूल स्टेट गेम्स-2025 के शुभारंभ अवसर पर कही। इसके पूर्व उन्होंने राजधानी के टीटी नगर स्टेडियम में 69 वें स्कूल स्टेट गेम्स-2025 का मुख्य अतिथि के रूप मे दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने प्रारंभिक दौर के विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी, खेल प्रशंसक एवं प्रदेश भर से आए खिलाड़ी मौजूद थे।

▶ निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने किया 69वें स्कूल स्टेट गेम्स का शुभारंभ

## भोपाल

### खबर संक्षेप

**जहरीले कफ सिरप मामले में छठवीं गिरफ्तारी**

**भोपाल।** श्रीसन फार्मा के मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव सतीश वर्मा को एसआईटी ने छिंदवाड़ा से हिरासत में लिया है। जहरीली कफ सिरप से बच्चों की मौत के मामले में यह एसआईटी के अधिकारी जितेंद्र सिंह जाट ने लंबी जांच के बाद श्रीसन फार्मा कंपनी में कई वर्षों से कार्यरत एमआर सतीश वर्मा को उनके निवास कूकड़ा जगत, छिंदवाड़ा से गिरफ्तार किया। उसे पूछताछ के लिए परासिया ले जाया गया है।

**मैदान में शराब पिलाने पर दो दुकान संचालकों पर जुर्माना**

**भोपाल।** निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने खुले में शराब पिलाने और गंदगी फैलाने पर एकतापुरी में एक वाइन शॉप संचालक पर दस हजार रुपए का जुर्माना किया। उक्त राशि स्पॉट फाइन के रूप में वसूल की गई। कम्पोजिट देशी एवं विदेशी शराब दुकान सेमरा के संचालक से भी दस हजार रुपए की राशि जुर्माने के रूप में वसूल की गई।

सीएम डॉ. मोहन ने जबलपुर में संभागीय बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा- कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करें और नशे के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संभाग में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के सभी आवश्यक उपाय और नशे के खिलाफ अभियान चलाकर सख्ती से कार्रवाई करें। जो व्यक्ति बार-बार अपराध करता है, उस पर सख्त निर्णय लें। बदमाशों को सूचीबद्ध कर उन पर निगरानी रखें। मादक पदार्थों को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जबलपुर और नरसिंहपुर की तरह अन्य जिले भी अभियान चलाकर कार्रवाई करें। पुलिस अधीक्षक अपने जिले में नियंत्रण रखें, सिवनी जैसी शर्मनाक घटनाएं कहीं न हो।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को जबलपुर में जिला एवं पुलिस प्रशासन सहित संभागीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यलमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए मरीजों को सरकारी अस्पताल में ले जाना सुनिश्चित करें, कुछ ड्राइवर प्राइवेट अस्पताल की ओर रुख करते हैं, अतः उन पर निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि जन सहयोग के उदाहरण प्रस्तुत करें, अच्छे समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लें, गांवों में रात्रि विश्राम करें। हाईवे पर स्थित ढाबों में अवैध मदिरा विक्रय पर कार्रवाई करें। यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी सिविल आचरण के विरूद्ध कुछ न हो।

**खास बातें**

- बदमाशों को सूचीबद्ध कर उन पर निगरानी रखें: मुख्यमंत्री डॉ. यादव




### डॉ. मोहन ने कलेक्टरों से से कहा, जनसुनवाई में स्वयं बैठें

मुख्ययमंत्री डॉ. यादव ने सभी कलेक्टर्स से कहा कि जनसुनवाई में वे स्वयं बैठें और आवेदनों का निराकरण करें। साहसिक एवं रोजगार आधारित गतिविधियों को बढ़ावा दें। उद्योग रोजगार वर्ष में समग्र रूप से औद्योगिक विकास की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत का हिस्सा है, अतः सामाजिक समरसता का आयोजन हो और विकास की बातें करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल, 1 नवम्बर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस और 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुंडा जयंती है। ऐसे अवसरों पर आयोजित कार्यक्रमों में विकास परक गतिविधियां आयोजित हों।

### मुख्यमंत्री ने मंत्री, सांसदों एवं विधायकों से किया संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के संकल्प को पूरा करने के लिए अपने-अपने क्षेत्र में स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने का आह्वानजनप्रतिनिधियों से किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को जबलपुर के होटल कल्चुरी में संभाग के सभी सांसद एवं विधायकों के साथ आयोजित संवाद के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

# अभा मेड़तवाल वैश्य समाज का दीपावली मिलन समारोह भव्य कलश यात्रा के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अभा मेडतवाल वैश्य समाज भोपाल के गुफा मंदिर प्रांगण में दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया, जिसका शुभारंभ समाज के अध्यक्ष जेपी गुप्ता व कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ वरिष्ठों ने कुल देवी मां फलोदी की विधि विधान से पूजा कर किया।

इस अवसर भव्य कलश यात्रा भी निकाली गई, जिसमें समाज के महिला-पुरुषों ने भागीदारी की। समाज की एकता, परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों का यह सुंदर संगम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत बना। आयोजन में समाज की कार्यकारिणी ने विषयों पर चर्चा भी की। देर शाम कुल देवी मां फलोदी की आरती के साथ समारोह का समापन हुआ।



रानी कमलापति स्टेशन पर बन रहा आईओएच शेड, दिसंबर तक तैयार होगा

# नए साल से रेलवे कोचों की मरम्मत होगी और अधिक आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर नया आईओएच (इंटीग्रल ओवर हॉलिंग) शेड का निर्माण 85 प्रतिशत हो चुका है। उम्मीद है कि यह दिसंबर के अंत तक बनकर तैयार हो जाएगा। इस शेड के बन जाने के बाद रेलवे की यात्रा और भी सुरक्षित होने जा रही है।

इस शेड के बन जाने से न केवल रेलवे कोचों का रखरखाव बेहतर होगा बल्कि यात्रियों को भी सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। आपको बता दें कि आईओएच शेड में ट्रेनों के कोच की सभी तरह की मरम्मत हो सकेगी, फिर चाहे वह व्हील से जुड़ी समस्या हो या फिर किसी और प्रकार की। आईओएच शेड बनने से बीना से लेकर भोपाल और भोपाल से लेकर नर्मदापुरम के बीच में यदि किसी ट्रेन के कोच में कोई तकनीकी खराबी आती है, तो उसे तुरंत ठीक किया जा सकेगा।

## आरकेएमपी में बन रहे शेड की खासियतें व लागत



### कम समय में पूरा हो सकेगा मरम्मत का काम

आरकेएमपी पर बन रहे नए आईओएच शेड का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि यहां किसी भी कोच की मरम्मत कम समय पूरी हो जाएगी। रेलवे अधिकारियों का दावा है कि एक दिन में कोच को यहां से ठीक कर वापस कर दिया जाएगा। इससे वह कोच जिस ट्रेन का है, वह ट्रेन रैक के अभाव में निरस्त नहीं होगी।

### समय पर कोच मेंटेनेंस से बढ़ेंगी सुविधाएं

शेड बन जाने से कई लाभ होंगे। एक ओर कोचों का मेंटेनेंस समय पर हो सकेगा, वहीं दूसरी ओर यात्रियों का सफर भी अधिक सुरक्षित और आरामदायक होगा।

नवल अग्रवाल, पीआरओ
भोपाल रेल मंडल

### शेड के निर्माण पर करीब 10 करोड़ 90 लाख रुपए की लागत आ रही

- साइज: शेड का आकार 50 गुणा 15 स्क्वायर मीटर है। कब होगा तैयार: यह शेड साल 2026 में शुरू करने की योजना है।
- क्षमता: इस शेड में हर दिन दो कोचों की मरम्मत की जा सकेगी। इनमें एलएचबी और आईसीएफ दोनों प्रकार के कोच शामिल हैं।
- सुविधाएं: यहां ऑटोमेटिक क्रेन की सुविधा भी होगी। जिससे कोच को उठाकर ट्रेक पर रखा व उतारा जा सकेगा।
- एलएचबी और आइसीएफ दोनों कोच का मेंटेनेंस होगा
- यह शेड इसलिए खास है क्योंकि यह पूरी तरह से आधुनिक तकनीक से लैस होगा। यहां आटोमेटिक क्रेन की सुविधा होने से कोचों को उठाने और रखने का काम आसान हो जाएगा। इसके अलावा, यहां एलएचबी और आइसीएफ दोनों तरह के कोचों का मेंटेनेंस किया जा सकेगा। इससे रेलवे कोचों की उपलब्धता बढ़ेगी और यात्रियों को बेहतर सेवा मिल सकेगी।

# 'ओबीसी, एससी, एसटी वर्ग को सशक्त बनाए बिना देश का विकास संभव नहीं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपना दल (एस) मध्य प्रदेश इकाई द्वारा 'ओबीसी/एससी/एसटी वर्ग को सशक्त बनाना' विषय पर चतुर्थ ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस सत्र में उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के कई वरिष्ठ नेताओं ने प्रशिक्षक के रूप में भाग लिया।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मप्र प्रभारी आरबी सिंह पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण सत्र में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं वरिष्ठ नेता सूर्यभान सिंह, राष्ट्रीय सचिव कालका प्रसाद, राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच डॉ. अखिलेश पटेल, मध्य प्रदेश के वरिष्ठ नेता मान सिंह बिसेन, देवेंद्र प्रताप सिंह तथा मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग मंत्रालय के पूर्व ज्यूरी सदस्य मोहन नरवरिया मुख्य प्रशिक्षक के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर पटेल ने कहा कि ओबीसी, एससी और एसटी समाज को संगठित और सशक्त किए बिना भारत का समग्र विकास संभव नहीं है। बता दें कि यह पार्टी का चौथा ऑनलाइन सत्र रहा, जिसमें सैकड़ों की संख्या में मध्य प्रदेश के कार्यकर्ता शामिल हुए। पार्टी मध्य प्रदेश में लगातार विस्तार कर रही है, जिसे आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

▶ अपना दल (एस) का चतुर्थ ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र आयोजित




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930